CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, सोमवार 24 फरवरी 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 197 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ फाल्गुन पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2081 25 शाबान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



## इजरायल ने फलस्तीनी बंदियों की रिहाई रोकी

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



## न्यूजीलैंड दबदबा कायम रखने व बांग्लादेश वापसी के लिए उतरेगा

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर



# चैंपियंस ट्रॉफी: भारत ने पाकिस्तान को 6 विकेट से हराया, कोहली का 51वां शतक



**दुबई।** भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे मैच में पाकिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ टीम ने 2017 के चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में मिली 180 रन की हार का हिसाब बराबर कर दिया। दुबई में रविवार को पाकिस्तान ने 241 रन बनाए।

भारत ने 42.3 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। भारत से विराट कोहली ने नाबाद 100, श्रेयस अय्यर ने 56 और शुभमन गिल ने 46 रन बनाए। कुलदीप यादव को 3 और हार्दिक पंड्या को 2 विकेट मिले। पाकिस्तान से सऊद शकील ने 62 और मोहम्मद रिजवान ने 46 रन -शेष पृष्ठ दो पर

- इंटरनेशनल क्रिकेट में तीसरे टॉप स्कोरर
- वनडे में सबसे ज्यादा 158 कैच पकड़ने वाले भारतीय भी बने कोहली

### पाकिस्तान की हार के दो कारण

**धीमी बैटिंग-** पावरप्ले में 2 विकेट गंवाने के बाद पाकिस्तान ने मिडिल ओवर्स में बेहद धीमे बैटिंग की। मोहम्मद रिजवान और सऊद शकील ने 144 गेंद पर 104 रन की पार्टनरशिप की। टीम 11 से 40 ओवर के बीच 180 गेंद पर 131 रन ही बना सकी।

**स्पिनर्स की कमी-** पाकिस्तान ने प्लेइंग-11 में एक ही फुल टाइम स्पिनर अबरार अहमद को मौका दिया। जिन्होंने 10 ओवर में 28 रन देकर 1 विकेट लिया। बाकी स्पिनर्स उनका साथ नहीं दे सके। टीम ने स्क्वाड में लेग स्पिन ऑलराउंडर शादाब खान को

## टैपेंटाडोल और कैरीसोप्रोडोल के उत्पादन पर रोक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने विवादास्पद टैपेंटाडोल और कैरीसोप्रोडोल से संबंधित औषधियों के उत्पादन पर तत्काल रोक लगा दी है। मंत्रालय ने रविवार देर शाम यहां बताया कि टैपेंटाडोल और कैरीसोप्रोडोल युक्त गैर-अनुमोदित संयोजन दवाओं के संबंध में तुरंत कार्रवाई की गई है। इनका उत्पादन रोक दिया गया है। संबंधित दवा संयोजनों के लिए गतिविधि और उत्पादन रोकने का आदेश जारी किया गया है। मंत्रालय ने भारतीय दवा निर्माता मेसर्स एवियो फार्मास्यूटिकल्स, मुंबई द्वारा पश्चिम अफ्रीका के कुछ देशों को टैपेंटाडोल और कैरीसोप्रोडोल युक्त गैर-अनुमोदित संयोजन दवाओं के निर्यात रोकने का प्रस्ताव किया है।

## भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में नीत नई उंचाईयों को छू रहा: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले महीने देश भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के सौवें रॉकेट लांच का साक्ष्य बना है, जो केवल एक नंबर नहीं है, बल्कि अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में नीत नई उंचाईयों को छूने के हमारे संकल्प का पता चलता है। श्री मोदी ने अपने 'मन की बात' मासिक कार्यक्रम में कहा कि पिछले महीने देश इसरो के सौवें रॉकेट लॉन्च का साक्ष्य बना है, जो केवल एक नंबर नहीं है, बल्कि स्पेस विज्ञान के क्षेत्र में नीत नई उंचाईयों को छूने के हमारे संकल्प का भी पता चलता है।

## पांच साल से जेल में बंद रेप के आरोपी को जमानत

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने पॉक्सो एक्ट के तहत 5 साल से जेल में बंद 24 साल के आरोपी को जमानत दे दी। कोर्ट ने कहा कि लड़की के साथ जो हुआ उसे इसकी पूरी समझ थी। वह अपनी मर्जी से आरोपी के पास गई थी। जस्टिस मिलिंद जाधव की बेंच ने कहा कि मामला भले ही पॉक्सो एक्ट के तहत था और पीड़िता नाबालिग थी, लेकिन लड़की अपने माता-पिता को बताए बिना घर छोड़कर आरोपी के साथ चार दिनों तक रही। मामले के फैक्ट्स को देखने से समझ आ रहा था कि उसे इस बात की पूरी जानकारी थी कि वो क्या कर रही है, उसने अपनी मर्जी से आरोपी के साथ चार दिन बिताए थे। बॉम्बे हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान बेंच को पुलिस रिपोर्ट और लड़की के बाद में दिए गए बयानों में अंतर दिखा, जिसमें मेडिकल जांच के दौरान भी बदलाव था।

## अहमदाबाद में 8 व 9 अप्रैल को होगा कांग्रेस अधिवेशन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस का अधिवेशन आगामी 8 और 9 अप्रैल को गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित होगा, जिसमें देशभर से आए कांग्रेस के प्रतिनिधि पार्टी की समक्ष मौजूद विभिन्न चुनौतियों पर विचार-विमर्श करेंगे। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी का यह दो दिन का अधिवेशन होगा।

# केंद्र एडवोकेट अमेंडमेंट बिल में बदलाव को तैयार

## कानून मंत्री मेघवाल बोले हर मुद्दे की अच्छी तरह करेंगे जांच

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** एडवोकेट अमेंडमेंट बिल 2025 को लेकर देशभर में वकीलों के विरोध के बाद केंद्र सरकार ने बिल में बदलाव करने का फैसला किया है। कानून मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि सरकार ने वकीलों की आपत्तियों के मद्देनजर बिल में बदलाव का फैसला लिया है।

कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने आश्वासन दिया कि बिल को अंतिम रूप देने से पहले सरकार सभी मुद्दों की अच्छी तरह से जांच करेगी और जरूरी कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसा कोई प्रावधान नहीं करेगी, जिससे कानूनी पेशे की आजादी और गरिमा कमजोर हो। केंद्र सरकार 1961 के एडवोकेट एक्ट में बदलाव करने के लिए अमेंडमेंट बिल लाने की तैयारी में है। लोगों के सुझाव के लिए बिल का फाइनल ड्राफ्ट सामने आने पर देशभर के वकील बिल के विरोध में आ गए थे। बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) समेत देश के अधिकांश बार काउंसिल ने केंद्र सरकार से बिल वापस लेने की मांग की थी। ऐसा न करने पर देशभर में हड़ताल की बात कही थी। दरअसल बिल की धारा 35ए वकील या वकीलों के संगठन को कोर्ट का बहिष्कार करने, हड़ताल करने या वर्क सस्पेंड करने से रोकती है। इसका उल्लंघन वकालत के पेशे का मिसकंडक्ट माना जाएगा और इसके लिए अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकेगी। जबकि मौजूदा व्यवस्था: हड़ताल करने पर रोक नहीं, प्रोफेशनल मिसकंडक्ट माना जाता है। वहीं प्रोफेशनल मिसकंडक्ट की वजह से किसी का नुकसान होता है, तो बिल की धारा 45बी के तहत प्रोफेशनल मिसकंडक्ट के कारण वकील के खिलाफ कार्रवाई के लिए बीसीआई में शिकायत दर्ज कराई जा सकेगी। अभी तक अपने मुवक्किल को धोखा देना ही प्रोफेशनल मिसकंडक्ट माना जाता है। इसकी शिकायत बीसीआई से होती है। नए बिल में कानूनी व्यवसाई (धारा 2) की परिभाषा व्यापक बनेगी। इसमें कोर्ट में वकालत की प्रैक्टिस के साथ ही कॉर्पोरेट वकीलों, इन-हाउस परामर्शदाताओं, वैधानिक निकायों और विदेशी कानूनी फर्मों में कानूनी काम में लगे लोगों को भी कानूनी व्यवसाई माना -शेष पृष्ठ दो पर

**विरोध में थे बीसीआई समेत अधिकतर राज्यों के वकील**

**सरकार ऐसा कोई प्रावधान नहीं करेगी जिससे कानूनी पेशे की आजादी और गरिमा कमजोर हो**



### फैसले का बार काउंसिल ने किया स्वागत

**नई दिल्ली।** बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने सरकार द्वारा एडवोकेट एमेंडमेंट विधेयक पर पुनर्विचार करने के निर्णय का स्वागत किया है, जबकि सरकार के निर्णय के बाद दिल्ली के सभी जिला न्यायालय बार एसोसिएशनों की समन्वय समिति द्वारा हड़ताल वापस ले ली गई है। बता दें कि बार एसोसिएशन ने अधिवक्ता संशोधन विधेयक, 2025 के विरोध में सोमवार को हड़ताल का ऐलान किया था। बता दें कि केंद्रीय विधि मंत्रालय के विधि मामलों के विभाग की ओर से 13 फरवरी को सार्वजनिक परामर्श और आम लोगों के लिए सुझाव के लिए मसौदा विधेयक पेश किया था, लेकिन मसौदा के सार्वजनिक होने के बाद इसका देश भर में विरोध शुरू हो गया था। इस बावत केंद्रीय कानून मंत्री को बार काउंसिल की ओर से पत्र भी दिया गया था।

**दिल्ली के सभी जिला न्यायालय बार एसोसिएशन की समन्वय समिति द्वारा हड़ताल वापस ली**

# भारत में अमेरिकी फंड से चल रहे सात प्रोजेक्ट: वित्त मंत्रालय का खुलासा

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दावों के बीच नए तथ्य सामने आए हैं।

जहां ट्रम्प भारत में वोटर टर्नआउट के नाम पर 182 करोड़ रुपये देने के बयानों को दोहरा रहे हैं, वहीं भारत में यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएड) से अभी 7 प्रोजेक्ट के लिए 840 करोड़ रुपये मिल रहे हैं, लेकिन इसमें वोटर टर्नआउट के नाम पर किसी प्रोजेक्ट में फंड नहीं मिल रहा है। विदेशी सहायता पर नजर रखने वाले वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग की ताजा वार्षिक रिपोर्ट 2023-24 में ये खुलासा हुआ है। इस बीच वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार 2008 के बाद से भारत को यूएसएड से चुनाव संबंधी किसी मदद का रिकॉर्ड नहीं है। पिछले कुछ दिनों में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कई बार भारत चुनाव में अमेरिकी फंडिंग को लेकर सवाल उठाए हैं। इसके अलावा ट्रम्प ने बांग्लादेश में भेजे गए 250 करोड़ रुपये का भी जिक्र किया था। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में राजनीतिक माहौल को मजबूत करने के लिए ये फंड एक ऐसी संस्था को भेजा गया, जिसका नाम भी किसी ने नहीं सुना।



- ट्रम्प के दावों के बीच नए तथ्य सामने आए, वोटर टर्नआउट शामिल नहीं

## श्रीलंकाई नौसेना ने 32 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

**रामनाथपुरम (तमिलनाडु)।** श्रीलंका की नौसेना ने शनिवार आधी रात को अपने क्षेत्रीय जल में कथित तौर पर अवैध शिकार करने के आरोप में 32 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया और पांच भारतीय मशीनीकृत मछली पकड़ने वाले ट्रॉलर जब्त कर लिए। मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों नेकहा कि रामेश्वरम के रहने वाले मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने उन्हें मन्नार के उत्तर में समुद्र से मछली पकड़ते समय गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि शनिवार की सुबह तमिलनाडु मत्स्य पालन विभाग से अनिवार्य टोकन प्राप्त करने के बाद मछुआरों के साथ 500 से अधिक नावें रामेश्वरम मछली पकड़ने वाली घाट से नियमित मछली पकड़ने के लिए समुद्र में रवाना हुई थीं।

# आप यह न समझें मेरे पास विकल्प नहीं: थरूर

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर पार्टी के खिलाफ बगावती तेवर दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस में हूं, लेकिन अगर पार्टी को मेरी जरूरत नहीं है, तो मेरे पास भी विकल्प मौजूद हैं।

हालांकि थरूर ने पार्टी बदलने की अफवाहों का खंडन करते हुए कहा कि भले ही विचारों में अंतर हो, लेकिन वह ऐसा नहीं मानते। केरल के तिरुवनंतपुरम से चार बार के सांसद थरूर ने हाल ही में केरल की वामपंथी विजयन सरकार की नीतियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प से मुलाकात की तारीफ की थी। उन्होंने केरल में पार्टी नेतृत्व को लेकर भी सवाल उठाए थे। इसके बाद पार्टी की केरल इकाई के मुखपत्र ने उन्हें नसीहत देते हुए लेख छापा था। थरूर ने इन विवादों पर एक मलयालम पॉडकास्ट में कहा कि उन्होंने कभी भी खुद को एक राजनेता के रूप में नहीं सोचा और न ही अपने विचार संकीर्ण रखे। उन्होंने विवादों पर मीडिया से बातचीत में रविवार को कहा कि नो कमेंट्स। भारत-पाकिस्तान के मैच का आनंद लीजिए।

- कांग्रेस के खिलाफ शशि थरूर ने अपनाए बगावती तेवर
- कहा मैं कांग्रेस के साथ, लेकिन कांग्रेस को जरूरत नहीं, तो मेरे पास भी विकल्प मौजूद हैं

# विश्व के आधे से अधिक सनातन धर्मावलंबी लगा चुके महाकुंभ में डुबकी



**महाकुंभनगर।** उप्र के सीएम योगी ने महाकुंभ नगर में पहुंचकर साधु-संतों से भेंट करने के बाद कहा कि अब तक विश्व के आधे से अधिक सनातन धर्मावलंबी स्नान कर चुके हैं, जो सनातन संस्कृति की अद्वितीय आस्था और शक्ति को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री सबसे पहले विष्णुस्वामी संप्रदाय की सतुआ बाबा पीठ पहुंचे, जहां उन्होंने महामंडलेश्वर संतोषाचार्य जी महाराज 'सतुआ बाबा' से भेंट की। इसके बाद वे श्री कांची कामकोटि पीठ के शिविर में पहुंचे और शंकराचार्य श्री शंकर विजयेन्द्र सरस्वती जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने कांची पीठ के पूर्व शंकराचार्य विजयेन्द्र सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर आरती उतारी।

- सीएम योगी ने महाकुंभ में साधु-संतों से की मुलाकात

# शत-प्रतिशत पूरा होगा महिलाओं से किया गया वादा: सीएम रेखा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को कहा कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव के दौरान महिलाओं से जो वादे किए हैं, उन्हें पूरा किया जाएगा। श्रीमती गुप्ता ने दिल्ली भाजपा के कार्यालय 14 में विधानसभा सत्र को लेकर हुई विधायक दल की बैठक के बाद संवाददाताओं से रविवार को यहां कहा कि दिल्ली को लेकर हमने जो वादे किए हैं, वे पूरे होंगे।

'आप' की पूर्ववर्ती सरकार ने हमारे लिए खाली खजाना छोड़ा है, इसके बावजूद सभी किए गए वादे पूरे होंगे। उन्होंने कहा कि सोमवार को विधानसभा का सत्र शुरू होगा। नवनिर्वाचित विधायक शपथ लेंगे और विधानसभा के अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष का चयन होगा।

- कहा 'आप' सरकार ने हमारे लिए खजाना खाली छोड़ा

### आतिशी दिल्ली विधानसभा में होंगी नेता प्रतिपक्ष

**नई दिल्ली।** 'आप' ने रविवार को ऐलान किया कि पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता होंगी। 'आप' के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष गोपाल राय ने इसकी रविवार को घोषणा की। उन्होंने कहा कि आज 'आप' के विधायक दल की बैठक हुई, जिसमें विधायकों ने सर्वसम्मति से सुश्री आतिशी को नेता प्रतिपक्ष के रूप में चुना।

# मन की बात में पीएम ने उत्तराखंड की पीठ थपथपाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** 38 वें राष्ट्रीय खेलों के भव्य और विराट आयोजन पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश से अपने 'मन की बात' कही।

उत्तराखंड की पीठ थपथपाते हुए उन्होंने कहा कि उत्तराखंड स्ट्रांग स्पोर्टिंग फोर्स के रूप में उभर रहा है। प्रधानमंत्री ने 28 जनवरी को देहरादून में 38 वें राष्ट्रीय खेलों का शुभारंभ किया था। तब उन्होंने ये उम्मीद जताई थी कि उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों का सफल आयोजन करेगा। उत्तराखंड ने न सिर्फ खेलों का भव्य आयोजन किया, बल्कि खेल मैदान में भी उसका प्रदर्शन शानदार साबित हुआ। उनके कार्यक्रम का काफी हिस्सा उत्तराखंड में हुए राष्ट्रीय खेलों पर केंद्रित रखा।



- प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तराखंड के स्ट्रांग स्पोर्टिंग फोर्स के रूप में उभरने का किया जिक्र

**मन की बात में पीएम मोदी ने कहा-**

मेरे प्यारे देशवासियों, आप में से बहुत सारे लोग ऐसे होंगे, जिन्होंने उत्तराखंड में हुए राष्ट्रीय खेलों के रोमांच का आनंद उठाया होगा। देशभर के 11,000 से अधिक एथलीट ने इसमें शानदार प्रदर्शन किया। इस आयोजन ने देवभूमि के नए स्वरूप को पेश किया। उत्तराखंड अब देश में स्ट्रॉन्ग स्पोर्टिंग फोर्स के रूप में उभर रहा है। उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। इस बार उत्तराखंड 7वें स्थान पर रहा। यही तो पावर ऑफ स्पोर्ट्स है, जो इंडिविजुअल -शेष पृष्ठ दो पर

रविवार को मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों की भव्यता और सफल आयोजन की सराहना की। यह हम सभी प्रदेशवासियों के लिए गर्व और प्रेरणा का क्षण है। देवभूमि से विशेष लगाव रखने वाले आदरणीय प्रधानमंत्री जी का समस्त प्रदेशवासियों की ओर से हृदय तल से आभार! इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और प्रदेश का नाम रोशन किया। आदरणीय प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में हमारी डबल इंजन सरकार उत्तराखंड को खेलों का हब बनाने और खिलाड़ियों के समग्र उत्थान के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से निरंतर कार्य कर रही है।

– पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री, उत्तराखंड



# बंद मकान से आभूषण चोरी

## पुलिस की कड़ी सुरक्षा के दावे फेल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** मायके गई महिला के घर में चोरों ने सोने के लाखों रुपए के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। चोरी का सिलसिला नगर में लगातार जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर में ठाकुरद्वारा रोड पर मोहल्ला हात्था में नबाब अहमद का पक्का मकान है। नवाब अहमद सऊदी में नौकरी करता है। शनिवार को उसकी पत्नी शीबा घर में अपना सामान रखने के बाद मकान बंद कर नगर में ही अपने मायके चली गई। चोर मकान के छत पर चढ़कर ग्रिल खोलकर अंदर घुस गए। बंद मकान का फायदा उठाकर चोरों ने जमकर उत्पाद मचाया और घर में रखें लाखों रुपए के सोने के आभूषण चुरा ले गए। रविवार की सुबह को महिला शीबा जब अपने घर पहुंची तो घर का नजारा देख उसके पैरों तले से जमीन खिसक गई। बताया जा रहा है कि घर में रखें 18 तोले सोने के आभूषण चोरों ने साफ कर दिए थे। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। घटना का पता चलने पर पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे एसपी पूर्वी धर्म सिंह मार्छल, सीओ सर्वम सिंह व थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। घटना का पता चलने पर नगर में सनसनी फैल गई। पुलिस अग्रिम कार्यवाही में जुट गई जबकि नगर में हुई चोरी की वारदात के बाद नगरवासियों में दहशत का माहौल है।

क्षेत्र में आए दिन होती चोरियों ने लोगों की नींद उड़ा रखी है। इस समय कांवरतियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नगर में जगह-जगह पुलिस की तैनाती है। उसके बाद भी चोरों ने पुलिस को चुनौती देते हुए इस वारदात को अंजाम दे डाला और लाखों रुपए के सोने के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस को इसकी भनक तक भी नहीं लगी।

आए दिन बढ़ती चोरी की वारदातों ने पुलिस की कार्य शैली पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है।

## प.उ.प्र. उद्योग व्यापार मंडल धामपुर इकाई चलाएगी यातायात जागरूकता अभियान

# संगठन को मजबूत बनाने के लिए विचार-विमर्श



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल (धामपुर) की मासिक बैठक में बढ़ते सड़क हादसों को देखते हुए सर्वसम्मति से शहर में व सोशल मीडिया के माध्यम से यातायात जागरूकता अभियान चलाने का फैसला लिया गया। इसी के साथ संगठन को मजबूत बनाने के लिए भी विचार-विमर्श किया गया।

नगर के रेलवे स्टेशन रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जहां पर सर्वप्रथम संगठन के युवा नगर उपाध्यक्ष राशिद हुसैन की सुपुत्री का आकस्मिक निधन हो जाने पर दो मिनट का मौन रख कर शोक व्यक्त किया और मृतक के परिवारजनों के लिए संवेदनाएं व्यक्त की, तत्पश्चात बैठक में बढ़ते सड़क हादसों को देखते हुए सर्वसम्मति से शहर व सोशल मीडिया के माध्यम से यातायात जागरूकता अभियान चलाने का फैसला लिया गया। जिसमें लोगों को यातायात नियम पालन एवं यातायात सुरक्षा के तहत जागरूक किया जाएगा।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार सतवंत सिंह सलूजा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि जैसा कि आपको मालूम हो कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल समय-समय पर व्यापारी हितों के साथ-साथ सामाजिक हितों के लिए भी कार्य करता रहता है उसी दिशा में हम यातायात जागरूकता अभियान चलाएंगे और लोगों को यातायात नियम पालन एवं यातायात सुरक्षा के तहत जागरूक करने का काम करेंगे। जिसमें सभी व्यापारी भाई बढ़-चढ़कर हिस्सा ले।

संगठन के मुरादाबाद मंडल प्रभारी/अध्यक्ष जावेद रहमान शम्सी व नगर अध्यक्ष एस.पी. सलूजा ने भी अवगत कराया कि हमारा व्यापार मंडल हमेशा सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता है और आगे भी हम ऐसे ही समाज एवं व्यापारियों के हितों के लिए कार्य करते रहेंगे और इस यातायात जागरूकता अभियान को सफल बनाने में भरसक प्रयास करेंगे।

बैठक में नगर अध्यक्ष युवा असलम फरीदी, सुहैल डिजाइनर, अमित अग्रवाल, सलमान फरीदी, मंजीत सिंह सलूजा, अशोक दुआ, नवीन गुप्ता, हैदर आढ़ती, शहजाद अंसारी, शोएब मैक्स, आमिर इदरीसी, अजय अग्रवाल, शिवेंद्र अग्रवाल, महेश मल्होत्रा आदि मौजूद रहे।

# कांवड़ सेवा समिति ने लगाया शिविर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** कांवड़ सेवा समिति द्वारा शिव भक्तों की सेवार्थ लगाए गए शिविर में कांवड़ियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। समिति के सदस्य 24 घंटे उनकी सेवा में लगे हैं।

कांवड़ सेवा समिति नगीना के सौजन्य से परंपरागत तरीके से इस बार भी बढ़ापुर मार्ग गौशाला के निकट खाली पड़े एफसीआई गोदाम के बड़े हाल में शिव भक्त कांवड़ियों की सेवार्थ चल रहे सात दिवसीय शिविर में हजारों शिव भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। शिविर में भंडारे के अलावा गर्म पानी, दवाइयां, चाय की व्यवस्था भी की गई है। कांवड़ियों के शिविर में राजकुमार सेठी, गौरखनाथ खन्ना, सोहन सचदेवा, ओमप्रकाश बांटा, घनश्याम मुठरेजा, इशांत मुठरेजा, तिलक राज मुठरेजा, अमित उर्फ टिक्कू आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# कूड़ा निस्तारण संयंत्र का ट्रायल शुरू

## घरों से गीला और सूखा कूड़ा लेने के लिए कर्मचारी तैनात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर पालिका अधिकारियों की देखरेख में 50 टन प्रतिदिन कूड़ा निस्तारण केंद्र की मशीनों का पिछले डेढ़ सप्ताह से ट्रायल किया जा रहा है। ट्रायल का परीक्षण सफल होने पर जल्द ही बिजली बनने का कार्य शुरू हो जाएगा। इसके लिए घर-घर पहुंच कर गीला और सुखा कूड़ा ले रहे हैं।

नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी संदीप सक्सेना ने बताया कि प्रदेश शासन द्वारा कूड़ा कचरे से बिजली बनाने के लिए पांच करोड़ रुपए की ग्रांट आई थी। जिसमें नगर आबादी से करीब दो किलोमीटर दूर ग्राम तुखमापुर के समीप नगर पालिका द्वारा पांच करोड़ की लागत से बनाये गए पचास टन प्रति दिन की क्षमता वाले कूड़ा निस्तारण केंद्र जिसमें बिजली व खाद बनाने की मशीन और उपकरण, मशीनों द्वारा ही बिजली व खाद बनाने के वास्ते बड़ा प्लांट लगाया गया है। उन्होंने बताया कि घर-घर गीला और सुखा कूड़ा लेने के लिए मौहल्लों-मौहल्लों कर्मचारी तैनात किए गए हैं। जो हाथ की ठेलियों से घर-घर से कूड़ा लेकर कूड़ा निस्तारण केंद्र पहुंचाएंगे। जहां पर मशीनों द्वारा लाए गए कूड़े की छटाई होगी। प्लास्टिक की पॉलिथीन, थैलिया, बोतल, गिलास, लकड़ी, लोहा, इंट, पत्थर, अलग कर दिया जाएगा और लास्ट वाले कूड़े से बिजली व खाद बनाई जाएगी। जो नगर वासियों को या बिजली विभागों को सप्लाई की जाएगी। इसके लिए जो भी शासन का आदेश होगा। उस पर कार्य किया जाएगा।

नगर पालिका अधिशासी अधिकारी संदीप सक्सेना ने आगे बताया कि इस प्लाट के चालू होने से नगर में होने वाले कूड़े की गंदगी से बहुत बड़ी राहत मिल सकेगी और बिजली सप्लाई के रूप में आय भी बढ़ेगी, लेकिन इसके लिए अभी समय लगेगा। क्योंकि लगाई गई मशीनों का ट्रायल पिछले 12 दिन से किया जा रहा है। जिसमें कुछ परेशानियां भी आ रही है। उन्होंने बताया कि विद्युत विभाग की लापरवाही या ढ़िलाई के चलते बिजली कनेक्शन उपलब्ध नहीं होने के कारण कूड़ा निस्तारण केंद्र की मशीनों का ट्रायल देर से शुरू हुआ।

## एक नजर

### मन की बात कार्यक्रम सुना



**स्योहारा।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का देश को संबोधित करने का मन की बात के कार्यक्रम को अरुण वर्मा के प्रतिष्ठान पर सम्मानपूर्वक सुना गया। व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा व उनके पुत्र अमित कुमार वर्मा व अन्य भाजपाइयों ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 119 वा कार्यक्रम सम्मानपूर्वक सुना। इस मौके पर व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा ने मन की बात कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा महाकुंभ की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि करोड़ों लोगों ने आस्था के प्रति भावना रखते हुए महाकुंभ में जाकर डुबकी लगाई और अपनी प्रार्थनाएं की। अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार विकास कार्य को करते हुए यह भी पूरा ध्यान रखती है कि धार्मिक आस्थाओं को भी पूरा किया जाए, जो सभी देशवासियों के लिए बहुत ही गर्व की बात है। इस मौके पर अरुण कुमार वर्मा, अमित कुमार वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज राणा, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भटनागर, जयपाल सिंह, हरपाल सिंह सैनी, कुश कुमार, मोहम्मद अहमद, संतोष सैनी, महेंद्र सिंह सैनी, मनु वर्मा, शोभित वर्मा, मोहित वर्मा, रोहित वर्मा, कनिष्क वर्मा, अक्षय वर्मा, निखिल कुमार, आदित्य कुमार, रामदास सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा, अंशुल वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### समाजसेवी सलामतुल्लाह का इंतकाल



**अफजलगढ़।** नगर के मौहल्ला मझौली निवासी समाजसेवी सलामतुल्लाह नंबरदार (70 वर्ष) का गंभीर बीमारी के चलते रविवार को इंतकाल हो गया। उनके बड़े बेटे मौहम्मद रिजवान ने बताया कि उनके वालिद गंभीर बीमारियों से ग्रस्त थे। गंभीर बीमारियों से लड़ रहे थे। अचानक आज रविवार को सुबह पांच बजे उनका इंतकाल हो गया । उन्होंने बताया वह एक मिलनसार व्यक्ति थे। समाजसेवी व हंसमुख थे। जैसे ही मौत की खबर नगरवासियों को मिली, नगर में शोक की लहर दौड़ गई। रिश्तेदारों को मौत की सूचना मिलते ही सलामतुल्लाह नंबरदार के घर पर लोगों का आना जाना शुरू हो गया। सलामतुल्लाह भरे परिवार को इस दुनिया से अलविदा कह गए। उनके दो बेटे व तीन बेटी है। बड़ा बेटा मौहम्मद रिजवान कार बुकिंग से अपनी रोजी-रोटी कमाता है। छोटा बेटा मौहम्मद इमरान सऊदी अरब में रहकर कार्य करता है। बाकि तीनों बेटियों की शादी हो गई। सलामतुल्लाह नंबरदार के बड़े बेटे ने बताया कि उनके वालिद की जनाजे की नमाज बाद जोहर मझौली वाली मस्जिद में अदा की गई और मझौली वाले कब्रिस्तान में सुपुर्द खाक कर दिया गया। जनाजे में शामिल पूर्व विधायक शेख सुलेमान, चेयरपर्सन पति जावेद विकार, पूर्व चेयरपर्सन पति शेख इरशाद हुसैन, हाजी मौहम्मद इदरीस, नसरुल्लाह नंबरदार, मौहम्मद रिजवान, सभासद अजीमुश्शान उर्फ चांद, मास्टर मौहम्मद असद, हसन नंबरदार, अब्दुल रजाक, इब्राहीम ड्राइवर, मौहम्मद जुनैद, इरशाद अहमद, मुंशी इदरीस, शरीफ अहमद, मौहम्मद इरफान, खलील अहमद, उबैद विसाल, नवेद विसाल, हाशिम, परवेज विकार, पत्रकार हाजी अब्दुल बारी, वेलफेयर प्रेस क्लब अध्यक्ष विनय भार्गव, पत्रकार शुऐब आदि जनाजे में शामिल रहे।

# सरकारी रास्ता कब्जा मुक्त कराने की मांग

## शिकायत करने के बावजूद भी भूमाफियाओं के खिलाफ कार्यवाही नहीं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** नगर निवासी एक महिला ने अपनी पुस्तैनी भूमि पर विवाद के चलते कुछ भू माफियाओं द्वारा अवैध कब्जा करने व भवन निर्माण रोकने व सरकारी रास्ता कब्जा मुक्त कराने के लिए डीएम, एसपी व एसडीएम को पत्र लिखकर गुहार लगाई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगर के मौहल्ला जैनुलआबदीन निवासी आयशा कासिम पत्नी मौहम्मद कासिम पुत्री अहसान अहमद ने जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व उप जिलाधिकारी धामपुर को भेजे पत्र में बताया कि उसकी पुस्तैनी जमीन, को लेकर नगर के मौहल्ला किला डूड़ा कॉलोनी के मौजा अजब नगर परगना अफजलगढ़ के खसरा न.-145 व 146 में पैतृक सम्पत्ति के बटवारे का मुंशफी कोर्ट नगीना में एक वाद सं.- 90/2024 आयशा कासिम बनाम अहसान अहमद विचाराधीन है। उक्त सम्पत्ति का रास्ता सरकारी खसरा न.-136 मौजा अजब नगर से होकर निकलता है। किन्तु नगर के कुछ भूमाफिया व दबंग प्रकार के व्यक्तियों ने आपस में हमसाज होकर उक्त खसरा न.-136 जिसका इन्द्रराज भू अभिलेख में रास्ते में दर्ज है। उक्त रास्ते में अवैध रूप से कब्जा करके भू-माफिया लोगों ने लगभग समाप्त कर दिया है। उक्त खसरा न.-136 संलगन व खसरा न.-141 जो तालाब में दर्ज है पर भी अपना कब्जा अवैध रूप से कर बैनामा करके आबादी के लिए भवन निर्माण कर लिए है, जो की कानून के खिलाफ है। उक्त खसरा न.- 136 व 141 की भूमि पर अवैध कब्जा करके क्रय विक्रय नहीं हो सकता है। भू माफियाओं ने हमसाज होकर अवैध कब्जे करवाकर भवन निर्माण करवा दिया है। बार-बार शिकायत करने के बावजूद भी उक्त दबंग माफियाओं के खिलाफ कोई भी कानूनी कार्यवाही नहीं हुई है। सरकारी रास्ता पूर्णत: तंग करने को लेकर तहसील दिवस में शिकायत करने पर भी सुनवाई नहीं हुई है । भू-माफिया धमकी देते हैं। महिला आयशा कासिम ने उच्च अधिकारियों से सरकारी रास्ता कब्जा मुक्त कराने अवैध निर्माण को ध्वस्त करने की गुहार लगाई है।

# प्रोपर डाक्यूमेंटेशन के साथ बनाये आधार: डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ लेने के लिए तथा अन्य कार्यों में आधार कार्ड की अनिवार्यता एवं उपयोगिता के दृष्टिगत उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आधार कार्ड बनाने के लिये नम्बर आफ यूनिट के आधार पर अधिक पेंन्डिसी वाले स्थानों को चिन्हित करते हुए ब्लॉक स्तर एवं नगर पालिका अंतर्गत कॉमन सर्विस सेंटर खोलना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने कलेक्ट्रेट सभागार में आधार अनुश्रवण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दे रहीं थी। उन्होंने कहा कि आधार एक अति महत्वपूर्ण दस्तावेज है। इसके माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिलता है। इसलिए इसका अपडेटेड होना जरूरी और लाभदायक अगर आपका आधार अपडेटेड होता है तो आपको केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में बहुत आसानी होती है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि 0 से 05 वर्ष की आयु तक वर्ग के शत-प्रतिशत बच्चों का आधार बनवाया जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि आधार कार्ड से बनने से शेष रह गये बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बनवाकर आधार कार्ड बनाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी द्वारा आधार अनुश्रवण समिति की बैठक में सीएससी ई-गवर्नेंस द्वार जिले, तहसील व विकास खण्ड स्तर पर आधार सेवा केन्द्रों की स्थापना आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित को निर्गत किए। उन्होंने आधार से संबंधित सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपनी आधार कीट को जल्द से जल्द फंक्शनल करना सुनिश्चित करें तथा इस प्रक्रिया को ससमय अवश्य पूरा कर लें, जिससे की जिले के शत प्रतिशत लोगों को आधार सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने आधार बनाने एवं अपडेट करने वाले विभागों को निर्देश दिये कि ई-केवाईसी सहित सभी प्रोपर डाक्यूमेंटेशन के साथ आधार बनाये जाना सुनिश्चित करें, जिससे किसी भी प्रकार की त्रुटी न होने पाये।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक शहरी संजीव बाजपेयी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कौशलेन्द्र सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी श्रीमती लक्ष्मी देवी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, अग्रणी जिला प्रबंधक सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**चैंपियंस ट्रॉफी....**

बनाए। अबरार अहमद और शाहीन शाह अफरीदी को 1-1 विकेट मिला। विराट वनडे में सबसे ज्यादा 158 कैच पकड़ने वाले भारतीय बने। उन्होंने पारी में 15वां रन बनाते ही सबसे तेज 14 हजार वनडे रन भी पूरे कर लिए। को. हली इंटरनेशनल क्रिकेट के तीसरे टॉप स्कोरर भी बन गए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़ा, जिनके नाम 27,483 रन हैं। 100 रन की पारी खेली विराट कोहली ने 111 बाल पर 100 रन की पारी खेली। वे रोहित शर्मा के आउट होने के बाद खेलने उतरे और भारतीय पारी को बांधे रखा। विराट ने अबरार के ओवर्स को संयम से निकाला, फिर तेजी से रन बनाए। डेथ ओवर्स में रन बनाने से रोका कुलदीप ने 3 विकेट झटके। उन्होंने डेथ ओवर्स में सलमान आगा, शाहीन अफरीदी और नसीम शाह के विकेट लिए। इससे पाकिस्तान की टीम डेथ ओवर्स में ज्यादा रन नहीं बना सकी।

**केंद्र एडवोकेट...**

जाएगा। अभी कोर्ट में वकालत की प्रैक्टिस करने वालों को ही कानूनी व्यवसाई माना जाता है। एक्ट 1961 की धारा 4 में संशोधन का प्रस्ताव है। इससे केंद्र को बीसीआई में निर्वाचित सदस्यों के साथ 3 सदस्यों को नामित करने का अधिकार मिल जाएगा। इससे केंद्र कानून के प्रावधानों को लागू करने में बीसीआई को निर्देश दे सकेगी। मौजूदा स्थिति में बीसीआई के सदस्य राज्य बार काउंसिल द्वारा चुने जाते हैं। बिल में एक नई धारा 33ए जोड़ी गई है। इसके मुताबिक अदालतों, ट्रिब्यूनल और अन्य प्राधिकरणों में वकालत करने वाले सभी वकीलों को उस बार एसोसिएशन में पंजीकरण कराना होगा, जहां पर वे वकालत की प्रैक्टिस करते हैं। शहर बदलने पर वकील को 30 दिन के अंदर बार एसोसिएशन को बताना होगा। कोई वकील एक से ज्यादा बार एसोसिएशन का सदस्य नहीं हो सकेगा। वकील को केवल एक ही बार एसोसिएशन में मतदान करने की अनुमति होगी। इसे वकील उनकी आजादी और वोट के अधिकार में केंद्र का दखल मान रहे हैं। अभी वकील एक साथ कई बार एसोसिएशन का सदस्य हो सकते हैं। सभी के चुनाव में वोट कर सकते हैं।

**मन की बात...**

और कम्युनिटीज के साथ-साथ पूरे राज्य का कायाकल्प कर देती है। इससे जहां भावी पीढ़ियां प्रेरित होती हैं, वहीं कल्चरल एक्सीलेंस को भी बढ़ावा मिलता है।

उत्तराखंड में हुए नेशनल गेम्स ने ये भी दिखाया कि कभी हार न मानने वाले जीतते जरूर हैं। कम्फर्ट के साथ कोई चैंपियन नहीं बनता। आज देश-भर में इन खेलों के कुछ यादगार प्रदर्शनों की खूब चर्चा है। इन खेलों में सबसे ज्यादा गोल्ड मेडल जीतने वाली सर्विस की टीम को मेरी बहुत-बहुत बधाई। राष्ट्रीय खेलों में हिस्सा लेने वाले हर खिलाड़ी की भी मैं सराहना करता हूं।

# गुलमर्ग में हेली-स्कीइंग के लिए हेलीकॉप्टर सेवा का उद्घाटन

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने रविवार को गुलमर्ग में हेली-स्कीइंग के शौकीन पर्यटकों के लिए हेलीकॉप्टर सेवा का उद्घाटन किया। इस मौके पर अब्दुल्ला ने संवाददाताओं से कहा कि हेलीकॉप्टर सेवा से गुलमर्ग में पर्यटन को काफी बढ़ावा मिलेगा।

कई स्कीयर हेली-स्कीइंग को प्राथमिकता देते हैं, भले ही उनके पसंदीदा स्थान सुलभ हों, लेकिन उच्च ऊंचाई वाले शुरुआती लबदुओं तक परिवहन की कमी के कारण उन्हें अक्सर चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। यह नई सेवा उस समस्या का समाधान करेगी और उनके अनुभव को बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि आज से न केवल हेली-स्कीइंग शुरू हो गई है, बल्कि जो पर्यटक दर्शनीय स्थलों की यात्रा के लिए आ रहे हैं, वे गुलमर्ग में अफरवत और सनशाइन चोटी सहित ऊंची चोटियों पर जाने के लिए हेलीकॉप्टर सेवा का लाभ उठा सकते हैं। इस बार हेलीकॉप्टर सेवा केवल सर्दियों के दौरान नहीं बल्कि पूरे साल पर्यटकों के लिए उपलब्ध रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुलमर्ग अब न केवल गोंडोला केबल कार की सवारी, बल्कि साल भर पर्यटकों के लिए हेली-स्कीइंग और हेलीकॉप्टर सफारी सेवा के लिए भी जाना जायेगा और इससे पर्यटन को और बढ़ावा मिलेगा। खेलो इंडिया विंटर गेम्स के बारे में उन्होंने कहा कि हम अभी विंटर गेम्स की तिथि की घोषणा करने की स्थिति में नहीं हैं। छब्बीस फरवरी के आसपास और तीन दिनों तक हिमपात होने का अनुमान है और उसके बाद स्की फेडरेशन के विशेषज्ञ ढलानों की जांच करेंगे और अगर उन्हें लगता है कि विंटर गेम्स आयोजित करने के लिए पर्याप्त बर्फ है, तो हम तारीखों की घोषणा करेंगे। मैं चाहता हूं कि अगर इस अवधि के दौरान पर्याप्त हिमपात होता है, तो खेल मार्च के पहले सप्ताह में आयोजित किए जा सकते हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा।
महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं।
21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, कब्जनी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# किशोर पर गुलदार का हमला

## परिवार के साथ गया था जंगल, ग्रामीणों ने की पिंजरा लगाने की मांग





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम फिरोजपुर के जंगल में परिवार के साथ गन्ने की छिलाई करने गए कक्षा तीन के छात्र पर गुलदार ने उस समय हमला कर दिया, जब बालक सड़क पर खेलते समय बेर तोड़ने के लिए यूकेलिपटिस की लकड़ी तोड़ने के लिए गया था। घायल बालक को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया। वन विभाग की टीम ने घायल बालक के घर पहुंच कर उसका हाल-चाल जाना और मौके पर पहुंच कर कांबिंग की।

प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र के ग्राम फिरोजपुर निवासी धर्मपाल सिंह चौहान के खेत में गन्ने की छिलाई हो रही थी। रविवार को पड़ोस के ग्राम अमीनाबाद निवासी सुदेश अपने परिवार के साथ गन्ने की छिलाई करने के लिए गया था। रविवार होने के कारण उसके बच्चे भी उसके साथ गए थे। परिवार के सभी लोग गन्ना छिल रहे थे। सुदेश का 12 वर्षीय पुत्र रोहन सड़क पर खेल रहा था। इसी दौरान वह पास में ही खड़ी एक बेरी से बेर तोड़ने के लिए जाने लगा और सड़क किनारे बैर तोड़ने के लिए यूकेलिपटिस की लकड़ी उठाने के लिए चला गया। इसी दौरान ईख के खेत में घात लगाए बैठे गुलदार ने बालक पर हमला कर दिया। बालक ने एक कॉलर वाली जैकेट पहन रखी थी। जिससे गुलदार की पकड़ ढीली रह गई और बालक गुलदार की पकड़ में पूरी तरह से नहीं आया। गुलदार के हमले से उसके गले पर दांत लग गए। गुलदार के हमले के बाद घायल बालक खिसकता हुआ सड़क पर आ गया और शोर मचाया। इसके बाद गन्ना छिलाई कर रहे परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और उसको उठाकर लाए। गुलदार हमला करने के बाद भाग गया। घायल बालक को सीएचसी में भर्ती कराया। घायल बालक के करीब 10 टांके लगाए गए हैं। उसके गले व होंठ पर हमले के निशान हैं। सीएचसी से बालक को उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

सूचना पर वन रेंजर गोविंद राम गंगवार डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह वन विभाग के टीम के साथ मौके पर पहुंचे और कांबिग की। घायल बालक के घर पहुंचे और उसका हाल-चाल भी जाना है। वन रेंजर गोविंद राम गंगवार ने बताया कि गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया जाएगा।

## भाकियू ने शिव भक्तों के लिए लगाया सेवा शिविर

**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत की ओर से आयोजित शिविर में हरिद्वार से गंगा. जल लेकर आ रहे शिवभक्तों की सेवा की। भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के जिला महासचिव विकास चौधरी ने संगठन के सहयोग से अपने प्रतिष्ठान के पास कावंड़ती शिविर लगाया। शिविर मे नि:शुल्क चाय, नाश्ता, खाना व दवाइयों की सुविधा तथा व्रत रखकर आने वाले कांवड़ियों के लिए फलाहार की व्यवस्था की गई। संगठन के लोग शिव भक्तों की सेवा सत्कार में लग रहे। संगठन के लोगों ने बताया कि कांवड़ियों के लिए सेवा शिविर अंतिम दिन तक प्रारंभ रहेगा। सेवा शिविर में भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के कार्यकर्ता, जिला महामंत्री जितेंद्र हुड्डा, विकास चौधरी जिला महासचिव, जिला प्रचार मंत्री कपिल चौधरी, जिला संगठन मंत्री जगबीर सिंह, जिला प्रभारी चौधरी राजवीर सिंह, तहसील प्रभारी सुनील चौधरी, जिला उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार मोर, तहसील अध्यक्ष सतपाल शर्मा, प्रवक्ता शहजाद मलिक युवा तहसील अध्यक्ष तुषार कड़वाल, युवा जिला उपाध्यक्ष यशवर्धन चौधरी, कुणाल जोशी, वकील अहमद, कृष्णा कुमार, व्योम कौशिक, बहार आलम अंसारी, शहजाद बाबू आदिका सहयोग रहा।

# बाइक ट्रैक्टर-ट्राली से टकराई, युवक की मौत

## परिवार में मचा कोहराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नूरपुर मार्ग पर रिलायंस पेट्रोल पंप के पास शनिवार की रात को ट्रैक्टर-ट्राली व बाइक की टक्कर होने के दौरान घायल हुए बाइक सवार की उपचार के दौरान मौत हो गई। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ट्रैक्टर-ट्राली को पुलिस ने कब्जे में ले लिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम धींगरपुर निवासी शिवम सैनी (22 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय धर्मेंद्र सैनी बाइक से शनिवार की रात करीब 8:30 बजे नूरपुर की ओर से अपने घर जा रहा था। रिलायंस पेट्रोल पंप के पास ट्रैक्टर ट्राली ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी । जिसमें बाइक सवार शिवम सैनी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी नहटौर में भर्ती कराया। उसकी हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। रास्ते में उसकी मौत हो गई। उधर ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली व क्षतिग्रस्त बाइक को अपने कब्जे में लिया है। शव को सीलकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पूर्व में उक्त युवक के पिता की भी मौत हो चुकी है। परिवार में शिवम एकमात्र सहारा था। अपनी बहन व मां को रोता बिलखता छोड़ गया है। शिवम सैनी एक इलेक्ट्रॉनिक की दुकान पर नौकरी कर परिवार को चला रहा था। कोतवाल धीरज सोलंकी ने बताया कि अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में ले लिया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस बरामद नहीं कर पाई बाइक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** कस्बा क्षेत्र में चोरों का बोलबाला है। क्षेत्र में हुई वारदातों के खुलासे के बावजूद नगर में चोरों के गिरोह सक्रिय हैं। जिसके चलते एक घर में 15 दिनों में दो बार चोरों के घुसने की घटना पर पुलिस मौन है। वहीं नुमाइस के दौरान बाहर खड़ी मोटर साइकिल आज तक बरामद नहीं हुई। पीड़ित थाने के चक्कर काट रहा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार रवि प्रकाश पुत्र अमीर चंद निवासी मौहल्ला छंगा दरवाजा अमरोहा की मोटरसाइकिल धामपुर रोड पर नुमा. इस मैदान के बहार से चोरी हो गई थी। जिसकी पुलिस को तहरीर भी दी गई थी। जिसमें बताया कि वह अपनी बहन के यहां नगर के मौहल्ला गौहर अली खां आया हुआ था कि 21 जनवरी मंगलवार की शाम सात बजे उसका भांजा तुषार उसकी बाइक हीरो स्पलेंडर रजिस्ट्रेशन संख्या यूपी 23 एल 9179 लेकर नगर के धामपुर मार्ग स्थित चल रही विकास प्रदर्शनी नुमाइश मेला देखने आया था कि उसने मेला ग्राउंड के पास ही बाइक खड़ी कर दी तथा मेला देखने चला गया। वापस आया तो अज्ञात चोर बाइक चुरा कर ले गया। पीड़ित बाइक स्वामी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मां की थी। जो एक माह बाद भी पुलिस बरामद नहीं कर पाई।

इतना ही नहीं थानाध्यक्ष योगेश कुमार के स्थान्तरण के बाद तैनात थानाध्यक्ष सुमित राठी से नगर वासियों को चोरी व अपराध नियंत्रण की काफी उम्मीदें थी। किन्तु वह पूरी तरह नाकाम रहे। क्योंकि उनके कारिंदे केवल उगाही में मस्त है। उधर सीओ अंजनी कुमार का कहना है कि मामला संज्ञान में आ गया है। शीघ्र ही मोटरसाइकिल की बरामदगी का प्रयास किया जायेगा।

# बॉडी बिल्डिंग में मिस्टर यूपी बने जर्रार अहमद

## राहुल सैनी को मिला मसल्स मैन का खिताब



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** डिस्ट्रिक्ट फिटनेस एवं बॉडी बिल्डिंग एसो. द्वारा आयोजित मिस्टर बिजनौर और मिस्टर यू.पी. बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में नहटौर के जर्रार अहमद ने दोनों खिताबों पर कब्जा किया। जबकि बिजनौर के राहुल सैनी को मसल्स मैन ऑफ यू.पी. चुना गया।

स्थानीय एमएम इंटर कॉलेज के पास मैदान पर आयोजित मिस्टर बिजनौर एवं मिस्टर यू.पी. बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप का उद्घाटन शेख शाहनवाज खलील ने फीता काटकर किया। डिस्ट्रिक्ट फिटनेस एवं बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में जनपद बिजनौर व उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों से लगभग 80 प्रतियोगियों ने भाग लिया। सभी प्रतियोगियों ने शानदार पोजिंग कर अपने प्रतिद्वंदी को कड़ी टक्कर दी, जिसमें जनपद बिजनौर के नहटौर निवासी जर्रार अहमद ने क्रमश: मिस्टर बिजनौर और मिस्टर यू.पी. दोनों ही खिताबों को अपने नाम किया। प्रतियोगिता में मैन फीजीक एवं मसल्स मैन ऑफ यू.पी. राहुल सैनी (बिजनौर), मोस्ट इम्प्रूव बॉडी समीर (बिजनौर) व बैस्ट पोजर मौहम्मद आकिल (मुरादाबाद) को घोषित किया गया। इस मौके पर पूर्व सभासद अफजाल अहमद कुरैशी, शेराज खलील, सैयद आसिफ अली, हाजी तंजील आलम, ओलंपिक फिटनेस जिम के डायरेक्टर मौहम्मद अहमद, शहीर आलम, मौहम्मद राकिब उस्मानी उर्फ लवी, सैयद जुबैर जैदी, शद्दन ठेकेदार आदि उपस्थित रहे। डिस्ट्रिक्ट फिटनेस एवं बॉडी बिल्डिंग के पदाधिकारियों रियासुद्दीन उस्मानी, सुशील गुप्ता व जफर मुलतानी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में क्रमश: डॉ. नजमुल नबी, अल्ताफ अहमद (नेशनल जज), बबलू खान, गुलजार अहमद, नईम अहमद, जाहिद, सलीम अहमद, अहरार अहमद आदि शामिल रहे। जबकि कार्यक्रम का संचालन सुशील गुप्ता ने किया।

## एक नजर

### पंडित शंभूनाथ कौशिक का निधन



**नजीबाबाद।** वरिष्ठ भाजपा नेता और जनसंघ के पुराने नेता पंडित शंभूनाथ कौशिक (95 वर्ष) का सुबह देहांत हो गया। वह काफी दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई सहित अन्य कई नेताओं के साथ राजनीति करने वाले शंभूनाथ कौशिक पूर्व में भाजपा नगर अध्यक्ष जेल विजिटर तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय सेवा प्रतिष्ठान के पदाधिकारी भी रह चुके हैं। इस अवसर पर पार्टी के नेताओं ने उन्हें पार्टी के झंडे में लपेटकर अंतिम विदाई दी और गहरा शोक व्यक्त किया। उनके निधन पर वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव अग्रवाल, नगर अध्यक्ष नकुल अग्रवाल, घनश्याम वशिष्ठ, शिवकुमार महेश्वरी, अतुल रुहेला, साहित्यकार प्रदीप डेजी, विधान विकास द्विवेदी, अंकित राजपूत, निखिल शर्मा, परविंदर सिंह, नरेश वैध, निखिल तिवारी, सुरेश शर्मा, वासु गुप्ता, लक्ष्मीकांत शर्मा, विपिन मेहरा, मुकुल रंजन दीक्षित, राकेश भटनागर, संजय त्यागी, अभिषेक यादव, हेमंत अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, नरेंद्र पारचा, द्रवित अग्रवाल, रितेश सेन, उमापति गर्ग, मंगलेश शर्मा, रणवीर सिंह निराला, पंकज अग्रवाल, सुनील शर्मा, कैलाश चंद सिंघल, संतोष शर्मा, राकेश कौशिक आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### कांवड़ शिविर का शुभारंभ



**नजीबाबाद।** श्री नवदुर्गा महाकाली सेवा दल की ओर से आयोजित कांवड़ शिविर का शुभारंभ भाजपा नगर अध्यक्ष नकुल अग्रवाल ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने कांवड़तियों की सेवा की। शुक्रवार को टीला मंदिर के समीप श्री नवदुर्गा महाकाली सेवा दल की ओर से कांवड़ शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ भाजपा नगर अध्यक्ष नकुल अग्रवाल ने फीता काटकर किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौट रहे कांवड़तियों के लिए भण्डारे का आयोजन कर सेवा की। इस अवसर पर एड. नीरज कुमार ने कहा कि श्री नवदुर्गा महाकाली सेवादल की ओर से 42वर्षों से शिविर लगाया जा रहा है। शिविर में कांवड़ियों की सुविधा के साथ-साथ जलपान की व्यवस्था की गई है और आगे भी सेवादल की ओर से इसी तरह शिविर निरंतर लगता रहेगा। इस अवसर पर सरदार परविन्दर सिंह, दीपक कुमार, बंटी अरोड़ा, पवन अग्रवाल, सुनील ग्रोवर, अभिषेक यादव, नैनू, मगलेश आदि मौजद रहे।

### लार्ड बेडन पावेल का जन्मदिन मनाया

**नगीना।** भारत स्काउट एंड गाइड के जन्मदाता लार्ड बेडन पावेल का जन्म दिवस स्कूल में चिंतन दिवस के रुप में मनाया गया। हसन जावेद के संचालन में मौहल्ला अकाबरान स्थित इकबाल मैमोरियल जूनियर हाई स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में स्काउट गाइड के जन्मदाता लाई बेडन पावेल के जन्म दिवस पर छात्र-छात्राओं द्वारा केक काटकर चिंतक दिवस के रुप में मनाकर उनकी शिक्षाओं को जीवन में अपनाने की प्रतिज्ञा ली गई। कार्यक्रम में सीनियर गाइड विजय लक्ष्मी गर्ग, शाकुंबरी देवी, कुमारी महरीन इकबान्न मैमोरियल जूनियर हाई स्कूल नगीना, परवीन (गाइड कैप्टन) अलसबा, जिकरा, फलक, मौहम्मद इमरान रहे।

### अखिल भारतीय मांग दिवस मनाया

**नजीबाबाद।** कॉमरेड शिवगोपाल मिश्रा के आह्वान पर रेल कर्मचारियों ने अखिल भारतीय मांग दिवस मनाते हुए विभिन्न मुद्दों को लेकर नॉर्दन रेलवे मेंस यूनियन शाखा नजीबाबाद ने शाखा कार्यालय के मेंन गेट पर प्रदर्शन किया। इस दौरान रेल कर्मचारियों ने रेलवे में खाली पड़े पदों को अविलंभ भरे जाने, रेलवे में निजीकरण, निगमीकरण एवं आउटसोर्सिंग पर रोक लगाई जाने, रेलवे की जर्जर कालोनियों की जगह नए आवासों का निर्माण एवं रेलवे कॉलोनी में सुधार की व्यवस्था की जाने, रेल कर्मियों से 8 घंटे से ज्यादा काम न लिये जाने, वर्षों से लंबित कैडर रिस्ट्रक्चरिंग लागू कर रेलवे कर्मियों को प्रोन्नति के अवसर प्रदान किये जाने, यूपीएस की कमियों अविलंभ दूर किये जाने आदि प्रदर्शन में संजय कुमार, संजय सिंह, कुलदीप, अनित, गौरव, बदन सिंह, सुरेंद्र, मुकुल, मनीष, कपिल, सलीम, हेमेंद्र, जीशान, सर्वेश संत कुमार आदि कर्मचारियों ने भाग लिया।

# एएसपी सिटी ने शिवभक्तों का किया स्वागत

## मोटा महादेव मंदिर पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** अपर पुलिस अधीक्षक संजीव वाजपेयी ने थाना मंडावली क्षेत्र के अंतर्गत स्वंयभू मोटा महादेव मंदिर पहुंचकर शिवभक्तों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने शिव भक्तों का फूलों से स्वागत करते हुए उनका हाल जाना और पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर एएसपी सिटी संजीव वाजपेयी ने मोटा महादेव मंदिर परसिर का भ्रमण किया। उन्होंने हरिद्वार से गंगा जल लेकर आने वाले शिवभक्तों का हाल जाना और उन्हें खाने पीने की चीजे फल आदि वितरित किये। शिव भक्तों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए उन्होंने पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बता दें कि हरिद्वार से गंगा जल लेकर आने वाले शिव भक्त प्रथम पड़ाव मोटा महादेव मंदिर पर कर रहे है तथा जलाभिषेक कर अपने अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहें है। शिव भक्तों की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है।

# खेल को खेल भावना से ही खेलना चाहिए : इंजी. मुअज्जम

## मुजफ्फरनगर ने हल्द्वानी को हराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** स्टैब्स ग्राउंड में एनसीसी क्लब नजीबाबाद की ओर से चल रहे ऑल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट के सातवें दिन हल्द्वानी और मुजफ्फरनगर क्लब की टीम के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला।

मुकाबले में मुजफ्फरनगर ने हल्द्वानी को मात्र 6 रन से पराजित कर जीत हासिल की। हल्द्वानी के बल्लेबाज कुटकुट ने शानदार शतकीय पारी खेली। जबकि मुजफ्फरनगर के गेंदबाज अरुण कुमार द्वारा मैच में 4 विकेट लेने पर उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। मुजफ्फरनगर क्लब और हल्द्वानी क्लब के बीच मैच खेले गये। टूर्नामेंट के सातवें मैच में मुख्य अतिथि चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम अहमद ने फीता काटकर मैच का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि ने इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के अवसर प्राप्त होते है। टूर्नामेंट के मुकाबले में हल्द्वानी टीम के कप्तान ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी मुजफ्फरनगर टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 185 रन बनाए। जिसमें हर्ष ने 70 और बड़ा भीम ने 27 रन बनाएं। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हल्द्वानी की टीम ने 20 ओवर 6 विकेट खोकर 179 रन ही बना सकी। टूर्नामेंट के अंपायर वसीम अंसारी और नवाब अंसारी रहे। इस मौके पर आयोजक ताबिश मिर्जा, कोषाध्यक्ष राजीव ग्रोवर, मौहम्मद नाजिम, रहमान एड., फैसल तैयब, रहमान खान, इमरान सिद्दीकी, नवाब अंसारी, रिहान, अंकित चौधरी आदि का विशेष योगदान रहा। टूर्नामेंट की कमेंट्री मौहम्मद सलमान सिद्दीकी ने की।

# बम-बम के जयकारों से वातावरण शिवमय

## आकर्षक कांवड़ मोह रही श्रद्धालु भक्तों का मन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा अनेक स्थानों पर कांवड़ सेवा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से उच्चारित हो रहे भोले बाबा के भजनों और जयकारों से वातावरण पूरी तरह शिव मय हो चुका है। वहीं नगर क्षेत्र से आकर्षक कांवड़ श्रद्धालु भक्तों का मन मोह रही हैं।

राष्ट्रीय राजमार्ग 74 स्थित अग्नि सामान केंद्र के निकट आयोजित शिविर का शुभारंभ पालिकाध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह, एसपी पूर्वी धर्म सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी सरवम सिंह, प्रभारी निरीक्षक राजेश चौहान ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर राकेश चौधरी, भूपेंद्र सैनी, गौरव पोसवाल, डॉ. संजय भटनागर, नागेश्वर दयाल गहलोत, आशु जुनेजा, करण जुनेजा, सुरजीत सिंह ज्ञानी, सुशील चोपड़ा, संजय जैन, अमित अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, निखिल छाबड़ा सन्नी, अमित अग्रवाल, कुंवर अनिल कुमार, माधव अग्रवाल, आदि शामिल रहे। नगीना मार्ग पर रोटरी क्लब इंडस्ट्रियल एरिया की ओर से शिविर के प्रोजेक्ट चेयरमैन एवं वरिष्ठ रोटेरियन एसपी सलूजा के संरक्षण में गुरु नानक ग्राम उद्योग सेवा संस्थान के बाहर आयोजित किया गया।

रोटरी क्लब इंडस्ट्रियल एरिया के अध्यक्ष विपिन मिश्रा ने किया। सचिव विवेक अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष डॉ. पुलकित माहेश्वरी, मनीष गर्ग, शिवेंद्र अग्रवाल, गगनदीप सिंह, संदीप राणा, पवन सलूजा, अवधेश शर्मा, डॉ. राजमोहन विश्वास, शिवम नंदा, अनुपम गोयल, संजीव वर्मा, सरदार गुरजीत सिंह चावला रोमी, ललित गर्ग, डॉ. विकास अग्रवाल, संजय वर्मा, अजीत चावला आदि शामिल थे।

उधर भगत सिंह चौक पर आयोजित शिविर में भोजन प्रसाद, दूध, चाय आदि की उपलब्धता के साथ ही शिव भक्तों के विश्राम की भी समुचित व्यवस्था की गई है। ब्लॉक परिसर में ब्लॉक प्रमुख क्षमा हेमलता चौहान के नेतृत्व में सेवा शिविर आयोजित किया गया। इसके अलावा नगर में अन्य स्थानों पर भी धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं की ओर से सेवा शिविरों का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं ,छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# जस्टौन का खाना खाने से 150 बीमार

## शिविर लगा कर किया उपचार

शाह टाइम्स संवाददाता

**किरतपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम औरंगपुर फत्ता में जस्टोन कार्यक्रम में दावत पर गए लोगों की खाना खाने के बाद हालत खराब हो गई। शिकायत मिलने पर स्थानीय स्वास्थ्य विभाग ने तुरंत टीम भेजी और स्वास्थ्य शिविर लगाकर रोगियों का उपचार किया गया। शिविर में चक्कर, उल्टी, दस्त से ग्रस्त 150 लोगों का प्राथमिक उपचार किया गया।

देवेन्द्र सिंह ने बताया कि खाने में उड़द व कढ़ी चावल बनाये गये थे। कार्यक्रम में आसपास के खेड़ी, बेहड़ी ऑरेंगपुर फत्ता भोजपुर आदि गांवों के लगभग 400 लोग शामिल हुये। खाना खाने के उपरांत 95 प्रतिशत लोग फूड प्वाइजनिंग के शिकार हो गये। उन्हें चक्कर, उल्टी दस्त की शिकायत हुई, जिन्हें स्थानीय चिकित्सकों को दिखाया गया। जब फूड प्वाइजनिंग की बात गांव में फैली तो लोग काफी सहम गए। कुछ लोगों को किरतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया। जिनका आनन फानन में डा. अंकित व डा. अपराजिता द्वारा इलाज कराया गया, जिससे काफी हद तक रोगियों पर कंट्रोल किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फार्मासिस्ट विनोद व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने शिविर आयोजित किया, जिसमें 150 चक्कर, उलटी-दस्त के ग्रस्त रोगियों को उपचार हेतु दवाई दी गई। कुलदीप पुत्र रमेश, हर्षित पुत्र युधिष्ठिर कुमार, कामिनी राजपूत पत्नी सोहिल राजपूत, सवी पुत्र भीष्म सिंह, निशा कुमारी पत्नी सवी आदि को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र किरतपुर में भर्ती कराया गया है।

# सपा ने कैम्प लगाकर सुनीं समस्याएं

## सड़क और लाइट की शिकायतें मिली



शाह टाइम्स संवाददाता

**बढ़ापुर।** क्षेत्र के ग्राम इनायतपुर में समाजवादी पार्टी की ओर से सपा चली जनता के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत जनता की समस्याएं सुनने के लिए कैम्प लगाया गया। मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव शमशाद रशीद उपस्थित रहे।

समाजवादी पार्टी की ओर से जनता से सीधे जुड़ने व संवाद स्थापित करने के मकसद से कैम्प लगाकर लोगों की समस्याएं सुनने व पार्टी स्तर पर उनका समाधान कराने के लिए कैम्प लगाये जा रहे हैं। इसी कड़ी में बढ़ापुर विधानसभा में पार्टी की अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव शमशाद रशीद के नेतृत्व में कैम्प लगाये जा रहे है। शनिवार को पार्टी की ओर से ग्राम इनायतपुर में कैंप लगाया गया। पूर्व ग्राम प्रधान खुर्शीद अहमद के निवास पर आयोजित कैम्प में सड़क और लाइट सहित 12 शिकायत मिली। जिनके समाधान के लिए सपा नेता शमशाद राशिद ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से मिलकर समाधान कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर शमशाद रशीद ने कहा कि संविधान की रक्षा के लिए व हिंदू मुस्लिम भाईचारे को बचाने के लिए पीडीए मजबूत होना बहुत जरूरी है। हमारा मकसद 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में सपा को जीत दिला कर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना है। वर्तमान हालात में भाजपा सरकार में हर कोई परेशान है उन्होंने लोगों से सपा से जुड़ने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता शफात अहमद व संचालन सिकंदर अहमद ने किया। कार्यक्रम में सपा के राष्ट्रीय सचिव अल्पसंख्यक सभा शमशाद रशीद के साथ मेहताब, बिजेंदर सिंह, रंजीत, अबरार, मकसूद, इंतजार अहमद आदि मौजूद रहे। इससे पूर्व सपा कार्यकर्ताओं ने सपा नेता शमशाद रशीद का गांव में पहुंचने पर स्वागत किया।

## एक नजर

### आलोक ने की यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण



**चांदपुर।** नगर के मौहल्ला श्रीराम कालोनी निवासी अधिवक्ता आलोक कुमार पुत्र राजीव कुमार मदान ने यूजीसी नेट की परिक्षा अर्थशास्त्र विषय में उत्तीर्ण की है। आलोक मदान ने अपनी इस सफलता का सारा श्रेय अपने माता पिता को दिया है। गौरतलब है कि आलोक मदान पिछले 13 वर्षो से नगर में वकालत करते चले आ रहे है। साथ ही वे नूरपुर, बिजनौर, मण्डी धनौरा आदि की शिक्षण संस्थाओं में शिक्षण कार्य कर चुके हैं। उनकी इस उपलब्धि पर उनके निवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। उधर राष्ट्रीय प्रेस क्लब चांदपुर परिवार ने भी एडवोकेट आलोक मदान को ढेर सारी मुबारकबाद दी है।

### मौ. साकिब युवा जिला संगठन मंत्री मनोनीत



**नजीबाबाद।** जलालाबाद राहुखेड़ी कोरा राजारामपुर निवासी मौहम्मद साकिब जैदी पुत्र वासिफ अली को भारतीय किसान एकता संगठन के मुरादाबाद मंडल प्रभारी फुरकान खां ने युवा जिला संगठन मंत्री मनोनीत किया है। नव मनोनीत साकिब जैदी ने मंडल प्रभारी का आभार जताते हुए कहा कि वह किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाकर उनका समाधान कराने का प्रयास करेंगे। साथ ही उन्होंने विश्वास दिलाते हुए कहा कि मैं संगठन के प्रति पूरी ईमानदारी के साथ काम करते हुए संगठन को मजबूत करूंगा। इस मौके पर मुरादाबाद मंडल प्रभारी फुरकान खां, जिला अध्यक्ष जाहिद हुसैन मकरानी, जिला सचिव मौहम्मद उस्मान, नफीस अहमद, आफताब आलम, मौहम्मद शादाब, मौहम्मद समीर, मौहम्मद आसिफ, अकरम अहमद, मौहम्मद सुहैल, मोनू, मिडिया प्रभारी खिजर, नितिन, नीरज कश्यप, अरुण चौधरी आदि ने साकिब को मुबारकबाद दी।

### हकीम हाजी अमीरुद्दीन अंसारी का इंतकाल



**सहसपुर।** नगर पंचायत सहसपुर की जानी मानी हस्ती हाजी हकीम अमीरुद्दीन के जनाजे में जनसैलाब उमड़ पड़ा। अपनी पूरी जिंदगी लोगों की खिदमत में गुजारने वाले अमीरुद्दीन का बीती रात करीब 100 वर्ष की उम्र में देहांत हो गया। हकीम जी सहसपुर के जाने माने हकीम थे। जिनसे लोग दूर-दूर से अपना इलाज कराने आते थे और स्वस्थ होते थे। लोग कहते थे कि हकीम जी के हाथों में जादू था। वो हमेशा अपने मरीजों से न की बराबर रुपए लेते थे। उनके हाथ की बनी हुई कान में डालने वाली दवाई आज भी पांच रुपये में मिलती है। हकीम जी एक नेक दिल इंसान थे। जो हमेशा दीन में लगे रहते थे। वार्ड सभासद सरफराज अहमद ने कहा कि हकीम जी सभी के सुख दुख में हमेशा शामिल रहते थे और अगर सहसपुर में अगर पांच जगह देहांत हुआ, तो उनके सभी के जनाजे में शिरकत करते थे। हकीम जी यूनानी अस्पताल सहसपुर में कंपाउंडर के तौर पर अपने 36 साल की सेवा दी। उनके देहांत की खबर सुनकर नगर वासियों में शोक की लहर दौड़ गई। उनके आखिरी सफर पर राजनीतिक, डॉक्टर, पत्रकार वकील और बुद्धिजीवियों का जमावड़ा रहा। हकीम जी को सहसपुर में एक बेहतरीन इंसान के रूप में देखा जाता था।

### मंदिर प्रांगण में भण्डारे का आयोजन



**अफजलगढ़।** ग्राम तुरतपुर स्थित सिद्धपीठ निमखाल मन्दिर प्रांगण में भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम तुरतपुर, रसुलाबाद, विजयनगर व कादराबाद सहित कई ग्राम के श्रद्धालुओं ने मंदिर में प्रसाद चढ़ाकर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। मन्दिर के पीछे बहने वाली जल स्रोत नहर में स्नान किया। मान्यता है कि मंदिर में प्रसाद चढ़ाने के बाद यहां स्नान करने से शरीर के आंतरिक रोग व चर्म रोग दूर हो जाते हैं। वहीं दर्जनों सेवादारों ने सुबह से मन्दिर पंहुचकर मन्दिर में साफ-सफाई सहित भण्डारे की व्यवस्था में योगदान शुरू कर दिया। इस दौरान पिंटू बाबा मुख्य सेवादार व बिरमा महाराज, मनवीर सिंह, फतेह सिंह, जोगेन्दर, सतीश कुमार, अनमोल, कमलजीत, सतिया सिंह आदि का सहयोग रहा।

### वातावरण हो रहा शिवमय



**नजीबाबाद।** महाशिवरात्रि का पर्व नजदीक आते ही शिवभक्तों की संख्या भी बढ़ने लगी है। नगर क्षेत्र में शिवभक्तों के प्रवेश और बम बम भोले के जयघोषों से नगर का वातावरण शिवमय होने लगा है। स्वंभू मोटामहादेव मंदिर में प्रथम जलाभिषेक करने के लिए वहां शिव भक्तों की भीड़ भी बढ़ने लगी है। जलाभिषेक कर बड़ी संख्या में शिवभक्त अपने-अपने गंतव्यों को प्रस्थान कर रहे है। शुक्रवार को हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर लौट रहे शिव भक्तों के समूह मोटामहादेव प्राचीन मंदिर में प्रथम जलाभिषेक कर अपने-अपने गंतव्यों को लौट रहे है। शिव भक्तों के आवागमन से नगर क्षेत्र का वातावरण बम बम भोले, एक दो तीन चार भोले तेरी जय जयकार आदि के जयकारों से गूंजकर पूरी तरह शिवमय बना हुआ है। दूरदराज के शिवभक्त हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौट रहे है और प्रथम पड़ाव स्वभूं मोटा महादेव मंदिर पर कर रहे है। मंदिर परिसर में शिवभक्तों की भीड़ लगातार बढ़ रही है। हरिद्वार मार्ग से होकर शिवभक्त नगर से होते हुए गुजर रहे है। जिससे नगर का वातावरण शिवमय बना हुआ है। गंगा जल लेकर लौट रहे शिवभक्तों के कदम आस्था के आगे जरा भी डगमगा नहीं रहे है। शिवभक्तों के लिए इस बार सेवा शिविरों की कम संख्या होने से शिव भक्त पेरशान नजर आ रहे हैं। शिव भक्तों को किसी भी तरह की परेशानी ना हो। इसके लिए सुरक्षा की दुष्टि से जगह-जगह पुलिसकर्मी तैनात है। प्रशासनिक अधिकारी भी शिवभक्तों की सुरक्षा के लिए पूरी मुस्तैदी के साथ नजर रखे हुए है।

### खेत से पचास कुंतल गन्ना चोरी

**नहटौर।** ग्राम जसमौरा निवासी किसान देवेन्द्र कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसके खेत में करीब 50 कुंतल गन्ना छिला हुआ पड़ा था। शनिवार/रविवार की रात को अज्ञात चोर ट्रैक्टर-ट्राली में भरकर 50 कुंतल गन्ना चुराकर ले गए। सुबह को खेत पर जाने पर गन्ना चोरी होने का पता चला। किसान ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

# अंबेडकर मूर्ति स्थापित करने की सूचना पर हड़कंप

## घटनास्थल पर भारी मात्रा में पुलिस बल व प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे



शाह टाइम्स संवाददाता

**चंदक/मंडावर।** क्षेत्र के एक ग्राम में अंबेडकर भवन की खाली पड़ी जमीन पर चबूतरे का निर्माण कर मूर्ति स्थापित कर दी गयी। जब इसकी सूचना शासन-प्रशासन को मिली, तो हड़कम्प मच गया। मूर्ति स्थापित होने पर शासन प्रशासन ने परमिशन मिलने तक मूर्ति हटाकर रखने की बात कही, तो दलित समाज व बहुजन पैथर पार्टी के कार्यकर्ता मूर्ति न हटाने पर अड़ गए। शासन प्रशासन की चली कई दौर की वार्ता बेनतीजा रही। महिला, पुरूष, बच्चे मूर्ति के पास जमा रहे।

रविवार को थाना मंडावर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बहादुरपुर जट में गांव में स्थित अम्बेडकर भवन की खाली पड़ी भूमि पर गांव के ही धर्म सिंह पुत्र दयाराम जाति अनुसूचित जाटव तथा अन्य कुछ ग्रामीणों द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर दी गयी। इसका विरोध दलित समाज का एक ग्रामीण कर रहा था। सूचना पर थाना मंडावर पुलिस थाना प्रभारी मंडावर मृदूल कुमार मय पुलिस बल के मौके पर पहुंचे और ग्राम वासियों से डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा स्थापित करने के संबंध में पूछताछ की। प्रशासन द्वारा बिना परमिशन प्रतिमा को हटाए जाने के लिए कहा गया, तो अनुसूचित जाति की महिला पुरुष द्वारा मूर्ति हटाने का विरोध करते हुए मूर्ति के पास जमा हो गये। सूचना पर बहुजन पैथर पार्टी के पदाधिकारियों का मूर्ति स्थल पर जमावड़ा लग गया। नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी मंडावर की कई दौर वार्ता हुई। लेकिन दलित समाज के लोग मूर्ति न हटाने पर अड़े रहे। देर शाम तक शासन प्रशासन व दलित समाज के लोगों के बीच कोई आम सहमति नहीं बन पायी थी। पुलिस मौके पर जमा है।

# पूर्व विधायक की हार्ट सर्जरी सफल



शाह टाइम्स संवाददाता

**नगीना।** भाजपा नेता व नगीना से पूर्व विधायक सतीश गौतम की हृदय की बाईपास सर्जरी सफल रही।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वो गत 17 फरवरी से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स ऋषिकेश में भर्ती हैं। पूर्व विधायक सतीश गौतम के पुत्र भाजपा नेता रोहित रवि ने बताया कि 19 फरवरी को विधायक जी के हृदय का ऑपरेशन हुआ जो की सफल रहा। पूर्व विधायक को तीन दिन आईसीयू में रखने के उपरांत रविवार को उन्हें हृदय वक्ष शल्य चिकित्सा वार्ड की उच्च निर्भरता इकाई में सफलतापूर्वक शिफ्ट कर दिया गया है। पूर्व विधायक सतीश गौतम के सफल ऑपरेशन होने से उनके समर्थकों एवं शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। उनके पुत्र रोहित रवि ने पिता सतीश गौतम के टेलीफोन द्वारा तथा व्यक्तिगत रूप से उनके कुशल क्षेम जानने पहुंच रहे लोगों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा यह सब ईश्वर की कृपा एवं आप सब की दुआओं का नतीजा है।

इस अवसर पर छोटे भाई पूर्व विधायक ज्वालापुर हरिद्वार सुरेश राठौड़, पूर्व क्षेत्रीय प्रबंधक ओआईसी एसपी सिंह, पुत्र युवा भाजपा नेता रोहित रवि, धर्मवीर सिंह, नरेश कुमार, विशाल राठौर, संदीप कुमार, दीपक कुमार, रविंद्र कौर, रोहित सिंह, लक्की राठौर, डॉ. अमरप्रीत सिंह, गुरमीत सिंह, संतोष देवी, विमल सिंह, लता देवी, दीप्ति सिंह, रविंद्र सिंह उर्फ गोलू, रवि कुमार, गुड्डी कुमारी आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### झुलसे व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत

**कोतवाली देहात।** ग्राम पेरूवाला निवासी अमानत अली (51 वर्ष) शनिवार को आग में झुलस गया था। परिजनों के अनुसार अमानत अली ने गांव में बाहर बकरियों का बाड़ा बना रखा है। शनिवार को बाड़े में आग लग गई, अमानत अली बकरियों को बचाने लगे। इसी दौरान आग में झुलस कर अमानत अली गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन अमानत अली को बिजनौर जिला चिकित्सालय ले गए। जहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। दिल्ली में उपचार के दौरान रविवार सुबह अमानत अली की मृत्यु हो गई। अमानत अली की एक वीडियो रविवार को वायरल हुई। यह वीडियो कुछ दिन पुरानी बताई जा रही है। वीडियो में उन्होंने अपनी पुत्रवधू पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। यह वीडियो पुरानी बताई जा रही है। सीओ नगीना भरत सोनकर ने बताया कि मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है।

### पुष्प वर्षा कर कांवड़ियों का स्वागत



**नहटौर।** हल्दौर चौराहे पर कांवरती शिविर में एसडीएम धामपुर व भाजपा नेताओं ने फूलों की वर्षा करते हुए स्वागत किया। जानकारी के अनुसार महाशिवरात्रि पर्व पर हरिद्वार से गंगाजल लेकर कांवरती अपने गंतव्य की ओर जा रहे है। संभल, अमरोहा, मुरादाबाद, बुलंदशहर आदि के कांवरती भोले के जयकारे लगाते हुए चल रहे है। रविवार को नहटौर के हल्दौर चौराहे पर कांवरती शिविर में एसडीएम धामपुर कुंवर बहादुर सिंह व कोतवाल धीरज सिंह व भाजपा नेताओं ने कांवरतियों पर फूलों की वर्षा करते हुए स्वागत किया। इसके अलावा नहटौर क्षेत्र के गांव झारखंडी में स्थित स्वयंभू शिव मंदिर पर कोतवाल धीरज सिंह ने पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। महाशिवरात्रि पर्व पर झारखंडी शिव मंदिर पर कांवरती जलाभिषेक करेंगे। एक दिवसीय मेले का भी आयोजन किया जाएगा।

### रास्ता भटकी कांवड़ियों के संग गई महिला



**अफजलगढ़।** उत्तराखण्ड के जिला रुद्रपुर की एक 24 वर्षीय महिला हरिद्वार से पति व अन्य परिजनों के साथ कांवड़ लेने गई थी। लौटते समय वह कांवड़ियों के जत्थे से अलग हो गई और भटकते हुए अफजलगढ़ कोतवाली क्षेत्र के गांव मौहम्मदपुर राजौरी पहुंच गई। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने डायल 112 पुलिस को दी। एसआई सुंदर सिंह ने महिला से उसका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम निशा पत्नी अजय गुप्ता निवासी ग्राम आजादनगर, जिला रुद्रपुर, उत्तराखण्ड बताया है। पुलिस के अनुसार उसके पति का मोबाइल स्विच ऑफ है। डायल 112 पुलिस ने भटकी महिला को थाने पहुंचाया तथा परिजनों से मिलाने का प्रयास में जुट गई।

# आध्यत्मिक समारोह में खेली फूलों की होली

## पार्क के शिलापट का अनावरण




शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** जंक्शन कॉलोनी में आयोजित विशाल आध्यात्मिक समारोह में मेरठ से पधारे भजन गायकों ने अपने भजनों की प्रभावी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम स्थल को भक्ति मय बना दिया।

इस दौरान भगवान कृष्ण और राधा रानी की आकर्षक एवं मनमोहक झांकी में शामिल कलाकारों ने अपने नृत्य की धूम मचा दी। सामूहिक रूप में खेली गई फूलों की होली में आयोजक परिवार के सभी सदस्यों के अतिरिक्त अनेक स्थानों से पहुंचे आयोजक परिवार के रिश्तेदारों और परिचित परिवारों ने एक दूसरे पर पुष्प वर्षा करते हुए होली कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य वाचस्पति मिश्रा एवं कोठीवाल डेंटल कॉलेज मुरादाबाद के डायरेक्टर केके मिश्रा ने संयुक्त रूप से स्व. जयप्रकाश शर्मा तथा आशा देवी की पावन स्मृति में उनके नाम से स्थापित किए गए पार्क के शिलापट का अनावरण किया। मुख्य यजमान समाजसेवी जितेंद्र शर्मा बबलू एवं उनकी धर्मपत्नी कामिनी शर्मा, रोहित गौतम एवं आंचल भारद्वाज, पुलकित शर्मा एवं सुगंधी गुप्ता, दिल्ली निवासी श्रीश मिश्रा एवं यशिका गौतम, सुनील कुमार शर्मा एवं प्रीति शर्मा, नोएडा निवासी कनव शर्मा एवं नेहा गौतम, युक्ति शर्मा, रिया गौतम, मुकुल कुमार शर्मा एवं संगीता शर्मा, हर्षित शर्मा, कार्तिक शर्मा आदि शामिल रहे। पूजन गौरव तथा आचार्य पंडित वैभव के अलावा आचार्य पंडित अमित ध्यानी ने प्रभावी मंत्र उच्चारण के बीच संपादित कराया। पूर्व राज्य मंत्री मूलचंद चौहान, पालिकाध्यक्ष रवि कुमार सिंह, पूर्व पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता, धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता एवं मिताली गुप्ता, शुगर मिल के कारखाना महा प्रबंधक विजय गुप्ता एवं पुष्पा गुप्ता, डॉ. शंकर लाल शर्मा, डॉ. कंचन, अनिल शर्मा एड. आदि मौजूद रहे।

# बिना बिल की दवाई नकली हो सकती है : उमेश भारती

## औषधि विक्रेता संघ द्वारा आयोजित कार्यशाला में ड्रग इंस्पेक्टर ने बताए नियम




शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** औषधि विक्रेता संघ बिजनौर द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें ड्रग इंस्पेक्टर उमेश कुमार भारती ने मेडिकल स्टोर स्वामियों को संबोधित करते हुए कहा कि मेडिकल स्टोर स्वामी बेची गई दवाई का रिकार्ड रखे शेड्यूल एच की दवाई का रजिस्टर जरूर बनाए बच्चों को दवाई न बेचे अपने प्रतिष्ठान में कैमरे अवश्य लगाए होल सेल के लाइसेंस पर रिटेल में दवाई बिल्कुल न दे अगर आपको जरूरत है और आपकी दुकान 165 वर्ग फिट से ज्यादा है तो आप मेरे पास आइए और रिटेल के लाइसेंस ले लीजिए ड्रग इंस्पेक्टर ने कहा कि बिना बिल के कोई भी दवाई ना खरीदें और ना ही बेचे बिना बिल के खरीदी गई दवाई नकली भी हो सकती है।

ड्रग इंस्पेक्टर उमेश कुमार भारती ने बताया कि पिछले 2 वर्ष में बिजनौर जिले में 65 से अधिक दवाईयों के नमूने जांच में फेल हुए है। जिनमें से पांच कंपनी अस्तित्व में पाई ही नहीं गई ना ही मेडिकल स्वामी के पास उक्त दवाइयों का कोई बिल था जिस वजह से सैंपल फेल होने पर मजबूरन मेडिकल स्वामी पर ही मुकदमा दर्ज कराया गया है। उमेश भारती ने मेडिकल संचालकों की आगाह किया कि अगर आपके पास दवाई का बिल नहीं होगा, तो आपको निश्चित ही परेशानी का सामना करना पड़ेगा इस लिए आप खरीदी हुई दवाई का बिल बेच मिलकर ही ले बिना बिल के दवाई मेडिकल स्टोर में दाखिल न होने दे। जिला केमिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुबोध कुमार ने कहा कि हम कोई गलत कार्य नहीं करते और हमें किसी से डरने की जरूरत नहीं है। हम सबको मिल जुल कर रहना है एक दूसरे के दुख सुख में साथ खड़े रहना है और एकता का परिचय देना है।

नगर औषधि विक्रेता संघ के संरक्षक जितेंद्र चौधरी ने अपने संबा. धन में कहा कि औषधि विक्रेता संघ का संरक्षक होने के नाते में सभी मेडिकल संचालकों को विश्वास दिलाता हूं कि किसी भी मेडिकल संचालक का अहित नहीं होने दिया जाएगा अगर किसी भी मेडिकल संचालक को कोई परेशानी है तो लिखित में औषधि विक्रेता संघ को सूचित करे।

औषधि विक्रेता संघ के नगर अध्यक्ष नाहर सिंह ने कार्यशाला में आए सभी मेडिकल स्टोर स्वामियों का आभार सभी मेडिकल स्टोर स्वामियों का आभार व्यक्त किया और विश्वास दिलाया कि हम आपके साथ है।

इस मौके पर नगर कार्यकारिणी का चुनाव हुआ। औषधि विक्रेता संघ की नगर कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। जिसमें सर्व सम्मति से दीप एंटरप्राइजेज के कपिल रस्तोगी को संरक्षक, सुंदरपुर मेडिकोज के नीरज चौधरी को संरक्षक, रितेश मेडिकोज के रितेश मोहन शर्मा को उपाध्यक्ष, आर्यन मेडिकोज के सुरेंद्र खरबंदा को उपाध्यक्ष, बलदेव मेडिकोज के हेमेंद्र चौधरी को उपाध्यक्ष, दलाल मेडिकोज के सुभाष चंद्र को सहसचिव, आर के मेडिकल के रविकांत गुप्ता को सहसचिव, लव्यांश हेल्थकेयर के मनोज शर्मा को मीडिया प्रभारी चुना गया।

# कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा कर रही पुलिस

## सीसीटीवी कैमरों से की जा रही कांवड़ियों की निगरानी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के निर्देश पर कस्बे से गुजरने वाले कांवड़ियों का पुलिस द्वारा जगह-जगह स्वागत किया जा रहा है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी भरत कुमार, थाना प्रभारी तेजपाल सिंह व चौकी लाल सराय इंचार्ज एसआई सोहन सिंह पुण्डीर ने पुलिस कर्मियों के साथ कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत अभिनंदन किया। कांवड़ियों ने भी बम भोले वह जय भोलेनाथ की गगन भेदी उद्घोष कर उनके स्वागत का आभार प्रकट किया। पुलिस क्षेत्राधिकारी भरत कुमार व प्रभारी निरीक्षक तेजपाल सिंह पुलिस कर्मियों के साथ स्वागत के लिए बुंदकी तिराहे पर पहुंचे और गुजरते हुए कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा की। जिससे कांवड़िये प्रसन्न हो गए तथा उन्होंने भोलेनाथ के गगन भेदी जय घोष लगाए। प्रशासन द्वारा की गई इस पुष्प वर्षा से सभी बेहद प्रसन्न दिखाई दिए। हर्षोल्लास के वातावरण में बम भोले के नारे लगाते हुए यात्रा को आगे बढ़ाया गया। अधिकारियों द्वारा गौशाला तक शोभायात्रा के साथ पैदल चलकर सम्मानपूर्वक नगर से रवाना किया गया। इस मौके पर सभी पुलिस कर्मियों द्वारा स्वल्पाहार फल का वितरण किया। मार्ग पर यात्रा में कांवड़ियों के साथ पैदल चले कांवड़ियों का भव्य स्वागत पुलिस प्रशासन को करते देख कांवड़ियों की सेवा के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। नगीना पुलिस क्षेत्राधिकारी भरत कुमार ने बताया कि कांवड़ियों को सुरक्षा का एहसास दिलाने के लिए पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा के साथ-साथ उनके जलपान का भी विशेष इंतजाम किया गया है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा दृष्टि से कांवड़ियों की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से भी की जा रही है और किसी भी आपात स्थिति में वे पुलिस की सहायता ले सकते हैं। इस अनोखे स्वागत और सुरक्षा के इंतजाम ने कांवड़ियों को बहुत प्रभावित किया है और यात्रा को और भी सुखद और सुरक्षित बना दिया है।

इस दौरान सीओ भरत कुमार, थाना प्रभारी तेजपाल सिंह, एस आई सोहन सिंह पुंडीर, महिला एसआई सपना तोमर, नेपाल सिंह, आशीष कुमार, धनपाल सिंह, हेमनिधि त्यागी, पारुल त्यागी, विमल पवार आदि मौजूद रहे।

# एएसपी ने किया कांवड़ मार्ग का भ्रमण



## कांवड़ियों को दिलाया सुरक्षा का विश्वास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा शिवरात्रि के दृष्टिगत थाना नगीना क्षेत्रांतर्गत कांवड़ मार्गों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

कांवड़ मार्गों से गुजर रहे शिवभक्तों/कांवड़ियों से वार्ता की गई एवं उनके कुशलक्षेम के बारे में जानकारी कर सुरक्षा का विश्वास दिलाया गया। कांवड़ मार्गों पर ड्यूटी पर लगे पुलिस बल से कुशलता के बारे में जानकारी कर कांवड़ यात्रा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# समाधान दिवस में दो शिकायतें दर्ज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** थाना समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को नवागत एसडीएम नगीना आशुतोष जयसवाल की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें दो शिकायतें आई। जिनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के आदेश दे दिए गए।

नवागत एसडीएम आशुतोष जयसवाल ने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जो भी शिकायतें थाना समाधान दिवस में आ रही हैं। उनका मौके पर जाकर निस्तारण किया जाये। उन्होंने कहा कोई भी कर्मचारी ऑफिस में बैठकर समाधान न करे। शिकायतकर्ता को भी संतुष्ट होना जरूरी है। उन्होंने थाना समाधान दिवस में अनुपस्थित रहने वाले राजस्व विभाग के कर्मचारियों से कहा कि जो भी कर्मचारी या अधिकारी थाना दिवस में नहीं पहुंचेगा उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

थाना दिवस में थाना प्रभारी निरीक्षक तेजपाल सिंह, एसएसआई दीपक कुमार, कानूनगो सतेंद्र सिंह, कानूनगो राकेश कुमार शर्मा, लेखपाल कृष्ण कुमार, दीपक कुमार, अंकित तोमर आदि थाना समाधान दिवस में उपस्थित रहे।

# भाजपा सरकार में महंगाई व बेरोजगारी चरम पर

## बूथों को मजबूत करने का आह्वान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** समाजवादी पार्टी की ओर से चलाए जा रहे पीडीए चर्चा कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया, जिसमें हाजी नईमुलहसन के अपने विचार व्यक्त किए।

प्राप्त समाचार के अनुसार रविवार को पीडीए चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत जोन 5 ए वन में चमंडा पर स्योहारा में समाजवादी की नगर पालिका सभासद सुभद्रा देवी वार्ड नंबर के सौजन्य से संपन्न हुई। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक हाजी नईमुल हसन ने कहा कि भाजपा सरकार देश को बांटने का काम कर रही है। पिछड़े वर्ग के लोगों के साथ भेदभाव और अत्याचार कर रही है। महंगाई अपने चरमपर है। बेरोजगारी से युवा परेशान हैं। इन सभी परेशानियों से निजात पाने के लिए अपने-अपने क्षेत्रों और बूथों को मजबूत करें ताकि आगामी 2027 के चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का काम करें। सरकार से लड़ने के लिए पीडीए ही आपकी ताकत है। जब उत्तर प्रदेश में समाजवादी सरकार ने बच्चों को लैपटॉप, मजदूरों को साइकिल, लड़कियों के पढ़ने व शादी के अनुदान देने का काम किया था। आज भाजपा सरकार में बेरोजगारी, देश में बढ़ती महंगाई पर भाजपा सरकार कोई बात नहीं करती। जनता के मुद्दे को छोड़कर भेदभाव की बात करती है। समाजवादी सरकार में सबका साथ और सभी का विकास हुआ है। यही समाजवादी पार्टी में समाजवादी कार्यकर्ताओं की पहचान है। समाजवादी पार्टी हमेशा अपने देश के नौजवानों के लिए ही बात करती है। देश की खुशहाली के लिए ही काम करती है। हम सभी को मिलकर आपस के भेदभाव को छोड़कर किसी भी जात बिरादरी में ना बट कर देश और उत्तर प्रदेश को विकास की ओर ले जाने मैं समाजवादी पार्टी का समर्थन करना है। वहीं पूर्व चेयरमैन शेरकोट कमरुल इस्लाम ने कहा कि आगामी चुनाव से पूर्व हम सब लोगों को मिलकर वोटों को समझना है और सरकार को बदलने का काम करना है।

इस मौके पर ओम प्रकाश सिंह, धर्मवीर सिंह, कल्लू सिंह, मोनू सिंह, जोगेंद्र सिंह, सुमित कुमार, मोहित कुमार, सतीश कुमार, चंद्र प्रकाश, अनुज सिंह, अनिल कुमार, मनीष कुमार, विश्वंभर सिंह, मास्टर रिंकू, मास्टर राकेश सैनी, नरेश कुमार, लाइक कादरी, मोनू कुमार, सभापति इरकान जैदी, शाबाज राणा, राजपाल प्रजापति, फहीम अहमद, मुफिजुर्रहमान, रिंकू, अदनान राईन, इब्राहिम अंसारी, नजीबुल हसन, दिलशाद, रईस अहमद, सभासद यूसुफ चौधरी, खालिद चौधरी, लड्डन चौधरी, साजिद अंसारी, सरदार जैदी, वसीम कुरैशी, परवेज अखतर मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जयवीर सिंह ने की।

इस कार्यक्रम में तमाम वक्ताओं ने समाजवादी पार्टी की उपलब्धियां गिनवाई।

# महर्षि देवानंद जयंती पर सामूहिक हवन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** वैदिक यज्ञ प्रचार समिति द्वारा महर्षि देवानंद जी की 200 वीं जयंती पर जनकल्याणार्थ हवन यज्ञ में आहुतियां दी गई।

टीचर कॉलोनी स्थित सत्य धाम धर्मशाला में आयोजित हवन यज्ञ गुरुकुल नजीबाबाद से पधारी आचार्य प्रियवंदा वेद भारती द्वारा गुरुकुल पदती द्वारा मंत्रोच्चार के बीच हवन यज्ञ में आहुतियां डलवाई गई। गुरुकुल नजीबाबाद से आचार्या के साथ गुरुकुल की छात्राओं द्वारा मंत्रोच्चार कर सामूहिक रूप से उच्चारण किया गया। आचार्य प्रियवंदा द्वारा महर्षि देव दयानंद जी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला गया एवं उनके बताएं मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया। हवन-यज्ञ के मुख्य यजमान नरेंद्र गुप्ता एवं मधु श्री गुप्ता, शलभ अग्रवाल एवं रश्मि अग्रवाल, श्रेय अग्रवाल एवं सुप्रिया अग्रवाल, आलोक आर्य, मीनू आर्य रहे।

कार्यक्रम में आचार्य मनीषा, अखिलेश आर्य, सुशील कुमार, संजय पुरी, बालक राम आर्य, लव गोयल, छत्रपति गोस्वामी, डॉक्टर दिनेश कुमार, आचार्य रामचंद्र, सुनीता, नंदा, प्रिया, वंदना, आदित्य आर्य, लक्ष्मी अग्रवाल, दया अग्रवाल आदि शामिल रहे।

# मतदाता जागरूकता विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता

## मतदान के लिए किया प्रेरित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आरएसएम कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का छठवां दिन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रवि धनकड़ के नेतृत्व में ग्राम सैदपुर वीरू उर्फ पीपला में मतदाता जागरूकता एवं माई भारत के लिए युवा एवं डिजिटल साक्षरता हेतु युवा थीम पर आधारित रहा।

प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों के मध्य मतदाता जागरूकता विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें स्वयंसेवकों ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। तत्पश्चात अपना फर्ज निभाना है, वोट डालने जाना है, लोकतंत्र का करें सम्मान, निर्भय होके करें मतदान आदि प्रेरक नारों के साथ ग्राम में रैली निकाली और ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया। स्वयंसेवक ललतेश यादव, लवी कुमार एवं अन्य स्वयंसेवकों ने ग्राम के मंदिर परिसर में मतदान जागरूकता हेतु एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। समाज को मतदान के लिए प्रेरित किया। तत्पश्चात द्वितीय सत्र में ष्माई भारत के लिए युवा एवं डिजिटल साक्षरता हेतु युवा थीम पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें सभी 50 स्वयंस्वकों का माई भारत पोर्टल रजिस्ट्रेशन सम्पन्न कराया गया। पूर्व स्वयंसेवक सौरभ कुमार ने बताया कि यह पोर्टल 15 से 29 वर्ष के युवाओं को रोजगार, व्यापार और कौशल विकास कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर देता है। इसका उद्देश्य युवाओं को सामुदायिक परिवर्तन के लिए सशक्त बनाना है।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ रवि धनकड़ ने बताया इस प्लेटफॉर्म को युवाओं को विकसित भारत के लिए सशक्त और सक्षम बनाने के लिए डिजाइन किया गया है।

# राम दरबार देकर किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। भजनों के द्वारा बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया।

मौहल्ला बाढवान स्थित नंदकिशोर रस्तोगी के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चाली. सा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। जिसमें भजन छम छम नाचे वीर हनुमान जिसे कहते हैं राम का दीवाना यह सबको खूब पसंद आया सब ने ताली बजाकर उत्सव वर्धन किया। अन्त में आयोजन परिवार को संस्था द्वारा राम दरबार का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। जिसमें हिमांशु रस्तोगी, नंदकिशोर रस्तोगी, मिथिलेश रस्तोगी, रोशनी रस्तोगी, शशि रस्तोगी, अजय कुमार, आलोक कुमार, वरुण कुमार, मीनू भारद्वाज, कृतिका रस्तोगी, सिद्धि रस्तोगी, रिद्धि रस्तोगी, सिद्धि रस्तोगी आदि शामिल रहीं। मंडल से अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, मनोज रस्तोगी, प्रीतम सैनी, राम प्रकाश वर्मा, मास्टर सुनील कुमार, सतीश रस्तोगी, संदीप शर्मा आदि शामिल रहे। अंत में बजरंगबली बाबा की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

## एक नजर

### आवारा सांड को पकड़ने की मांग

**नहटौर।** गांव अखेड़ा के जंगल में हमलावर आवारा सांड ने कई किसानों पर हमलाकर घायल कर दिया। सांड के आंतक से ग्रामीण परेशान है। आरोप है कि शिकायत के बाद भी ब्लॉक प्रशासन कोई सुध लेने को तैयार नहीं हैं। गांव अखेड़ा के जंगल में घूम रहे एक आवारा सांड ने आंतक मचा रहा है। जंगल जाने वाले किसान व उनके पशुओं को देखकर हमलावर हो जाता है। मुनित कुमार, हरपाल सिंह, कुलदीप सिंह आदि कई किसानों पर हमला कर घायल कर दिया। इसके अलावा बैल बुग्गी लेकर जंगल जाने किसानों के पशुओं पर भी हमला कर रहा है। आवारा सांड के हमलावर होने से जंगल जाने से किसान डर रहे है। किसान मुकेश कुमार, प्रदीप कुमार, इसरार अहमद, जाकिर हुसैन, महेंद्र सिंह आदि का कहना है कि ब्लॉक प्रशासन से आवारा सांड को पकड़वाने की कई बार मांग कर चुके है। लेकिन कोई सुध लेने को तैयार नहीं है। पड़ोस के गांव पाडली मांडू के जंगल में भी किसानों पर आवारा सांड हमला कर चुका है। फसल बर्बाद करने के साथ किसानों पर भी हमला कर रहा है। किसानों ने जल्द ही आवारा सांड को पकड़वाए जाने की मांग की है।

### नाटक द्वारा दिया नशा मुक्ति का संदेश



**धामपुर।** एसबीडी महाविद्यालय के एनएसएस की दोनों ईकाईयों के सुहागपुर में आयोजित के तत्वाधान में षष्ठम दिवस पर गांव में नाटक के द्वारा नशा मुक्ति का संदेश दिया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने गांव में जाकर ग्रामीणों को नाटक के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश दिया और आह्वान किया। वह भी अपने गांव में सभी को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करें। नाटक में प्रीति, जिया, हिमानी, सलोनी, मनु, उजमा, पूजा आदि छात्राओं ने प्रतिभाग किया। मेहंदी में इकरा, बुशरा, गजाला, हिना आदि शामिल रहीं। कार्यकम अधिकारी श्रीमती नीलम पाल व डा. अल्पना सिंह के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

### शादाब राइन दिल्ली में सम्मानित



**नगीना।** नई दिल्ली में स्थित भारत की एक प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान भारतीय विद्यापीठ में आयोजित एक कार्यक्रम में देश के प्रतिष्ठित स्कूल व प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों में भाग लिया। इस कार्यक्रम में भारत सरकार व पूर्व केंद्रीय मंत्री इंडियन इस्लामिक सेंटर के अध्यक्ष सलमान खुर्शीद, आईएएस सुचितर शर्मा, आईआरएस आकाश सोनी ने एजुकेशन ट्री के डायरेक्टर शादाब सुल्तान राईन को देश के युवाओं को सही मार्गदर्शन देने के लिए पुरस्कार देकर सम्मनित किया। इस कार्यक्रम में प्रोफेसर एमएन हुडा, मोक्ष यादव, आकाश सोनी व सुमित वर्मा जैसे सम्मानित व्यक्तियों ने देश के मौजूदा एजुकेशन सिस्टम पर चर्चा की।

# एफओएम परियोजना अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** कृषि विज्ञान के नगीना पर 21 से 22 फरवरी 2025 को एफओएम यानी कि फर्मेंटेड ऑर्गेनिक मैन्योर परियोजना अंतर्गत 25 किसानों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कराया गया।

उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषकों को फर्मेंटेड ऑर्गेनिक मैन्योर उत्पादन, उसका खेत में प्रयोग और उपयोगिता के बारे में बताया गया।

आगामी वर्ष में धान की फसल पर प्रदर्शनी लगाने हेतु किसमो का चयन भी किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र की प्रभारी डॉ. शकुंतला गुप्ता ने बताया कि यह प्रशिक्षण कृषकों की मृदा की उर्वरता के सुधार हेतु कराया गया है।

केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. केके सिंह ने बताया कि फर्मेंटेड ऑर्गेनिक मैन्योर का उपयोग खेत में हमारे फसल में जो बीमारियां आती है, उससे बचाव करने के लिए उर्वरता में सुधार हेतु साथ ही साथ गुणवत्ता युक्त उत्पादन के लिए किया जाता है।

डॉ. पिंटू कुमार ने फसलों में लगने वाले कीड़े बीमारियों इत्यादि के बारे में बताया। परियोजना समन्वषक संबंध में डॉ. शिवांगी ने उपस्थित कृषकों को योजना से संबंधित समस्त जानकारी दी। साथ ही साथ उनके मृदा उर्वरता को कैसे बढ़ाया जा सकता है और मृदा परीक्षण का महत्व मृदा नमूना लेने की तकनीक के बारे में बताया।

# स्थापना दिवस व विदाई समारोह मनाया

## सर सैयद मेमोरियल स्कूल में छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** सर सैयद मेमोरियल जूनियर हाई स्कूल में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी विद्यालय का 30वां स्थापना दिवस व विदाई समारोह हर्ष उल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कक्षा आठ व कक्षा 5 के छात्रों के लिए एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन विद्यालय के सभागार में उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्य/ फौजिया खान के स्वागत भाषण से हुआ। जिसमें उन्होंने छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद शिक्षकों और छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए, जिससे माहौल भावुक और प्रेरणादायक बन गया।

विद्यार्थियों के लिए सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित की गईं। जिनमें नृत्य, गीत और नाटक शामिल थे। वरिष्ठ छात्रों ने विद्यालय में बिताए अपने यादगार पलों को साझा किया। जबकि कनिष्ठ छात्रों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

अंत में विद्यालय प्रबंधक मौहम्मद शाहिद, अध्यक्ष शुझाउद्दीन, महासचिव डॉ. एहतिशाम, खालिद नौमानी, मौहम्मद शारिक, साहिबा रानी, तरन्नुम परवीन, अल्फा परवीन, नूरजहां, शाहीन अख्तर, अमरीन जहां आदि ने विद्यालय प्रशासन की ओर से छात्रों को स्मृति चिह्न प्रदान किए। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद और विदाई संदेश के साथ हुआ। यह समारोह सभी के लिए यादगार बन गया और भावी जीवन के लिए प्रेरणा प्रदान करता रहेगा।

संस्कृति कार्यक्रम में अर्शी वसी, इकरा परवीन, मौहम्मद तारिक, मौहम्मद कैफ, मौहम्मद मुदस्सिर, तराना परवीन, मंतशा, जोया आदि छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

# भाजपा सरकार ने झूठे वादे नहीं वास्तविक समृद्धि प्रदान की

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** लोकसभा क्षेत्र मरेठ से भाजपा के पूर्व सांसद राजेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि भाजपा सरकार ने झूठे वादे नहीं किए बल्कि उन्हे वास्तविक विकास और समृद्धि प्रदान की है। केन्द्र सरकार का बजट राष्ट्र का विकास के साथ अत्यंत लाभकारी है। बजट कल्याणकारी और यह गांव, गरीबों, किसानों, आदिवासियों, दलितों, शोषितों, वंचितों, को आर्थिक रूप से पिछड़े, मध्यम वर्ग के लोगों को सशक्त बनाने वाला बजट है।

वह रविवार को भाजपा के ज़िला कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होने कहा कि हमारी सरकार ने करोड़ों लोगों के लिए घर और शौचालय बनाए। सरकार के प्रयासों का नतीजा है कि 25 करोड लोग गरीबी से बाहर निकले गांव और पिछड़े इलाकों में महिलाओं द्वारा सामना किया जाने वाले संघर्षों को देखते हुए खुले में शौच से निदान के लिए महिलाओं की गरिमा स्वच्छता में सहायता के लिए 12 करोड़ शौचालय बनाए। कहा कि जहां एक दशक पहले बजट 1.8 लाख करोड़ था आज वह 11 लाख करोड़ तक पहुंच गया उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना ने लाभार्थियों के लिए 1.2 लाख करोड़ की बचत की है। जिसके कारण राष्ट्रपति ने इसे अपनी अधिवेशन में संदर्भित किया। जन औषधि केंद्रों ने आवश्यक दवोंओ पर 80 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जिससे परिवारों को वार्षिक 30000 करोड़ की बचत हुई। उन्होंने यूनिसेफ के एक अनुमान का हवाला देते हुए कहा कि स्वच्छता बनाए रखने वाले घरों ने वार्षिक 70 हजार तक की बचत की। 10 करोड़ महिलाएं विशेष रूप से पिछड़े और ग्रामीण क्षेत्र से स्वयं सहायता समूह से जुड़ी है। सरकार ने उनके कार्य क्षेत्र को बढ़ाने के लिए 20 लाख तक की वित्तीय सहायता देने का संकल्प लिया है। तीसरे कार्यकाल में 50 लाख से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। इस पहल के बाद अब तक कुल 1.25 करोड़ से अधिाक

**○भाजपा के पूर्व सांसद ने बजट पर पत्रकारों से की वार्ता**

महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं और सरकार 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का पर ध्यान केंद्रित कर रही है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था विकसित भारत के दृष्टिकोण में एक प्रमुख केंद्र बिंदु रही है। उन्होने बताया कि पिछले 1 दशक में कृषि बजट को 10 गुना बढ़ाया गया। पूर्व सरकारों की नीतियों की कमियों को उजागर करते हुए उन्होंने कहा कि पहले 1 रुपए में केवल 15 पैसे ही किसानों तक पहुंचते थे। इस वजह से यूरिया और उर्वरकों की जमाखोरी एवं कालाबाजारी होती थी। जिससे वह किसने तक नहीं पहुंच पाए थे लेकिन मोदी सरकार ने इस समस्या का समाप्त कर दिया और अब किसान सीधे खाद प्राप्त कर रहे हैं। जिससे उनका सही उपयोग और लाभ सुनिश्चित हुआ है। मोदी सरकार के कार्यकाल में किसानों को आसान लोन भी तीन गुना बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि पूर्व में प्राकृतिक आपदाओं के समय किसान असहाय रह जाते थे लेकिन मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों को 2 लाख करोड़ की भरपाई की। सिंचाई सुविधाओं में भी व्यापक सुधार किए। जबकि प्रत्येक नागरिक को साझा आकांक्षा पर बल दिया और हर खाने में मेज पर मेक इन इंडिया उत्पाद देखना मोदी सरकार के कार्यकाल में भारत की चाय उद्योग में दुनिया भर में अपनी पहुंच का विस्तार किया। राष्ट्र के विकास के लिए मोदी सरकार ने जो कार्य किया वह आज तक की सरकारो ने नहीं किये। इस दौरान जिलाध्यक्ष चौ. हरेन्द्र सिंह रिंकू, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंहल, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी, जय प्रकाश गुप्ता, मीडिया प्रभारी मुकुल रस्तोगी, संचालन अर्जुन वाल्मीकि ने किया।



सम्भल-भाजपा के ज़िला कार्यालय पर बजट पर पत्रकारों से वार्ता करते पूर्व सांसद राजेन्द्र अग्रवाल।

# बिना रॉयल्टी खनन कर रहे भट्टा कारोबारियों पर शिकंजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**असमोली।** बिना रॉयल्टी जमा किए अवैध खनन कर रहे भटटा कारोबारियों पर खनन विभाग नींद से जाग गया है। खनन अधिकारी के नेतृत्व में की गई इस कार्यवाई से भटटा स्वामियों में हड़कंप मच गया है।

प्रतिबंध के बावजूद भटटों पर जेसीबी से खनन किया जा रहा है। कई बार समाचारों को प्रमुख्ता से प्रकाशन के बाद खनन विभाग की नींद टूट गई। खनन अधिकारी मौहम्मद हलीम ने टीम संग असमोली थाना क्षेत्र में अवैध खनन में लगी पांच जेसीबी मशीनों को जब्त कर थाने में सीज कर दिया। इसके साथ ही खनन माफियों पर भारी जुर्माना लगाने की प्रक्रिया की गयी। खनन अधिाकारी का कहना है कि बिना अनुमति और रॉयल्टी जमा किए खनन करने वालों पर लगातार कार्रवाई होगी। अवैध खनन से न केवल सरकारी राजस्व का नुकसान होता है, बल्कि पर्यावरण को भी भारी क्षति पहुंचती है। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध खनन करने वालों में दहशत का माहौल है। खनन अधिकारी ने अवैध खनन करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शे नहीं जाने की चेतावनी दी है। इस दौरान खनन अधिकारी ने असमोली क्षेत्र के बिलालपत, टांडा, दबोई खुर्द, हीरापुर से एक दिन में 5 जेसीबी पकड़ कर थाना असमोली में सीज किया।



असमोली-अवैध खनन करते भट्टों से जेसीबी थाने पर जमा कराते।

**आगामी माह में तापमान और अधिक रहने के आसार**

# फरवरी माह में मौसम के तेवर तल्लख

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** फरवरी माह में गर्मी अपना वर्षो पुराना रिकार्ड तोड़ रही है। गर्मी के इस रूप को देखकर लग रहा है कि तापमान काफी अधिक रहेगा।

फरवरी माह में मौसम काफी ठंडक रहता था। यदि मौसम खुशगवार बना रहे तो भी गर्मी का अहसास नहीं हो पाता था,लेकिन जैसे-जैसे फरवरी माह समाप्त होने को जा रहा है वैसे-वैस गर्मी अपने सभी रिकार्ड को ध्वस्त कर रही है। मौसम विभाग की माने तो इस बार तापमान में इतनी जल्दी यह बदलाव का कारण पश्चिमी विक्षेम के हो रही देरी से हो रहा है।इससे आगे आने वाले दिनों में तापमान ओर भी अधिक बढ़ने की सम्भावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता है। फरवरी के इस माह में गर्मी के बजाए ठंडक का अहसास होता था,लेकिन इस बार गर्मी के तेवर जिस तरह से तल्ल्ख होते जा रहे हैं वैसे आगे आने वाले माह में गर्मी के आसार काफी तीखे होने का अनुमान लगाया जा रहा है। सुबह की पौं फटने और सूरज की किरणें फैलते ही दिन का पारा चढ़ते ही तपिश का अहसास करा देता है। जिससे इस माह में हाफ जैकेट या हाफ स्वेटर अथवा अंदर इनर पहनकर अपने कामों को जाने वाले लोगों को इन सारे वस्त्रों को त्याग कर ही जाना पड़ता हैं,क्योंकि दोपहर को तापमान अधिक होने से शरीर पर पहने गर्म वस्त्रों से चेंके लगने लगते हैं। हालांकि पूर्व वर्षों में इस माह में हुई बारिश से गर्मी के बजाए ठंडक का अहसास होता रहा था,लेकिन इस बार फरवरी माह में मौसम के यह तेवर और तल्लख होने का अनुमान है।



सिरसी-बिलारी तिराहे पर निर्माणाधीन चैक पोस्ट का निरीक्षण करते चैयरमेन कौसर अब्बास।

# पूरा शहर किया जाएगा तीसरी आंख से लैस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सम्भल** विगत वर्ष हुई हिंसक वारदात के बाद से फूंक-फूंक कर कदम रख रहे पुलिस प्रशासन हर अहतियाती कदम उठा रहा है। आसामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए अब शहर भर को तीसरी आंख से लैस करने का बीड़ा उठाया गया है। शहर भर में लगभग दो करोड़ की लागत से 300 सी सी टी वी कैमरों से लैस किया जायेगा।

नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी डा. मणिभूषण तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कल्कि त्रिनेतृत्व समिति की बैठक में 15वें वित्त आयोग से शहर में 2 करोड़ रुपए की लागत से से पूरे शहर को सीसीटीवी करने का निर्णय लिया गया है। जिलाधिकारी ने समिति में 2 करोड़ रुपए 15 वें वित्त आयोग से प्रस्तावित किए हैं। उन्होने बताया कि पूर्व में भी कैमरे लगाए थे। जिनसे बहुत से ऐसे लोगों को पता लगाने में पुलिस को

**○15वें वित्त आयोग से लगाए जाएंगे कैमरे**

काफी मदद मिली है। काफी उपद्रवियों को पहचान की गई। जबकि संदिधों का भी पता लगाया गया। उन्होने बताया कि कैमरों का कन्ट्रोल दो स्थानों पर रहेगा। जिनमे एक पुलिस विभाग की मदद से 127 प्वाइंट चिन्हित किए गए है। इन कैमरों के साथ व्आइस रिकार्ड भी शामिल रहेंगें। जिसकी सभी थानों में कन्ट्रोलिंग रहेगी। जबकि एक अपर पुलिस अधीक्षक और दूसरा तहसील मुख्यालय पर भी होगा। जिन पर प्रशासनिक व नगर पालिका परिषद तथा पुलिस की टीमों की ड्यूटी लगायी जायेगी। कैमरों में यदि किसी तरह की संदिग्ध अथवा अन्य कोई दिखायी देगी तब तुरंत ही उसका पता लगाकर टीम को भेजा जायेगा। इतना ही नहीं शहर में सुरक्षा-व्यवस्था के साथ चोरी व चेन स्नेचिंग की घटनायें एवं महिलाओं की सुरक्षा के लिए भी यह कार्य किया जा रहा है। उन्होने बताया कि करीब दो से तीन महीने में ही इस काम को पूरा करने का प्रयास किया जायेगा।

# दिन के उजाले में चीर रहे धरती का सीना

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** जनपद में खनन का कारोबार बेरोक-टोक के जारी है। आला अधिकारियों के निर्देश खनन माफियों के सामने कागज़ का कोरा टुकड़ा बनकर रह गया है, जबकि खनन माफिया दिन के उजाले में धरती का सीना चीरकर खोखला कर रहे हैं, लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती,जबकि अफसरों की आंखो के सामने से खनन भरे डम्फर रोज़ाना गुज़र रहे हैं।

जिले के जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने अवैध खनन को गम्भीरता से लिया था और खनन माफियों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये थे,लेकिन खनन माफियो पर आला अधिकारियों के निर्देश सिर्फ कागज़ का टुकड़ा बनकर रह गए हैं। जनपद के कई स्थानों पर दिन हो या रात अवैध खनन का धंधा बेरोक-टोक के जारी है। अधिकारियों की आंखो में धूल झोंकने के लिए खनन माफियाओ ने इसका निकाल लिया है। एक खनन माफिया कार्यवाही से बचने के लिए गैर जनपद की परमीशन बनवा कर अधिकारियों को दिखाकर खनन करने में कामयाब साबित हो रहा है, लेकिन दूसरी तरफ यह सब खेल देखकर मुरादाबाद रोड काफी बीघे से अधिक प्लॉट को पटान कर रहा है। इतना ही नहीं ओवरलोड मिटटी भरकर ला रहे हैं। जिससे कि सड़क पर चलने वाले राहगीरों की मिटटी आंखों में बढ़ने का खतरा बना हुआ है।

# रोडवेज बस स्टैंड के सौन्दर्यकरण का कार्य हुआ शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिरसी।** रोडवेज बस स्टैंड पर मुरादाबाद की और जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए नगर पंचायत ने सौन्दर्यकरण कराने का काम शुरू दिया है। जिससे यात्रियों को बैठने की भी सुविधा होगी।

**यात्रियों के आए अच्छे दिन**

गौर तलब है कि रोडवेज बस स्टेशन की इमारत की पुरानी व जर्जर हो चुकी हैं जिस कारण मुरादाबाद की ओर जाने वाले यात्रियों को बसों का इंतजार करना पड़ता था। नगर पंचायत चैयरमेन कोसर अब्बास ने यात्रियों की परेशानी को ध्यान में रखकर रोडवेज बस स्टैंड का सौन्दर्यकरण कराने का निर्णय लिया है। के साथ इस स्थान पर यात्रियों के बैठने के लिए बैंच कुर्सी आदि की भी व्यवस्था की जायेगी।

# सर्वर डाउन चलने से फार्मर आईडी बनाने की गति चल रही धीमी

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** फार्मर आईडी के रजिस्ट्रेशन कराए जाने को लेकर क्षेत्र के किसानों को जागरुक करने को लेकर निर्देश दिए जा रहे हैं। प्रशासनिक कर्मचारी में इसमे लगे हैं। जिससे अधिक से अधिक फार्मर आईडी समय से बन सकें लेकिन आधार कार्ड व खतौनी में नाम अलग होना। बुजुर्ग किसानों के फिंगरप्रिंट न आना, सर्वर डाउन आदि समस्याओं से इसकी गति धमी चल रही है।

**○बिन फार्मर आईडी से किसान सम्मान निधि पर लगेगी रोक**

अगर फार्मर आईडी के लिए रजिस्ट्रेशन नहीं कराया तो उनकी सम्मान निधि की किस्त पर रोक लगा दी जाएगी। जिसकी जिम्मेदारी स्वयं किसान को होगी। इसलिए किसानों को चाहिए कि वह समय रहते अपना फार्मर आईडी के रजिस्ट्रेशन करा ले। शासन ने निर्देश जारी कर दिए है कि जिस किसान की फार्मर आईडी के रजिस्ट्रेशन नहीं होगा। उसको मिलने वाली किसान सम्मान निधि योजना के तहत मिलने वाली धनराशि पर रोक लगा दी जाएगी। इसलिए किसान आईडी बनवाने में लगे हैं। उपजिलाधिकारी गुन्नौर आनन्द कटारिया ने बताया कि किसान फार्मर आईडी के रजिस्ट्रेशन को अवश्य करा ले। लेखपाल से लेकर अधिकारी भी इसको लेकर किसानों को गांव में जाकर जागरुक भी कर रहे है। फार्मर आईडी के रजिस्ट्रेशन के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं, कृषि संबंधी सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं, फार्मर आईडी के माध्यम से बीज, उर्वरक और कीटनाशकों की खरीद कर सकते हैं।

# बिलारी तिराहे पर पुलिस चैक पोस्ट का निर्माण शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिरसी।** कानून व्यवस्था को मजबूत करने, अपराधों व अपराधियों के साथ ही आसामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए पुलिस चैक पोस्ट का निर्माण किया जा रहा है।

**चैक पोस्ट से आम नागरिक व पुलिस को मिलेगी मदद**

थाना हजरत नगर गढ़ी क्षेत्र में बिलारी तिराहे पर पुलिस चैक पोस्ट का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। पुलिस चैक पोस्ट स्थापित होने से आम नागरिकों एवं राहगीरों में सुरक्षा की भावना पैदा होगी तथा पुलिस को भी कानून व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी। थानाध्यक्ष हजरत नगर गढ़ी मनोज कुमार वर्मा ने नगर पंचायत चैयरमेन कौसर अब्बास ने चैक पोस्ट निर्माण कार्य का जायज़ा लिया। उधर थानाध्यक्ष मनोत कुमार वर्मा ने बताया कि थाना क्षेत्र में हल्का नम्बर दो में ग्राम आबादवाली हल्का तीन में ग्राम जमालपुर में पुलिस चौकी बनाई गई है। उन्होने बताया कि उप निरीक्षक जय भगवान को आगाद वाली व उपनिरीक्षक शिवांश को जमालपुर चौकी के प्रभारी नियुक्त किए गए हैं।

# स्वयं सेवकों ने श्रमदान कर स्वच्छता को किया प्रेरित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठें दिन स्वंय सेवकों व सेविकाओं ने श्रमदान किया। जबकि यातयात नियमों की जानकारी दी।

**यातायात नियमों की जानकारी किया गया जागरूक**

राजकीय महाविद्यालय की दोनों इकाइयों के रासेयो शिविर में का शुभारम्भ सरस्वती वंदना व रासेयो गीत से किया गया। कार्यक्रम में प्रमोद कुमार रूपरेखा प्रस्तुत की। दोनों इकाईयों के स्वयं सेवकों ने महाविद्यालय परिसर में श्रमदान किया और साफ-सफाई कर समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। दूसरे चरण में महाविद्यालय सभागार में स्किल डेवलपमेंट विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में प्रमोद कुमार ने बताया कि देश में आज रोजगार के अवसरों की कोई कमी नहीं है। कमी है तो केवल रोजगार के अनुरूप योगयता न होना। स्किल डेवलपमेंट के माध्यम से छात्रों को सक्षम बनाकर, जरूरतों के अनुरूप श्रम बल उपलब्ध कराया जा सकता है। भारत सरकार द्वारा भी कौशल विकास कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को योग्य बनाकर देश के विकास में भगीदार बनाने हेतु चलाया जा रहा है। स्वयं सेवकों ने भी विचार गोष्ठी में प्रतिभाग किया एवं अपने विचार रखे। कार्यक्रम अधिकारी सचिन कुमार ने स्वयं सेवकों को यातयात नियमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन न करना है। साथ ही स्वयं सेवकों को 'सड़क सुरक्षा' शपथ दिलायी। अन्त में स्वयंसेवकों ने रा.से.यो. गीत उठे समाज के लिए उठें व राष्ट्रीय गान-जन-गण-मन का समवेत स्वर में गायन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के सुभाष बाबू, मौ. ऐजाज, कु. उन्नति आदि मौजूद रहे। संचालन कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार व सचिन कुमार ने किया।



सम्भल-मदरसा जामिया इस्लामिया तालीमुल कुरान में जलसे को सम्बोधित करते।

# नकद भुगतान पर नहीं होगा बैनामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** उपनिबंधक कार्यालय गुन्नौर पर अब बैनामा नगद भुगतान से नहीं किया जाएगा। साक्ष्य के रूप में चेक अथवा ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के माध्यम से ही किया जाएगा।

उपनिबंधक नरेन्द्र सिंह ने बताया कि कई बार कार्यालय आदेशों द्वारा अधिवक्ताओ एवं वसीकानविसो को बताया जा चुका है कि नगद भुगतान से बैनामा नहीं होगा। अब पुनः जिलाधिकारी के पत्रांक संख्या 572/स्टांप लिपिक/2025 के निर्देशन में प्रतिफल के भुगतान में ऑनलाइन अथवा चेक द्वारा लेनदेन का कड़ाई से पालन करने के निर्देश हैं। इसके तहत सभी अधिवक्ता व वसीकानवीसों को इसका ध्यान रखकर बैनामा पंजीकृत करना होगा।

# बिल जमा न करने वालों के काटे जाएंगे कनैक्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** बिजली विभाग शासन के निर्देश पर नगर क्षेत्र में बिल बकायदारों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाकर बिजली बिल जमा करने व उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन भी काटे जाने की चेतावनी दे रहा है। विभाग के इस अभियान से नगर के लोगों में खासा हड़कंप है।

जेई रोहित मुखिया ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर क्षेत्र में बिजली बिल बकायदारों के खिलाफ चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। लोगों द्वारा बकाया अदा न करने पर उनके कनेक्शनों को काटने की चेतावनी दी जा रही है। प्रधानों से भी बिल लोगों को जमा करने में सहयोग लिया जा रहा है। इसके अलावा कर्मचारियों ने लोगों को ओटीएस योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए जागरुक भी किया। ताकि वह इस एक मुश्त समाधान योजना का लाभ उठा सके। विभाग द्वारा चेतावनी देने से बिल बकायेदारों में खासा हड़कंप मचा हुआ है।

एच.सी.जे.पी. 6 नं. 33
H.C.J.P. V11 NO. 33
हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)
न्यायालय सिविल जज सी.डि. चन्दौसी जिला सम्भल।
विविध वाद सं. 20 सन् 2024
अशोक कुमार अग्रवाल **बनाम** पूजा गुप्ता आदि
1.श्रीमती पूजा गुप्ता आ. ल. 39 वर्ष पत्नी देवेन्द्र कुमार गुप्ता।
2. श्री देवेन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र नरेन्द कुमार गुप्ता निवासीगण मौ. पीर चन्दौसी जिला सम्भल।
चँकि उपर्रिनामांकित आवेदक के इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2024 के 03 के दिवस 12 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बन्धक रूपये अनुविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से खुला जावेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 20 के दिवस को निकाली गई।
प्रबंधक
सिविल जज (सी.डि.) चन्दौसी
जनपद सम्भल।

**नाम परिवर्तन**
मैने अपना नाम नीरू गुप्ता से बदलकर अंजली गुप्ता पत्नी योगेश गुप्ता रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये।
**अंजली गुप्ता पत्नी योगेश गुप्ता**
निवासी 82, इंद्रा चौक बबराला
जनपद सम्भल।

# मुकद्दस किताब पूरी इंसानियत के लिए हिदायत का जरिया: मुफ्ती मुबीन

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** मदरसा जामिया इस्लामिया तालीमुल कुरान में सालाना जलसे में मदरसे के दो मुकददस किताब हिफ्ज करने वाले दो होनहारों की दस्तारबंदी कर डिग्री प्रदान की गयी।

उप नगरी सराय तरीन के मौहल्ला बागीचा में आयोजित जलसे की शुरूआत कारी मुहम्मद सुलेमान ने तिलावते मुकददस किताब से की। कारी असद ने हम्द और नात से लोगों के दिल को मंत्रमुग्ध कर दिया। जलसे को खिताब करते हुए मुख्य अतिथि मौलाना मुफ्ती याकूब ने कहा कि हाफिज़ बच्चा अपनी नस्लों की बख्शिश कराता है। एक हाफिज अपने साथ दस ऐसा लोगों को लोगों को जन्नत में लेकर जाएगा। जो जहन्नुम में जाने वाले होंगे। अल्लाह ने हाफिज ए मुकददस किताब को बड़ा मर्तबा दिया है। इसलिए अपने बच्चों को दुनियावी तालीम के साथ दीनी तालीम भी हासिल कराएं। मुकददस किताब को अच्छे अंदाज में पढ़ें और नमाज की पाबंदी करें, क्योंकि नमाज में हर परेशानी का हल है। कुरान अल्लाह की किताब हैं। इसमें कयामत तक कोई बदलाव नही हो सकता। यह आसमान से आई किताब हैं। मुफ्ती मुबीन ने नबी की सुन्नतों पर अमल करने की नसीहत फरमाते हुए मुकददस किताब की फजीलत को बयान किया। कहा कि नबी की आज के दौर में सुन्नतों को जिंदा करना बडा सवाब है। मुकददस किताब की फजीलत पर रोशनी डालते हुए कहा कि कुरान उसे अच्छे अंदाज में पढ़ना चाहिए। मुसलमान बुराइयों को छोड़ कर अल्लाह व पैगंबर-ए-इस्लाम के बताए रास्ते पर अमल करे। उन्होंने कहा कि वही कौम तरक्की करती है, जो अपने बच्चों की तालीम पर महत्व देती हैं। तालीम के साथ बेहतरीन तरबियत भी दी जाए। नमाज और अल्लाह का जिक्र और दीन के रास्ते पर चलने की नसीहत दी। उन्होंने कुरान हाफिज मुकददस किताब की अहमियत को बयान करते हुए कहा कि इस्लाम की नजर में हाफिज-ए- मुकददस किताब की अहमियत और दर्जा बहुत ऊंचा है। जो लोग पाक मुकददस किताब की तालीम में लगे हुए हैं, वे अल्लाह और नबी की नजर में अच्छे और पसंदीदा हैं। इस्लाम और कुरान-ए-करीम के बताए रास्ते पर चलकर पूरी इंसानियत को कामयाबी की राह पर लाया जा सकता है। जलसे की निगरानी कारी मुरसलीन ने की। इस मौके पर मुहम्मद फैज, इब्ने हसन, रुशदा बिंते मुहम्मद नाजिम, मुहम्मद इब्ने आदि की दस्तारबंदी की गई। आखिर में मौलाना ने मुल्क और कौम की तरक्की और अमन के लिए दुआ कराई गई। इस अवसर पर मोहम्मद वसीम, मुहम्मद इमरान, मुहम्मद सलीम, मुहम्मद अनस आदि मौजूद रहे। जलसे की सदारत मौलाना मुफ्ती नाजिम व निजामत मौलाना कलीम ने की।

# रोज़गार को स्टील प्लांट लगाने की मांग

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** व्यवसाइयों ने केंद्र व राज्य सरकार से क्षेत्र में एक स्टील प्लांट लगाए जाने की मांग की है। जिससे क्षेत्र में व्याप्त बेरोजगारी को कम किया जा सके और युवाओं को रोजगार प्राप्त हो सके।

नगर के सदर बाजार में व्यवसाइयों की बैठक हुई। जिसमें गुन्नौर क्षेत्र में भारी उद्योगों की स्थापना की बात कही गयी। जिससे युवाओं को घर में रोजगार के अवसर प्राप्त हों। बेरोजगारों को क्षेत्र से बाहर रोजगार की तलाश में भटकना पड़ रहा है। सुनील कुमार ने कहा कि क्षेत्र में प्लांट के लिए काफी जमीन है। आवागमन के पर्याप्त साधन है। उद्योग की स्थापना से विकास की गति तेज हो जाएगी। क्षेत्र का पिछड़ापन दूर हो जाएगा। रोजगार प्राप्ति के अवसर उपलब्ध होंगे। क्षेत्र में विकास के लिए भारी उद्योगों की आवश्यकता है। उद्योग स्थापना से क्षेत्र में खुशहाली आएगी। युवाओं को क्षेत्र में ही रोजगार प्राप्त हो सकेगा। अन्य शहरों में काम के लिए भटकते नहीं घूमेंगे। प्रेमपाल सिंह ने कहा कि क्षेत्र में भारी उद्योग की स्थापना से अन्य रोजगारों को भी गति मिलेगी। क्षेत्र में बाजार का विकास होगा। क्षेत्र में प्लांट के समीप भी मार्केट आदि की स्थापना होगी। जिससे लोगों को रोजगार मिलेगा। क्षेत्र में भारी उद्योग की स्थापना क्षेत्र के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए बेहद जरूरी है। केंद्र व राज्य की सरकार क्षेत्र में उद्योगों की स्थापना कराएं। इस दौरान विनोद कुमार, नन्हे वार्ष्णेय, प्रेमपाल, सुमित, मनोज कुमार, प्रमोद कुमार, राजेन्द्र आदि मौजूद रहे।

# वैद्य हरिओम शर्मा ने रोगियों का किया परीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कल्कि विष्णु मंदिर सम्भल पर सुप्रसिद्ध वैध हरिओम शर्मा ने रोगियों का निःशुल्क परीक्षण किया। शिविर में नगर एवं आसपास के गांवों से सैकड़ों रोगियों ने स्वास्थ लाभ उठाया। वैध जी ने मरीजों को आवश्यक खान पान एवं व्यायाम के साथ दवाइयों की जानकारी दी।

# समाचार एक नज़र में

## रसूले करीम अहलेबेत की जिंदगी हमारे लिए नमूना ए अमल: मौलाना मुजफ्फर

**कुंदरकी।** मुजफ्फर नगर से आए मौलाना सय्यद मुजफ्फर हसनेन ने कहा कि रसूले करीम अहलेबेत की जिंदगी हमारे लिए नमूना ए अमल है। इल्म के बगैर तरक्की हासिल नहीं हो सकती है। कुंदरकी।नगर स्थित इमामबड़ा हजरत अबुतालिब मे अरमान रजा की पत्नी नुसरत शमीम के



चालीसवे की मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि रसूले करीम ने हमें तालीम हासिल करने और वतन से मुहब्बत करने का पैगाम दिया है। इल्म के बगैर अजमते रसूल और अहलेबेत हमारी समझ मे नहीं आ सकती है और बिना इल्म के तरक्की हासिल नहीं हो सकती।

माँ की आगोश बच्चे के लिए पहला मदरसा है इसलिए लड़कीयों जरूर तालीम दिलाई जाए ताकि माशाअरे मे बुराई न फैल सके समाज से बुराई खत्म करनी है तो रसूल और अहलेबेत के बताए रास्ते पर चलना होगा। मजलिस मे गुलाम मेहंदी रिजवी ने मरसिया पढ़ा और रईस अब्बास रिजवी, अजहर अब्बास नकवी ने पेश ख्वानी की संचालन मौलाना नय्यर रजा नकवी ने किया आभार अरमान रजा ने व्यक्त किया।

## लक्ष्मी शुगर मिल 25 फरवरी को बंद

**शाह टइम्स संवाददाता बिलारी।** लक्ष्मी शुगर मिल बिलारी का वर्तमान पैराई सत्र 25 फरवरी को बन्द कर दिया जाएगा। उक्त जानकारी लक्ष्मी शुगर मिल के उपाध्यक्ष सुभाष खोखर ने दी। उन्होंने बताया कि जिन किसानों के पास चीनी मिल को आपूर्ति करने योग्य गन्ना अवशेष हैं वो सभी गन्ना किसान भाई हर हाल में गन्ना आपूर्ति कर दें क्योंकि 25 फरवरी को वतर्मान सत्र बन्द कर दी जाएगा।इसलिए सभी किसान भाईयों हर हाल में गन्ना आपूर्ति चीनी मिल गेट पर कर दें। इसके बाद किसी किसान का गन्ना अवशेष रह जाता है तब वह उसके लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे। जिसमें चीनी मिल व गन्ना समिति बिलारी की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## सर्वप्रथम संत गाडगे जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया नमन

**बिलारी।** अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ की बैठक अंबेडकर पार्क में सर्वप्रथम संत गाडगे जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। बैठक में वक्ताओ ने कहा कि संत गाड़गे का जन्म महाराष्ट्र के अमरावती जिले के एक गांव में 1876 ई को एक गरीब धोबी परिवार में हुआ था। गाडगे जी ने अपना पूरा जीवन गरीब पीड़ित तथा शोषितो के लिए किया था। उन्होंने गांव-गांव जाकर सफाई का कार्यक्रम स्वयं भीख मांग कर कई चिकित्सालय विद्यालय आदि बनवाए थे। महाराष्ट्र सरकार ने उन्हें संत गाडगे की उपाधि दी। अंबेडकर अनुयायिओं ने कहा कि उन्होंने शराब बंदी का आह्वान किया तथा समाज में फैली कुरीतियों को सुधार करने का जीवन भर प्रयास करते रहे ऐसे महान संत को नमन कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता डॉ जगतपाल सिंह ने की व संचालन केके नवल संघ के मंत्री ने किया।बैठक में विकास गुप्ता एडवोकेट, डॉ कुंवर सिंह, मनवीर सिंह,जयपाल सिंह एडवोकेट,लाल सिंह गौतम, रोहतास कुमार, ब्रह्मपाल सिंह,हरवीर सिंह, मनोज कुमार, रामवीर सिंह,डॉक्टर विजय दीप आदि मौजूद रहे।

## नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष भयराज सिंह का जाट महासभा द्वारा किया जोरदार स्वागत

**बिलारी।** जाट महासभा की बैठक में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष भयराज सिंह का जाट महासभा बिलारी द्वारा जोरदार स्वागत सम्मान माला पहनाकर किया। जाट महासभा की चौधरी चरण सिंह पार्क शाहाबाद रोड बिलारी में भारतीय किसान यूनियन टिकैत पश्चिम प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी भयराज सिंह को जाट महासभा बिलारी अध्यक्ष आनंदवीर सिंह , पूर्व अध्यक्ष मा उदय पाल सिंह आदि जाट महासभा के सभी सदस्यों द्वारा माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।

## आज से एशिया की सबसे बड़ी परीक्षा का महाकुंभ शुरू

**चन्दौसी।** 24 फरवरी से एशिया की सबसे बड़ी परीक्षा का आयोजन आज से होने जा रहा है। यह पारदर्शिता नकल विहीन परीक्षाएं 12 मार्च तक विधिवत चलेगी, परीक्षाओं का कंट्रोल रुम लखनऊ में बनाया गया है। जहां अधिकारियों की परीक्षा केन्द्र पर पूरी नजर रहेगी। वहीं प्रत्येक निर्धारण परीक्षा केन्द्रों पर कैमरे लगे रहेंगे। वहीं प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर सचल दस्तों की आवाजाही समय-समय पर बनी रहेगी। सरकार द्वारा नकलविहीन




परीक्षा कराने पर कटिबद्ध है। शासन का स्पष्ट निर्देश है, यदि किसी परीक्षा केन्द्र पर सॉल्वर या नकल साग्रमी अनुचित साधनों का प्रयोग पाया गया तो सॉल्वर को उम्र कैद व एक करोड़ जुर्माना लगाया जायेगा। प्रयागराज परीक्षा प्रदेश में 8140 केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी। परीक्षा में हाईस्कूल के 27,32,216 व इंटरमीडिएट में 27,05,017 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा में नकल माफियाओं और असामाजिक तत्वों पर निगरानी, परीक्षा में बाधक बनने पर संज्ञेय अपराध की कार्यवाही स्ट्रांगरुम में सीसीटीवी कैमरा एवं सशस्त्र बल तैनात किया जायेगा। इस बार बोर्ड परीक्षा में पेपर में केन्द्रवार कोडिंग की गई है। आरक्षित प्रश्नपत्रों में भी केन्द्रवार कोडिंग हैं। प्रदेश के 17 जिलों में एसटीएफ और एलआईयू परीक्षाकेन्द्रों की विशेष निगरानी रखेंगे। यदि बोर्ड परीक्षा में लगा व्यक्ति किसी तरह की लापरवाही या तय काम नहीं करता है तो उसे सात वर्ष कारावास के साथ जुर्माने की सजा होगी। परीक्षा केन्द्र पर निर्धारित समय से पहले पेपर खोलने पर 10 वर्ष कारावास व पांच लाख रु0 जुर्माने का प्रावधान है। रविवार को परीक्षा आयोजन से पूर्व उपजिलाधिकारी, तहसीलदार सेक्टर मजिस्ट्रेट द्वारा दौरा किया गया एवं केन्द्र व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## सहायक प्रोफेसर ने गिरफ्तारी की मांग उठाई

**चन्दौसी।** एस.एम. डिग्री कॉलेज चन्दौसी में सहायक प्रोफेसर द्वारा कालेज के प्राचार्य डा0 दानवीर सिंह यादव पर यौन शोषण का आरोप लगाकर एसपी संभल के आदेश पर चन्दौसी कोतवाली में गंभीर आरोपों की जांच कर दरही है कि मामला क्या है? उसके लिए साक्ष्य एकत्रित किये जा रहे हैं। हालांकि पीडिघ्त पक्ष द्वारा भी अपने बयान दे दिये गये हैं। हालांकि प्रबंधनतंत्र द्वारा असिस्टेंट प्रोफेसर एवं लापरवाही, अनियमिताओं के चलते प्राचार्य को निलंबित कर दिया गया है। रविवार को असिस्टेंट प्रोफेसर मीनाक्षी सागर एवं पुष्पा जाटव, प्रवीन उर्फ बंटी, रेवाराम आदि लोगों द्वारा प्रदर्शन किया और आरोपी प्राचार्य व प्रोफेसर की गिरफ्तारी की मांग उठाई।

# टीएमयू ग्रेविटास स्पोर्ट्स में बीडीएस इंटर्न्स का जलवा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की ओर से ग्रेविटास-3.0 की स्पोर्टस प्रतियोगिताओं में बीडीएस इंटर्न्स की टीम- रीगल राजपूताना का जलवा रहा।

रीगल राजपूताना ने बॉस्केटबाल के ब्वायज एंड गर्ल्स, बॉलीवाल गर्ल्स, बैडमिंटन डबल्स के मुकाबलों में प्रतिद्वंदी टीम को धूल चटाई। एमडीएस की टीम- शान-ए-खालसा ने क्रिकेट और बैडमिंटन सिंगल्स की दो प्रतियोगिताएं अपनी झोली में डाली। बीडीएस थर्ड ईयर की टीम- डेशिंग डैक्कन ने वालीबाल ब्वायज, जबकि बीडीएस फर्स्ट ईयर की टीम- राइा. जंग सूर्यवंशी ने बैडमिंटन की मिक्स डबल्स में जीत दर्ज की। फैकल्टीज और स्टुडेंट्स के बीच 12 ओवर के फ्रेंडली क्रिकेट मैच में फैकल्टीज की टीम ने 06 विकेट से आसान जीत दर्ज की। स्टुडेंट्स की ओर से दिए 100 रनों के लक्ष्य को फैकल्टीज ने 09 ओवर में ही आसानी से मैच अपने नाम कर लिया। इसके अलावा खो-खो, रंगोली, अंत्याक्षरी, रिले दौड़, 200 मीटर और 100 मीटर दौड़



की प्रतियोगिताएं भी हुईं। ग्रेविटास-3.0 का फ्रेशर्स पार्टी के संग समापन 25 फरवरी को होगा, जबकि 24 फरवरी को कल्चरल नाइट में बीडीएस और एमडीएस के भावी डॉक्टर्स अपना जलवा बिखेरेंगे। प्रतियोगिताओं में वाइस प्रिंसिपल डॉ. अंकिता जैन, डॉ. डीएस गुप्ता, डॉ. उपेन्द्र मलिक, डॉ. शलभ मेहरोत्रा आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। डेंटल फैकल्टीज- डॉ. सौभाग्य अग्रवाल, डॉ. नकुल चौधरी, डॉ. अंजलि शर्मा, डॉ. जैनुअल आब्दीन ने प्रतियोगिताओं में रेफरी और एम्पायर की भूमिका निभाई। क्रिकेट के रोमांचक फाइनल मुकाबले में एमडीएस की टीम- शान-ए-खालसा ने बीडीएस थर्ड ईयर की टीम- डेशिंग डैक्कन को 06 रनों से मात दी। डेशिंग डैक्कन ने टॉस



जीतकर गेंदबाजी को चुना। शान-ए-खालसा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 06 विकेट खोकर 132 रनों का पहाड़ जैसा स्कोर खड़ कर दिया। 133 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए डेशिंग डैक्कन 03 विकेट खोकर 126 रन ही बना सकी। शान-ए-खालसा की ओर बल्लेबाज डॉ. शुभम मिश्रा ने 40 गेंदों में 65 रन बनाए। डॉ. मिश्रा ने अपनी पारी में दो छक्के और आठ चौके जडे और मैन ऑफ द मैच का खिताब अपने नाम किया। बैडमिंटन मिक्स डबल्स में राइजिंग सूर्यवंशी ने शान-ए-खालसा को 21-17 और 21-19 से मात दी। बैडमिंटन सिंगल्स के मुकाबले में शान-ए-खालसा ने राइजिंग सूर्यवंशी को 21-18 और 21-15 से पराजित किया। बॉस्केटबाल ब्वायज में रीगल राजपूताना ने राइजिंग सूर्यवंशी को 56-07 बॉस्केटबाल गर्ल्स में डेशिंग डैक्कन को 22-00 से करारी शिकस्त दी।

वालीबाल के ब्वायज मुकाबले में डेशिंग डैक्कन ने बीडीएस सेकेंड ईयर की टीम- रायल बंगाल को 21-18 और 21-19 से मात दी। खो-खो में रीगल राजपूताना, अंत्याक्षरी में डेशिंग डैक्कन और रंगोली में बीडीएस फोर्थ ईयर की टीम- माइटी मराठा विजेता रही। 100 मीटर ब्वायज दौड़ में रीगल राजप. ूताना के चंकी गुप्ता, जबकि 100 मीटर गर्ल्स दौड़ में डेशिंग डैक्कन की कुलसुम ने बाजी मारी। 200 मीटर ब्वायज दौड़ में रीगल राजपूताना के आदित्य चौधरी और गर्ल्स में माइटी मराठा की यूकेन के. फोम अव्वल रहीं। गर्ल्स की रिले दौड़ में रीगल राजपूताना और ब्वायज की रिले दौड़ में रायल बंगाल टीम विजेता रही।

# आईएफटीएम में 'अन्डर 16 बैडमिंटन प्रति० उड़ान' में दिखा नन्हे पंछियों का परवाज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्व विद्यालय में रविवार को "अन्डर 16 बैडमिंटन प्रतियोगिता 'उड़ान'" का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान में कार्यरत अधिकारियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के बच्चों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। यह प्रतियोगिता बालक और बालिका दोनों वर्गों में अंडर 10 और 11 से 16 आयु वर्ग में आयोजित हुई। 'उसे गुमां है कि मेरी उड़ान कुछ कम है, मुझे यकीन है कि यह आसमान कुछ कम है।' आईएफटीएम विश्वविद्यालय के बहुउद्देशीय हाल में रविवार की सुबह का नजारा बेहद खास नजर आया। अलग-अलग वर्गों में आयोजित हुई इस बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री राजीव कोठीवाल, कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय, कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल और खेल निद. ेशक प्रो. वैभव त्रिवेदी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुलाधिपति श्री कोठीवाल ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए शुभकामनाएं दीं। वहीं कुलपति प्रो. पाण्डेयने अपने उद्बोधन से प्रतिभागियों में जोश भरते हुए कहा कि यह आयोजन नन्हें खिलाड़ियों के हौसलों और जज्बे को बढ़ाने के लिए किया गया है। हो सकता है आगे चलकर इन प्रतिभागियों में से कुछ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन करें। वहीं खेल निदेशक प्रो. त्रिवेदी ने प्रतियोगिता की संपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि आज से विश्वविद्यालय की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता "शौर्य-2025" का आगाज हो गया है, जिसमें इस प्रतियोगिता के बाद 'स्टाफ मीट' और 'स्टूडेंट मीट' के दो संस्करण मार्च माह में आयोजित कराए जाएंगे। प्रतियोगिता के मैच बेहद शानदार रहे। कुल मिलाकर एक 35 प्रतिभागियों ने अपने कौशल का असाधारण प्रदर्शन किया। बालक वर्ग में अंडर 10 आयु वर्ग में फाइनल मुकाबला देव और नभ्य के बीच खेला गया, जिसमें देव ने 15-4, 15-5 से मैच अपने नाम किया। वहीं 11-16 आयु वर्ग में प्रज्ञान में आदित्य को 16-21, 21-19 एवं 21-12 से हराकर फाइनल की ट्रॉफी जीती। बालिका वर्ग में अंदर 10 आयु वर्ग में फाइनल मुकाबला आरोही और अंशु के बीच खेला गया, जिसे आरोही ने अंशु को 15-6, 15-9 से हराकर जीता। 11-16 आयु वर्ग में बालिका वर्ग का मुकाबला सारा और मान्य के बीच हुआ, जिसमें



सारा ने 21-16, 21-19 से जीत हासिल कर फाइनल अपने नाम किया। सभी विजेताओं और उपविजेताओं को उपस्थित मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने पुरस्कार स्वरूप ट्रॉफी प्रदान कीं और सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस आयोजन को सफल बनाने में श्री कपिल गिल, डॉ. शशांक चौधरी एवं डॉ. देश दीपक एवं डॉ. मनीश भट्ट का विशेष सहयोग रहा।

## मकान का बैनामा प्लाट दर्शाकर कराया

**चन्दौसी।** प्रेमनगर कॉलोनी की रहने वाली महिला ने मार्च 2024 को शांतिदेवी से मकान क्रय किया था जिसका बैनामा शांति देवी द्वारा उपनि. बंधक कार्यालय पर किया गया पर दलालों ने सांठगांठ कर बने मकान का बैनामा प्लाट दर्शाकर करा दिया। अब मायादेवी के मकान पर कब्जा नहीं मिला है। एक प्लाट जिसका एरिया 96 वर्गगज था। यह प्लाट 06 मार्च 2024 को महिला शांति से ढाईलाख रु0 में खरीदा।

विक्रय पत्र में छिपाया गया कि मौके पर मकान है। कुछ माह तक माया ने अपने द्वारा क्रय किये गये, मकान पर नहीं पहुंची तो महिला ने मकान पर कब्जा नहीं होने दिया। महिला शांति के लड़के का कहना था कि आप लोगों ने बैनामा में प्लाट लिखवाया या तो प्लाट तलाश करो, यह तो घर है। इसका आपके विक्रय पत्र में जिक्र नहीं है। आखिर क्रेती माया का पति चौकी मंडी पहुंचा जहां शिकायत दर्ज करायी। आखिर दलालों ने घर के स्थान पर प्लाट दर्शाकर क्रेती माया का पति मंडी समिति चौकी पहुंचा जहां शिकायत दर्ज करायी। आखिर दलालों ने घर के स्थान पर प्लाट दर्शाकर क्रेती को चूना लगा दिया।

# इब्राहिमपुर में जलसा बनाम दस्तारबंदी का हुआ आयोजन

**शाह टइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** क्षेत्र के गांव इब्राहिमपुर स्थित मदरसा अहले सुन्नत अजीमुल उलूम में जलसा बनाम दस्तारबंदी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हाफिज बने बच्चे को दस्तार बांधकर हाफिज की डिग्री से नवाजा गया और फूल मालाओं से लादकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उलेमा इकराम ने नूरानी खिताब किया। बीती देर रात आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जनेटा शरीफ से आए सैयद रेहान मियां ने नूरानी खिताब किया, उन्होंने कहा कि दुनियाबी तालीम के साथ-साथ दीनी तालीम का हासिल करना जरूरी है। तालीम मर्द और औरत दोनों पर फर्ज है, उन्होंने कहा कि बच्चे बड़ों की कॉपी करते हैं, इसी के लिए बड़ों को चाहिए कि वह अच्छा व्यवहार करें और अपने बच्चों को अच्छी तरबीयत दें, उन्होंने रसूले अकरम की सुन्नतों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में शाहजहांपुर के मोहम्मद सलमान अत्तारी को हाफिज बनने की मुबा. रकबाद पेश की और उनके सर पर दस्तार बांधकर दुआओं से नवाजा। इस दौरान मुख्य रूप से हाफिज व कारी मोहम्मद तय्यब, मौलाना जियाउर रहमान, मुफ्ती



नसीम अहमद, कारी शाहिद हुसैन, कारी वसीम, मौलाना रागिब, मौलाना दानिश, मौलाना असलम के अलावा कमेटी में रुबैद, गफ्फार ठेकेदार, भूरे, जावेद दुकानदार आदि सहित अनेक ग्राम वासी मौजूद है। कार्यक्रम की सदारत मौलाना जियाउर रहमान व निजा. मत मुनाजिर हुसैन ने की।

# राणाजी माफ करना गलती हमारे से हो गई...

**चन्दौसी।** नगर में लम्बे समय से ज्ञानविदों के ज्ञान से अभिमन्यु चक्र का मामला अब पटाक्षेप होता जा रहा है। चक्रव्यूह बनाने वालों ने व्यापारी एवं उसके परिवार को दिवा स्वप्न दिखाकर लक्ष्मी को अपने पाले में डालने का प्रयास किया पर लक्ष्मी तो लक्ष्मी है उसने हल चल तो मचायी पर तीन माह में काफी उठापटक होने के उपरांत फिर मामला टांय-टांय फिस्स होता दिखायी दे रहा है। हालांकि इस दौरान विभिन्न प्रकार के व्यतिकरण का विकास हुआ परंतु वह सभी अनपॉलोराइज्ड लाइट को पोलोराइज्ड लाइट में बदल दिया गया। इधर जब दो देशों के मध्य युद्ध होता है तो सपोर्ट करने वाले दल दोनों ओर सम्मिलित होकर मुख्य मुखिया के विरुद्ध ताल ठोंकते हैं लेकिन यह लड़ाई लम्बी चल गयी। जिसकी वजह से जुबा. नी जंग, कागजी जंग, प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष प्रहारों की भले जमकर प्रहार किया हो परंतु अप्रत्यक्ष रुप से पूरी फिल्म का डायरेक्टर कभी पर्दे के सामने नहीं आया, अतिश्योक्तियों का प्रयोग कर लक्ष्मी पाने की लालसा में सारी फसल हो धराशायी हो गयी। एक कहावत है कि सुबह का भटका शाम को घर आ जाये तो उसे भटका नहीं कहा जा सकता। आना भी चाहिए क्योंकि जब किसी घर में अचानक आग लग जाए मौत हो जाए तो पड़ोसी काम आता है। इसीलिए यदि कोई कष्टमय, असमय, स्वार्थवश, मरीचिका वश जो भी भ्रान्ति हुयी है उसे मस्तिष्क विश्लेषण के उपरांत माननी चाहिए परंतु किसी व्यापारी को अपने रिश्तेदारों एक खून के रिश्ते का विवाह हो जाना उसी प्रकरण को अतिश्योक्ति रुप में पेश करना बहुत बड़ी भूल माना जा रहा है। आखिर समाज में व्याप्त किसी समाधान का हल ही उस प्रकरण को सुलझाना है, फिलहाल जब गलती करने वाला पक्ष लम्बे समय के उपरांत अपनी गलती स्वीकार कर ले या फिर माफी मांग ले तो कोई अचम्भे की बात नहीं। बाह्य शक्तियों को हटाकर कार्य टनाटन होना चाहिए क्योंकि दो पक्षों के वाक्युद्ध, शीतयुद्ध, मोबाइल युद्ध के उपरांत मामला 100 से फिर शून्य पर आ गया जिससे दर्जनों लोगों के चूल्हे ठंडे होने की प्रबल संभावना बलवती हो रही है। गलती मान लेना कोई अपराध नहीं है। बार-बार गलती करके न मानना बहुत बड़ा अपराध है। आखिर जब-जब बंटे थे तब-तब कटे थे। एक रहोगे तो सेफ रहोगे। गलती मान ली तो मन हल्का हो गया पर पिछले तीन माह से जो मामला सुर्खियों में था अब उसका ग्राफ शून्य की ओर अग्रसर हो रहा है। आखिर राणाजी नीलकंठ ने हलाहल करके फिर विष पी लिया और कल के बिछड़े आज फिर मिले...गलती हमारे से हो गई। वहीं कुछ मौका परस्त लोगों के दिल के अरमा आसुओं में बह गये....।

# डिजिटल साक्षरता पर आयोजित किया रासेयो शिविर

**चन्दौसी।** राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई, एस.एम. कॉलेज चंदौसी के सात दिवसीय विशेष शि. विर का द्वितीय शिविर भारत के लिए युवा एवं डिजिटल साक्षरता हेतु युवा शीर्षक के अंतर्गत कार्यक्रम अधिकारी डा0 विशेष कुमार पांडेय के नेतृत्व में ग्राम मौलागढ़ में आयोजित किया गया। शिविर प्रांगण पर स्वच्छता कार्यक्रम में प्रतिभा करने के उपरांत सभी स्वयंसेवकों ने डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क, मौलागढ़ पहुंच कर भंतेजी के नेतृत्व में भगवान बुद्ध का पूजन एवं डॉ भीमराव अंबेडकर को माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के वैचारिक सत्र में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए महेंद्र कुमार वर्मा, असिस्टेंट प्रोफेसर, अर्थशास्त्र विभाग ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विकसित होते भारत में युवाओं की भूमिका को रेखांकित करने के साथ-साथ डिजिटल युग में युवाओं को सजग एवं सक्रिय रहने के सूत्र बताए। श्रीवर्मा ने विद्यार्थियों को वस्तु विनियम प्रणाली से लेकर वर्तमान डिजिटल युग तक की प्रणालियों से लेकर ऑनलाइन शॉपिंग करते समय, डिजिटल अरेस्ट संबंधी विषय तथा ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने की विषय में विस्तारपूर्वक बताया। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक धीरेंद्र कुमार ने किया। मुख्य अतिथि के प्रति धन्यवाद ज्ञापन स्वयंसेवक संभव गुप्ता ने किया।

शिविर में जितेंद्र कुमार शिविर सहायक, राजेश दिवाकर एवं मौलागढ़ निवासी कपिलदेव, शिवकुमार सिंह, अमित कुमार,



दुष्यंत, अतेंद्र सिंह, अजय कुमार, अर्जुन, आदित्य आदि का विशेष रूप से सहयोग रहा। शिविर में संभव गुप्ता, धीरेंद्र कुमार, यश वार्ष्णेय, जितेंद्र कुमार, अभिजीत सिंह, जमुनाप्रसाद शर्मा, सुमित कुमार, अरविंद, जुबेर अली, कौशल कुमार, विनीत कुमार, शिखर किशोर, सत्यम पाठक, अरुण शंखधर, रोहित कुमार, रामू जतिन, अभिषेक उपाध्याय सहित सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# साइबर सेल ने कराए 30 हजार रुपये वापिस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**चन्दौसी/बहजोई।** साइबर सेल द्वारा सराहनीय कार्य कर पीडिघ्त के 30 हजार रु0 वापिस कराये गये हैं। साइबर सेल थाना संभल टीम द्वारा थाने पर प्राप्त एनसीआरपी शिकायत संख्या 33101250011721 पर एसपी के.के. बिश्नोई के नेतृत्व में साइबर अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण हेतु चलाये गये अभियान के तहत शिकायतकर्ता जितेन्द्र पुत्र प्रताप सिंह नि0 मौ. टांडा जनपद संभल द्वारा थाना संभल पर प्राप्त शिकायत संख्या के आवेदक के 30 हजार रु0 वापिस कराये गये। यह धनराशि पंजाब नेशनल बैंक के खाते में गयी। उस खाते का खाता धारक मुरादाबाद को होना पाया गया। व्यक्ति से पुलिस द्वारा संपर्क किया गया। संपूर्ण धनराशि आवेदक को दी। साइबर सेल द्वारा अपील की गयी अज्ञात कॉल पर खाता सं0 अथवा ओटीपी नहीं बताये। साइबर प्रभारी के प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार थाना संभल, एसआई रविन्द्र कुमार, सिपाही नीजर का सहयोग रहा।

# रासेयो शिविर में नशा मुक्ति पर की चर्चा

**चन्दौसी।** एन.के.बी.एम.जी. कॉलेज चन्दौसी की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों की कार्यक्रम अधिकारी डॉ शीतल एवं डॉ प्रियंका के संयोजन में सप्तदिवसीय विशेष शिविर 'कुरीति एवं नशा मुक्त भारत' विषय पर सरा. ेजनी नायडू कंपोजिट प्राथमिक विद्यालय खुर्जा गेट चन्दौसी में आयोजित किया गया। शिविर का आरंभ स्वयंसेविकाओं तमन्ना वार्ष्णेय, खुशबू वार्ष्णेय, प्रिया, मीनाक्षी शर्मा, वंशिका रस्तोगी, खुशी, नेहा, इशा रस्तोगी, प्रिया बघेल आदि द्वारा माँ सरस्वती की वंदना, लक्ष्य गीत व आह्वान गीत प्रस्तुत कर किया गया। प्रथम सत्र में स्वयंसेविकाओं ने गांव में जाकर सर्वे किया जिसके अंतर्गत स्वयंसेविक. ाओं ने नशा मुक्ति पर घर-घर जाकर प्रश्न किए और जब उनको उत्तर नहीं मिले तो स्वयंसेविकाओं की टोलियों ने लोगों को इसके बारे में जागरूक किया। सर्वे करने के बाद स्वयंसे. विकाओं ने अपने अनुभवों को एक-एक करके साझा भी किया। शिविर के द्वितीय सत्र में मुख्य वक्ता पूनम अरोड़ा (डिस्ट्रिक काउंसलर, पुलिस परामर्श केंद्र, संभल) एवं नूतन चौधरी (बाल कल्याण समिति प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट) ने स्वयंसे. विकाओ को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से समाज व समुदाय की सेवा के लिए प्रेरित किया और नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला कि किस तरह से इस नशे ने परिवार के परिवार खत्म कर दिए हैं और किस तरीके से यह नशा युवाओं को अपनी गिरफ्त में ले रहा है। साथ ही उन्होंने नशे को कम कैसे किया जा सकता है, इसके बारे में भी छात्राओं को जागरूक किया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी डा0 प्रियंका, डा0 शीतल, सीता व मुकेश का सहयोग रहा।

## बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र मोहम्मद अरबाज व पुत्रवधू श्रीमती अजीजन को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। मोहम्मद याकूब सलमानी पुत्र शमीम अहमद निवासी गिरजाघर के पीछे कस्बा थाना पाकबडा, तहसील व जिला मुरादाबाद।

# अनियंत्रित होकर घर की दीवार से टकराई कार, हुई क्षतिग्रस्त

## कार टकराने की सूचना पाकर मौके पर पहुंची 112 पुलिस

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र में शादी में शामिल होने आ रहै युवक की तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित होकर एक घर जा टकराई इससे कार सवार युवक मौके से फरार हो गया जबकि बड़ा हादसा होने से टल गया। वही किसी भी जनहानि का नुकसान नही हुआ है। सूचना पाकर 112 पुलिस मौके पर पहुँच कर जांच कर रही हैं। कोतवाली क्षेत्र के गांव असलेमपुर निवासी हसमत अली के लड़के की शादी में शिरकत करने आ रहै युवक की तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित होकर गांव के ही प्रवीण के मकान की दीवार से जा टकराई जिसमें




तेज आवाज से पूरा गाँव मौके पर एकत्र हो गया कार सवार युवक मौका देखा घटना स्थल से फरार हो गया वही पीडिघ्त ने 112 पुलिस को सूचना देकर घटना की जानकारी दी तो सूचना पाकर मौके पर पहुँची 112 पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। वही किसी भी तरहा का जनहानि का नुकसान नही हुआ है।

# गांधी स्मारक डिग्री कॉलेज में लगाया रासेयो शिविर

**सुरजन नगर।** गांधी स्मारक महाविद्यालय में एनएसएस का कैंप में शनिवार को लगे शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ भूपेंद्र सिंह ने किया उन्होंने एनएसएस स्वयंसेवक सेविकाओं का स्वागत किया गया तथा कुलदीप व्यास ने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों को व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से विकसित होने में मदद करता है कार्यक्रम के अधिकारी कुलदीप व्यास ने बताया कि स्वयंसेवकों एवं सेविकाओं के लिए शारीरिक रूप से विकसित होने के लिए खेल कूद का भी होना आवश्यक है जिससे सामुदायिक सेवा के माध्यम से युवाओं के व्यक्तित्व का विकास होता है यह शारीरिक और सामाजिक नागरिक जिम्मेदारी की भावना विक. सित करता है एनएसएस के प्रथम इकाई के स्वयंसेवक द्वारा संध्या के समय खेलो इंडिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके तहत शारीरिक स्फूर्ति को बनाए रखने के लिए श्रम सेवक द्वारा बास्केटबॉल का आयोजन किया गया जिसमें समस्त छात्राओं ने प्रतिभाग लिया जिसमें प्रिंस कुमार के नेतृत्व में टीम ए द्वारा मैच जीता गया वहीं दूसरी ओर एनएसएस के कार्यक्रम के तहत खेल कूद के पश्चात स्वयंसेवकों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया और सामाजिक जीवन पर स्वास्थ्य संबंधी बातों पर चर्चा की तथा में करियर भी बनाया जा सकता है इसी प्रकार समय समय की विषयों पर चर्चा का महत्व बताया गया यदि हम ऐसे विषयों पर अपनी पकड़ बनाते हैं तो हमें आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं में काफी लाभ प्राप्त होता है नस के कार्यक्रम में प्रिंस कुमार प्रशांत कुमार सुंदरम राकेश अविनाश सौरभ गौरव प्रदीप कंचन सुमन सविता यशोदा गुलिस्ता इत्यादि छात्रों की प्रक्रिया भूमिका रही।



# समाचार एक नज़र में

## संत निरंकारी मिशन ने नील सरोवर पर चलाया विशाल सफाई अभियान

**कांठ( शाह टाइम्स )** सतगुरु माता जी की प्रेणना से रहेबर सद्गुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के जन्म दिवस के उपलक्ष में एक विशाल सफाई अभियान का आयोजन नील सरोवर पर 8:00 बजे से 11:00 तक किया गया जिसमें रामगंगा किनारे पर सफाई अभियान चलाया गया बताया गया कि संत निरंकारी मिशन पिछले कई वर्षों से संत निरंकारी चौरिटेबल




फाउंडेशन के तत्वावधान में स्वच्छता एवं वृक्षारोपण अभियान चला रहा है, रक्तदान शिविर लगा रहा है तथा अन्य कई गतिविधियां चला रहा है। सेवादल सदस्यों तथा मिशन के अन्य भक्तों द्वारा जुड़े फाउंडेशन के स्वयं सेवक हर वर्ष 23 फरवरी को परम पूज्य बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में स्वच्छता एवं वृक्षारोपण अभियान चलाते हैं। इन अभियानों में फाउंडेशन ने ऐतिहासिक स्मारकों, सार्वजनिक स्थानों, अस्पतालों तथा नदी तटों पर विशेष ध्यान दिया है।

## जंगल में घेर कर युवक को पीटा मामला दर्ज

**कांठ( शाह टाइम्स )** रुस्तमपुर निवासी पूजा पत्नी संजीव का आरोप है कि 19 फरबरी को दोपहर बाद उसका बेटा रितिक खेत पर चारा लेने गया था आरोप है कि वहां पर पहले से ईख के खेत मे विशाल पुत्र निगीराज सिंह निवासी रुस्तमपुर छिपा बैठा था जहां उसने तीन अज्ञात लडके बुला रखे थे। उन्होने मेरे बेटे को रोककर पीटना शुरू कर दिया जैसे तैसे बह भागकर घर आया और घटना के बारे में बताया । महिला थाने पहुंची और आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

## चोरों ने इंटर कॉलेज को बनाया अपना निशाना ताले तोड़कर ले गए सामान

**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र के दलपतपुर स्थित डाक्टर खमानी सिंह इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अजय कुमार ने बताया कि शनिवार की रात्रि में अज्ञात चोरों ने विद्यालग के प्रधानाचार्य आफिस का ताला तोड़ा



दिया,आफिस के बाहर लगा सीसीटीवी कैमरा भी चोरों ने तोड़ दिया , कालेज के प्रांगण में नल को भी तोड़ा गया व रसोई का दरवाजा तोड़ कर भगोने व अन्य सामान ले गये, कालेज के प्रांगण में गमले लगे हुगे थे उनको भी तोड़ दिया गया, विद्यालय में प्रथम तल पर जाने के लिए जीने का भी ताला तोड़ा गया व अन्य सामान को क्षतिग्रस्त कर दिया गया, कालेज में चोरी तोड़-फोड़ की जानकारी दलपतपुर पुलिस को दी गई, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कालेज में हुई चोरी और तोड़फोड़ का जायजा लिया, प्रधानाचार्य ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है।

## भावाधस के जिला स्तरीय सम्मेलन में उमड़ा सैलाब

**ठाकुरद्वारा।** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज का एक भव्य जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन रविवार को ब्लाक परिसर में किया गया। कार्यक्रम में . चंडीगढ़ से आए बालचंद बोहत ने संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने बच्चों को



शिक्षित करना चाहिए। बिना शिक्षा के समाज का उत्थान नही है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय मुख्य संचालक शिव कुमार बिरला ने कहा कि हमें एक जुट होकर के समाज को एक प्लेटफार्म पर लाने की कोशिश को जानी चाहिए। वाल्मीकिन समाज के अनेको संगठनों से ये अपील है कि हमें एक विधान एक निशान एक संगठन के बैनर तले कार्य करेगें। जिसमें वाल्मीकिन समाज को ताकत एव धर्म को पहचान होगी। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द्र सूद ने कहा कि अमृतसर में भावाधस का अमृत महापर्व एवं सम्मेलन होने जा रहा है। जिसमें सभी लोगों सें अपील की ज्यादा-ज्यादा संख्या में पहुंचने की अपील की। वहीं लघु उद्योग व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष गौरव चौहान ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वाल्मीकियन समाज का साथ हमेश देता रहा है और देता रहूंगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री सुभाष चौधरी ने बताया कि भगवान वाल्मीकि जी के प्रकट दिवस पर पात्रों को सम्मानित किया गया है। साथ ही नगर कमेटी का भी गठन किया गया है। ओंमकार भारती नगराध्यक्ष, आकाश कुमार, अक्षय वाल्मीकिन, सुरेंद्र , राजकुमार आदिवासी, मदनपाल , सहदेव, अंकित भील, आदित्य , राज कुमार, पूर्व प्रधान खैरूल्लापुर आदि शामिल रहे।

## हर-हर महादेव की जयकारों की गूंज से शिवमय हुआ वातावरण

**ठाकुरद्वारा।** हर हर महादेव की जयकारों के साथ उत्तराखंड की देवनागरी हरिद्वार से पवित्र गंगाजल ला रहे कावडिघ्यों की वापसी शुरू हो गई है इसे पूरा क्षेत्र शिव में हो गया है। महाशिवरात्रि पर पर भगवान शिव का चला अभिषेक करने के लिए क्षेत्र के दर्जनों गांव के लोग भारी संख्या में उत्तराखंड की देव नगरी आस्था का



केंद्र हरिद्वार से गंगाजल लेकर वापस लौट शुरू हो गए हैं । जैसे-जैसे महाशिवरात्रि नजदीक आ रही है वैसे ही कावडिघ्यों की संख्या में वृद्धि होती चली जा रही है वहीं डाक कावड़ के हरिद्वार जाने का भी सिलसिला शुरू हो रहा है नगर में ग्रामीण क्षेत्र में शिव मंदिरों की सफाई के साथ-साथ वहां पर जगह-जगह भंडारे लगे भी शुरू हो गए हैं । और जोर शोरूम के साथजल अभिषेक की तैयारी लगभग पूर्ण कर ली गई हैवहीं यातायात के साधन कम उपलब्ध होने से नागरिकों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है । फैजुल्लागंज गांव के तालाब के निकट स्थित प्राचीन शिव मंदिर नगर के प्राचीन मढी शिव मंदिर व नगर में देहात क्षेत्र के जगह-जगह शिव मंदिरों में काँवडियो के विश्राम के लिए जगह-जगह टेंट शामियाने का कार्य तेजी से चल रहा है । कई स्थानों पर भंडारे शुरू भी कर दिए गए हैं । फैजुल्लागंज स्थित मंदिर के महत्व दिनेश गिरी महाराज ने बताया कि सारी सारी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई है । भोले के भक्तों ने आना शुरू कर दियाहै । वही कोतवाली प्रभारी निश्चित विवेक शर्मा कावड़ पथ के रास्तों का भी निरीक्षण किया । उन्होंने बताया कि सभी सुरक्षा व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई।

# जयंती पर बसपा की ओर से आयोजित किया कार्यक्रम



**मुरादाबाद।** संत गाडगे जी की जयंती पर अंबेडकर पार्क में बसपा की ओर से एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। रविवार को शहर के सिविल लाइंस क्षेत्र स्थित डॉ.भीमराव अंबेडकर पार्क में संत गाडगे जी की 149 वी जयंती मनाई गई। जिसमें बहुजन समाज पार्टी के सभी पदाधिकारियों ने संत गाडगे जी एवं भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीम राव अंबेडकर जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करें। बहुजन समाज पार्टी के सभी पदाधिकारियों ने महान संत गाडगे जी के आदर्शों पर चलने एवं उनके विचारों को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ.रणविजय सिंह एडवोकेट मुख्य सेक्टर प्रभारी मुरादाबाद मंडल , मण्डल प्रभारी मुरादाबाद मण्डल रामकुँवर गुलाव, गजेंद्र सिंह, जिला प्रभारी अमर सिंह, सुरेश चन्द्र दिवाकर, निर्मल सिंह सागर एडवोकेट जिला अध्यक्ष मुरादाबाद, चंद्रपाल सैनी जिला महासचिव आदि बसपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विजयश्री वेलफैयर सोसायटी के तत्वावधान में काव्य गोष्ठी आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** विजयश्री वेलफैयर सोसायटी के तत्वावधान में वरिष्ठ बाल साहित्यकार डॉ राक. ेश चक्र की पुस्तक दयानंद ऋषि अति प्यारे और भारत के गौरव स्वामी विवेकानंद का लोकार्पण और काव्य गोष्ठी का आयोजन रामगंगा विहार स्थित संस्था के मुख्यालय पर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षयता वरिष्ठ साहित्यकार अशोक विश्नोई ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ गजलकार ओंकार सिंह ओंकार व विशिष्ट अतिथि बाल साहित्यकार राजीव सक्सेना व राहुल शर्मा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की देवी मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मां सरस्वती की वंदना कवयित्री पूजा राणा ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन आवरण अग्रवाल श्रेष्ठ ने किया। मंच और मौजूद साहित्यकारों के मध्य वरिष्ठ बाल साहित्यकार डॉ राकेश चक्र की पुस्तक श्दयानंद ऋषि अति प्यारेश और श्भारत के गौरव स्वामी विवेकानंदश का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर आयोजित काव्य गोष्ठी मे अशोक विश्नोई ने कहा- हृदय में प्यार के, जब बलबले फूटते हैं,नदी सागर से मिलती है, दरिया छूटते हैं। ये वादा है, ना मिलना कम करेंगे, हम दिलों में दूरियां हों तो ,सिल. सिले टूटते हैं। ओंकार सिंह ओंकार ने कहा- खिल उठे हैं फूल कितने अब रिझाने के लिए, आ गया मौसम सुहाना गुनगुनाने के लिए। नवगीतकार योगेन्द्र वर्मा व्योम ने पढ़ा- धूप की मक्कारियाँ हैं और हम हैं, छाँव की लाचारियाँ हैं और हम हैं, पेड़ सांसों का डरा सहमा हुआ है, वक्त की कुछ आरियाँ हैं और हम हैं।

राहुल शर्मा ने कहा कि हम तो अभिशापित ऋषि-मुनि है, शाप काट घर जाएंगे। डॉ राकेश चक्र ने कहा कि अवनि के अमरत्व हो तुम, कोटिश: तुमको नमन है। हो गए बलिदान इस पर, गूँजता सारा गगन



है। वीरेंद्र सिंह ब्रजवासी ने पढ़ा कि मां का दिल कितना होता है, चिड़िया के जितना होता हैं। विवेक निर्मल ने कहा कि दर्पणों ने जब कहा सच ही कहा है, लेकिन सच का आवरण किसने गहा हैं। कवयित्री पूजा राणा ने पढ़ा कि हम नारी है निर्माता है, संसार हमारी मुट्ठी में है विजय हमारी मुट्ठी में, और हार हमारी मुट्ठी में, हम लक्ष्मी है, हम दुर्गा है, रणचंडी है हम काली है, है कमल हमारे हाथों में, तलवार हमारी मुट्ठी में, है विजय हमारी मुट्ठी में, और हार हमारी मुट्ठी में। आवरण अग्रवाल श्रेष्ठ ने कहा कि समंदर है,लहरे है,कश्ती है,तूफा है, किनारा नहीं है, मंजिल उसी को मिलती है जो हिम्मत हारा नहीं हैं। शुभम कश्यप श्शुभम ने कहा कि दौलत है अपने पास न जागीर एक भी, मां तो समझ रही है रतन तुमको इससे क्या। इस अवसर पर फक्कड़ मुरादाबादी, डॉ मनोज रस्तोगी, मनोज मनु, ईशान्त शर्मा ईशु ने भी अपनी अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। इस अवसर पर कार्यक्रम में अमित गुप्ता, राजेश्वरी सिंह, सविता निर्मल ,प्रखर गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# 2027 में सपा सरकार बनने से होगा सर्वांगीण विकास: मौहम्मद फहीम

**बिलारी।** क्षेत्र के ग्राम नवादा में सेक्टर रतनपुर खुर्द के बूथ प्रभारियों के साथ समाजवादी पार्टी की पीडीए जनपंचायत हुई। पीडीए जनपंचायत में पहुंचे सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि 2027 में सपा सरकार बनने से सर्वांगीण विकास होगा। पीडीए जनपंचायत में पीडीए की एकता की मजबूती का संकल्प लिया गया। कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई चरम सीमा पर है, प्रदेश सरकार द्वारा नई भर्ती न निक. ाले जाने से बड़ी संख्या में नौजवान बेरोजगार घूम रहे है। कहा कि 2027 में पूर्ण बहुमत के सरकार बनने जा रही है, सरकार बनने पर जो अधूरे कार्य रह गये है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाएगा। कहा कि भाजपा सरकार में पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों को आपस में बांटकर शोषण किया जा रहा है, शोषण कों रोकने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीडीए जागरूकता अभियान चलाया है, जिसमें बड़ी संख्या में पीडीए के लोग जुड़े रहे है, कहा कि पीडीए की ताकत से भाजपा सरकार घबरा गई है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष हाजी मौहम्मद उसमान एड, प्रदेश उपाध्यक्ष यूथ बिग्रेड सौरभ यादव, सेक्टर प्रभारी राम प्रकाश यादव , विशाल यादव, चन्द्रपाल, सुनील यादव, महेन्द्र मौर्य, बाबू खान ,कासिम खान, राहुल जाटव, मुकेश जाटव, मुरारी,कपिल मौर्य, विपिन कश्यप, रूप किशोर कश्यप, विमल ठाकुर, जीतन प्रसाद , विजय सिंह मौर्य, राहुल जाटव, राकेश, कमल सिंह, विपिन जाटव, राकेश प्रजापति, मौ0 फरमान, गजराम वाल्मीकि, इरशाद मुल्लाजी, जहीर , मो0 मोहसिन, श्यामवीर, जफरूददीन समेत पीडीए परिवार के लोग मौजूद रहे।



# कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में हमारा आंगन हमारे बच्चें संगोष्ठी हुआ आयोजन

**मुरादाबाद।** निपुण भारत एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिपेक्ष्य में पूर्व प्राथमिक शिक्षा एवं बुनियादी शिक्षा में बच्चों को निपुण बनाने, कोलोकेटेड आगनवाड़ी केंद्रों में चहक, परिकलन, कलांकुर, प्राइम कार्ड, वंडर बॉक्स, स्टेशनरी व लर्निंग कॉर्नर के प्रयोग से 3 से 8 साल तक के बच्चों का नामांकन, नियमित उपस्थिति के लिए अभिभावकों को जागरूक करने के उद्देश्य से मूंढापांडे के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मूंढापांडे के प्रांगण में हमारा आँगन हमारे बच्चें संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें बाल बाटिका से लेकर पूर्व प्राथमिक स्तर के निपुण विधार्थियो को अतिथियी द्वारा सम्मानित किया गया कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख मूंढापांडे डॉ नवदीप यादव ने कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प के तहत ब्लॉक के परिषदीय विद्यालय चमकाने का काम सरकार ने किया है। अब जिम्मेदारी आगनवाड़ी कार्यकर्ती व शिक्षको की कि वह राष्ट्र के निर्माण की नीव बच्चों को शिक्षा के बल पर मजबूत बनाकर भारत को विश्व गुरु बनाएं।कार्यक्रम में बोलते हुए विशिष्ट अतिथि विधायक पुत्र विक्की ठाकुर ने कहा कि सभी मिलकर विद्यालयो को



निपुण बनाकर बच्चों के सर्वांगीण विकास में अपना योगदान दे। इस मौके पर ब्लॉक की 7 न्याय पंचायत के 5--5 निपुण बच्चों को स्टेशनरी शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।बीइओ राजेश कुमार ने संगोष्ठी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सभी का आभार जताया।

कार्यक्रम का संचालन राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डॉ हरनन्दन प्रसाद ने किया।प्रभारी बाल विकास मूंढापांडे शकुंतला , एसआरजी सचिन शुक्ला, एआरपी डॉ स्वाति शर्मा, योगराज सिंह, लवकुश यादव मंजू रानी, जिला गाइड मधु सक्सेना के साथ ही करनी सेना के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर योगेंद्र राणा, ओमवीर सिंह चौहान, शिक्षक नेता डॉ नीरज शर्मा , संजय कुमार सिंह , सुमित कुमार सिंह, आशीष कुमार सिंह, सुरेंद्र सिंह, सौरभ यादव, कार्यालय सहायक चंद्र शेखर चौहान रवि यादव, सतेंद्र पाल, हरज्ञान सिंह के साथ ही बड़ी संख्या में शिक्षक व आँगनबाड़ी कार्यकर्ती मौजूद रही।

## गुरु बाबा हरदेव सिंह महाराज के जन्म दिवस के अवसर पर चलाया सफाई अभियान

**ठाकुरद्वारा।** संत निरंकारी मिशन की ब्रांच द्वारा निरंकारी मिशन के चौथे गुरु बाबा हरदेव सिंह महाराज के जन्म दिवस के अवसर पर अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत स्वच्छ-जल स्वच्छ-मन के तत्वाधान में क्षेत्र के ग्राम फैजुल्लागंज में स्थित तालाब की निरंकारी सेवादल के द्वारा साफ सफाई का कार्य किया गया, जिसका शुभारंभ ब्रांच मुखी ब्रह्म प्रकाश गुप्ता और ग्राम प्रधान छाया चौहान व सेवादल संचालक डॉक्टर रामकुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। वही ग्राम प्रधान छाया चौहान ने संत निरंकारी मिशन की इस पहल की बहुत सराहना की साथी कहा कि निरंकारी मिशन विगत कई वर्षों से देश के सार्वजनिक स्थलों, पार्कों ,नदियों, रेलवे स्टेशनों सहित देश भर में सतगुरु बाबा हरदेव सिंह महाराज के जन्म दिवस पर सफाई का कार्य करते हैं। मुखी ब्रह्म प्रकाश गुप्ता ने कहा कि मिशन श्स्वच्छ जल, स्वच्छ मनश् के संकल्प के साथ समाज में स्वच्छता और सेवा की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर काम कर रहा है। इस कार्यक्रम में मुकेश चौहान, ओम प्रकाश सिंह, रघुनाथ सिंह, कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर दीपक कुमार, राकेश कुमार, चंद्र कौशिक योगेश कुमार, मुनेश चौहान, राजबाला चौहान, सविता, निशा, ओमवती बलजिंदर कौर, मानसी सहित अन्य सेवादार मौजूद रहे।

## गुरु बाबा हरदेव सिंह महाराज की जयंती के उपलक्ष में चला सफाई और पौधारोपित अभियान

**डिलारी।** गुरु पूजा दिवस के शुभ अवसर पर ब्रांच करनपुर चौराहा के सेवा दल के भाई बहनों एवं साध संगत के सदस्यों ने राम गंगा नदी पर जाकर जल को स्वच्छ रखने के लिए सफाई अभियान चलाया बताते चले कि निरंकारी मिशन के चतुर्थ गुरु बाबा हरदेव सिंह महाराज की जयंती के उपलक्ष में प्रत्येक वर्ष साफ सफाई अभियान एवं वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया जाता रहा है इस वर्ष प्रोजेक्ट अमृत के तहत संत निरंकारी मिशन की ब्रांच करनपुर चौराहा एवं ब्रांच कांठ के सेवा दल के भाई-बहन एवं साध संगत के सदस्यों ने राम गंगा नदी पर मिलकर के सफाई अभियान चलाया और लोगों को संदेश दिया जल ही जीवन है जल को दूषित होने से बचायें प्रदूषण अंदर हो या बाहर दोनो ही हानिकारक है तत्पश्चात उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने लंगर का प्रसाद बड़ी श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया।

# संसार का उपकार करना ही आर्य समाज का उद्देश्य है: आचार्य विमल शास्त्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद पर आयोजित साप्ताहिक सत्संग में आर्य पुरोहित वीरेंद्र आर्य ने राजेश नारंग और डा आलोक कुमार की यज्ञमानी में वैदिक रीति से यज्ञ संपन्न कराया तत्पश्चात रविन्द्र आर्य ने भजन प्रस्तुत किया और डा राम मुनि ने सत्यार्थ प्रकाश का पाठ किया।आर्य विद्वान सूर्य प्रकाश द्विवेदी ने वेद व्याख्या की। महर्षि दयानंद सरस्वती के द्विजन्म शताब्दी पर बोलते हुए आर्य विद्वान आचार्य विमल शास्त्री( हरदोई )ने बताया कि महर्षि दयानंद सरस्वती ने गुरु विरजानंद को गुरु दक्षिणा में पूर्ण जीवन देने के संकल्प को आजीवन पूर्व करके इतिहास में पहली बार अपने को इस राष्ट्र के प्रति समर्पित किया। महर्षि ने परमपिता परमात्मा की वेदवाणी की जगह अपनायी जा रही अन्य आडम्बरपूर्ण पूजा पद्धति के विरोध में आंदोलन चलाकर वेद ज्ञान की शिक्षा और साधना को अपनाने का मार्ग प्रशस्त किया। यज्ञ की रक्षा और संवर्धन तथा वेद प्रचार के लिए आर्य समाज की सन् 1875 में कांकड़ बाड़ी (मुम्बई) में स्थापना की। आचार्य ने बताया कि उपवास का आशय शरीर सोधन के द्वारा शरीर को ओर अधिक ऊर्जावान बनाना है। उपवास में रोगमुक्त शरीर से लम्बी आयु की वृद्धि का संकल्प होता है। महर्षि दयानंद सरस्वती की विशेषताओं को बताते हुए आचार्य ने बताया कि महर्षि दयानंद सरस्वती ने धार्मिक विषमताओं को दूर करने के लिए सृष्टि के संविधान वेद व्यवस्था को अपनाने और एक ईश्वर को मानने तथा सर्वेभवन्तु सुखिन: की कामना के साथ वसुधैव कुटुंबकम् की भावना रखते हुए संसार का उपकार करते हुए आगे बढ़ते रहना ही मानवीय सरोकार बताया। आचार्य ने आगे बताते हुए कहा कि हिन्दी साहित्य के अलंकृत साहित्यकार आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने महर्षि दयानंद के बारे में बताया कि महर्षि दयानंद गुजराती होते हुए भी उन्होंने हिन्दी की गद्य शैली को प्रश्नोत्तर शैली बनाकर सत्यार्थ प्रकाश लिखा जो संसार की अद्भुत रचना है। अंग्रेजों की वित्तीय चोट देने और भारतीयों की आर्थिक दशा सुधारने




के लिए महर्षि दयानंद सरस्वती के अनन्य भक्त लाला लाजपत राय ने पंजाब नेशनल बैंक और ए बी सेट्टी ने विजय बैंक की स्थापना की। कार्यक्रम में अरबिंद आर्यबंधु विना. ेद कुमार गुप्ता निर्मल आर्य जिला प्रधान अजब सिंह आर्य, जिला मंत्री रमेश सिंह आर्य एडवोकेट डा आलोक यशपाल मुनि, विजय कौशिक रविन्द्र आर्य, ज्ञानप्रकाश भगत, राकेश आर्य, अर्जुन आर्य संतोष कुमार गुप्ता मयंक आर्य जितेंद्र सिंह आर्य,पुष्पा आर्य, राजेश नारंग आदि उपस्थित रहे।

# कीवी दबदबा कायम रखने बांग्लादेश वापसी के लिए उतरेगा

● न्यूजीलैंड ने मेजबान पाकिस्तानी धरती पर वनडे मैचों में लगातार चार जीत दर्ज की है



**रावलपिंडी, वार्ता।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में सोमवार को होने वाले ग्रुप मुकाबले में न्यूजीलैंड की टीम जहां टूर्नामेंट में अपनी जीत की लय कायम करने उतरेगी वहीं बांग्लादेश पिछले मैच में भारत से मिली करारी हार के बाद वापसी करने मैदान में उतरेगा। न्यूजीलैंड ने मेजबान पाकिस्तानी धरती पर एकदिवसीय मुकाबलों में दबदबा बनाए रखते हुए लगातार चार जीत दर्ज की हैं और वह अगले मैच को लेकर उत्साहित है। अब देखना होगा कि टूर्नामेंट में भारत से मिली करारी के हार के बाद बांग्लादेश वापसी कर पायेगा या न्यूजीलैंड अपना दबदबा कायम रखता है। बांग्लादेश पिछले मैच के तौहीद हृदोय के जूझारू शतक को ध्यान में रखते हुए निराशाजनक प्रदर्शन से उबरकर एक बार फिर से अपने अभियान को शुरू करना चाहेगा। वहीं न्यूजीलैंड ने विल यंग और टॉम लैथम की अगुआई में शानदार बल्लेबाजी की है। मैट हेनरी और विल ओ' रूर्के की अगुआई में उनकी गेंदबाजी इकाई ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और वे बांग्लादेश की कमजोर बल्लेबाजी का फायदा उठाने का प्रयास करेंगे। बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाजों फॉर्म में न होना उनके लिए परेशानी का सबब बना हुआ है भारत के खिलाफ दोनों बल्लेबाज पावरप्ले में ही आउट हो गए, जिससे मध्यक्रम की शुरुआत ही हो गई। न्यूजीलैंड के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ उन्हें एक और हार से बचने के लिए बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

वहीं न्यूजीलैंड के लिए ग्लेन फिलिप्स शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने पिछले चार मैचों में 215 रन बनाए हैं और इस दौरान तीन बार नाबाद रहे हैं। उनकी विस्फोटक बल्लेबाजी और शानदार क्षेत्ररक्षण उन्हें खेल बदलने वाला खिलाड़ी बनाती है। वहीं गेंदबाजों की बात की जाये तो मैट हेनरी पिछले दो सालों में पाक की पिचों पर 15 विकेट चटकाए हैं जोकि किसी भी अन्य विदेशी गेंदबाज से अधिक। न्यूजीलैंड को उनसे बहुत उम्मीद होगी। बल्लेबाजी की बात की जाये तो विल यंग ने बांग्लादेश के खिलाफ आठ पारियों में 50 से अधिक की औसत से 360 रन बनाए हैं और उनकी मौजूदा फॉर्म को देखते हुए बांग्लादेश की चिंता बढ़ सकती है। ऐसा माना जा रहा है कि न्यूजीलैंड की जीत संभावनाएँ बहुत अधिक हैं, लेकिन बांग्लादेश को उनके पिछले संस्करण में किए गए प्रदर्शन को देखते हुए उसे नकारा नहीं जा सकता।



**बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाजों का फॉर्म में न होना उनके लिए परेशानी का सबब बना हुआ है भारत के खिलाफ दोनों बल्लेबाज पावरप्ले में ही आउट हो गए थे**

## खेल विशेष

### विराट कोहली वनडे में 14 हजार रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज बने

**दुबई, वार्ता।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली वनडे क्रिकेट में 14 हजार रन पूरे करने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए है। विराट कोहली ने रविवार को दुबई में पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के मैच में यह रिकार्ड बनाया। उन्होंने मात्र 287 पारियों में यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। कोहली ने भारत के दिग्गज सचिन तेंदुलकर के 350 पारियों में बनाए गए रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। श्रीलंका के कुमार संगकारा ने 378 पारियां अपने 14 हजार रन पूरे किए थे। इसके साथ ही विराट एकदिवसीय इतिहास में 14 हजार रन का आंकड़ा पार करने वाले केवल तीसरे बल्लेबाज बन गए। वह जून 2017 में 175 पारियों में आठ हजार एकदिवसीय रन पूरे करने के बाद से हर 1000 रन के मुकाम तक पहुंचने वाले सबसे तेज बल्लेबाज रहे हैं।

### रोहित शर्मा ने बनाया लगातार नौ बार टॉस हारने का अनचाहा रिकार्ड

**दुबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने रविवार को एकदिवसीय मैच में लगातार नौ बार टॉस हारने का एक अनचाहा रिकार्ड अपने नाम कर लिया है। यहां पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के पांचवें मुकाबले में रोहित शर्मा ने नौवीं बार टॉस गवांया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के टॉस हारने की शुरुआत वर्ष 2023 एकदिवसीय विश्व कप फाइनल से हुई थी। एकदिवसीय क्रिकेट में इससे पहले नीदरलैंड्स के नाम 2011 से 2013 के बीच लगातार 11 टॉस हारने का रिकार्ड था। लेकिन अब भारत इस मामले में नंबर एक पर पहुंच गया है।

### सुशीला ने पूरे किए 250 अंतर्राष्ट्रीय मैच, हॉकी इंडिया ने दी बधाई

**भुवनेश्वर, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने शनिवार को भारत के लिए 250 अंतर्राष्ट्रीय कैप पूरा करने पर सुशीला चानू पुखरामबम को बधाई दी। अर्जुन पुरस्कार विजेता ने ओडिशा के कलिंगा हॉकी स्टेडियम में एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 में जर्मनी के खिलाफ भारत के लिये 250वें मैच का प्रतिनिधित्व किया। 32 वर्षीय अनुभवी खिलाड़ी का एक दशक से अधिक समय तक भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए एक शानदार करियर रहा है और उन्हें भारत की सबसे प्रसिद्ध महिला हॉकी खिलाड़ियों में जाना जाता है। सुशीला ने अपना सफर भारतीय जूनियर महिला टीम की कप्तान के रूप में शुरू किया, जिसने 2013 में महिला हॉकी जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक जीता।

# क्रिकेट में शतक का अपना रोमांच होता है: पीएम




● पीएम ने मन की बात कार्यक्रम में चैंपियंस ट्रॉफी और क्रिकेट में बनाए जाने वाले शतक का जिक्र किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इन दिनों चैंपियंस ट्रॉफी चल रही है और क्रिकेट में शतक का अपना रोमांच होता है। इसके साथ उन्होंने राष्ट्रीय खेलों उल्लेख करते हुए कहा कि भारत वैश्विक स्तर पर खेल शक्ति के रूप में उभर रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने आज 'मन की बात' के मासिक कार्यक्रम में चैंपियंस ट्रॉफी और क्रिकेट में बनाए जाने वाले शतक के रोमांच का जिक्र किया और उत्तराखंड में हाल ही में हुए राष्ट्रीय खेलों में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि भारत वैश्विक स्तर पर खेल शक्ति के रुप में उभर रहा है। प्रधानमंत्री ने भारतीय महिला मुक्केबाज निखत जरीन के मोटापे को लेकर दिए टिप्प का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इन दिनों चैंपियंस ट्रॉफी चल रही है और हर तरफ क्रिकेट का माहौल है। क्रिकेट में शतक का रोमांच क्या होता है, ये तो हम सब भली-भाँति जानते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेलों में हिस्सा लेने वाले हर खिलाड़ी की भी मैं सराहना करता हूँ। हमारे बहुत से खिलाड़ी 'खेलो-इंडिया' अभियान की देन हैं। हिमाचल प्रदेश के सावन बरवाल, महाराष्ट्र के किरण मात्रे, तेजस शिरसे या आंध्र प्रदेश की ज्योति याराजी, सबने, देश को नई उम्मीदें दी हैं। उत्तर प्रदेश के भाला फेंक एथलीट सचिन यादव और हरियाणा की ऊंची कूद एथलीट पूजा और कर्नाटका की तैराक धिनिधि देसिन्धु ने देशवासियों का दिल जीता। इन्होंने तीन नए राष्ट्रीय रिकार्ड बनाकर सबको चैंका दिया। इस बार के राष्ट्रीय खेलों में किशोरों ने शानदार प्रदर्शन किया। 15 साल के निशानेबाज गेविन एंटनी, यूपी की हैमर थ्रो खिलाड़ी 16 साल की अनुष्का यादव, मध्य प्रदेश के 19 साल के पोलवाल्टर देव कुमार मीणा ने साबित किया कि भारत का खेल भविष्य बेहद प्रतिभावान पीघी के हाथों में है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में हुए राष्ट्रीय ने ये भी दिखाया कि कभी हार ना मानने वाले 'जीतते' जरूर हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने नीरज जी आपका बहुत-बहुत आभार।

# बीएसएफ ने 'बॉड्रमेन मैराथन-2025' का किया आयोजन

**अमृतसर, वार्ता।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने रविवार को यहां 'बॉर्डरमेन मैराथन-2025' का आयोजन किया। इस मेगा इवेंट में देशभर से पेशेवर और शौकिया धावकों सहित विभिन्न केंद्रीय पुलिस बलों, सेना, पंजाब पुलिस और नागरिकों (पुरुष और महिलाएं) और विदेशी देशों के एथलीटों ने भाग लिया।

इस मैराथन में तीन श्रेणियां थीं: फुल मैराथन (42-195 किमी), हाफ मैराथन (21-097 किमी) और 10 किलोमीटर रन। मैराथन को एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा मान्यता प्राप्त है और इसका उद्देश्य बीएसएफ के सैनिकों और नागरिकों के बीच सद्भावना को बढ़ावा देना है, साथ ही भागीदारों और दर्शकों के बीच फिटनेस की भावना का प्रचार करना है। बॉर्डरमेन मैराथन-2025 का उद्घाटन श्री दलजीत सिंह चौधरी, आईपीएस, बीएसएफ महानिदेशक ने सुबह पांच बजे अमृतसर के प्रसिद्ध गोल्डन गेट से किया। यहां पर श्री सतीश एस. खंडारे, आईपीएस, एमहानिद. ेशक बीएसएफ, डॉ. अतुल फुलझेले, आईपीएस, आईजी बीएसएफ पंजाब, श्री एसएस चंदेल, डीआईजी बीएसएफ सेक्टर अमृतसर और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इसके बाद, महानिदेशक बीएसएफ ने 21 किमी हाफ मैराथन का शुभारंभ सुबह छह बजे वार मेमोरियल, अमृतसर से और 10 किलोमीटर रन का शुभारंभ 6:30 बजे लाहोरीमल गांव, अमृतसर से किया। श्री दलजीत सिंह ने दौड़ के समापन बिंदु, प्रसिद्ध जेडसीपी अटारी, अमृतसर पर धावकों का स्वागत किया और 'बॉर्डरमेन मैराथन - 2025' के विजेताओं और सभी भागीदारों को पुरस्कार, पदक और प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर मीडिया से बातचीत करते हुए, महानिदेशक ने दैनिक जीवन में फिटनेस के महत्व जीवन के चुनौतीपूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त करने और नशे की लत से दूर रहने के दृढ़ संकल्प को बल दिया।



कुलदीप यादव तीन विकेट

# दुबई में दमदार मुकाबला

■ बल्लेबाजी करने उतरी पाक के लिए इमाम-उल-हक और बाबर की सलामी जोड़ी ने संभल कर शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 47 रन जोड़े

**दुबई, वार्ता।** कुलदीप यादव (तीन विकेट) और हार्दिक पंड्या (दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारत ने रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी के पांचवें मुकाबले में पाकिस्तान को 241 के स्कोर पर रोक दिया। यहां पाकिस्तान के कप्तान मोहमम्द रिजवान ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान के लिए इमाम-उल-हक और बाबर आजम की सलामी जोड़ी ने संभल कर शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 47 रन जोड़े। नौं ओवर में हार्दिक पंड्या ने बाबर आजम (23) को केएल राहुल के हाथों कैच आउट कराकर पाकिस्तान को पहला झटका दिया। इसके बाद अभी स्कोर में छह और रन जुड़े थे कि अक्षर पटेल ने इमाम-उल-हक (10) को रन आउटकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद सऊद शकील और कप्तान मोहमम्द रिजवान की जोड़ी ने मोर्चा संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 104 रनों की साझेदारी हुई। 33वें ओवर में अक्षर पटेल ने मोहम्मद रिजवान (46) को बोल्ड कर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। 36वें ओवर में हार्दिक पंड्या ने सऊद शकील को आउटकर पाकिस्तान को बड़ा झटका दिया। सऊद शकील ने 76 गेंदों में पांच चौकों की मदद से (62) रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। तय्यब ताहिर (चार) को रवह्रद्र जड़ेजा ने बोल्ड किया। 43वें ओवर में आगा सलमान (19) को कुलदीप ने अपना शिकार बनाया। इसी ओवर में कुलदीप ने शाहीन शाह अफरीदी (शून्य) को भी आउट किया। 47वें ओवर में कुलद. ीप ने नसीम शाह (14) को आउटकर भारत को आठवीं सफलता दिलाई। हारिस रउफ (आठ) रनआउट हुये। 49वें ओवर की चौथी गेंद पर हर्षित राणा ने खुशदिल शाह को कोहली के हाथों कैच आउट पाकिस्तान को 241 के स्कोर पर रोक दिया। खुशदिल ने 39 गेंदों में दो छक्के लगाते हुए (38) रनों की पारी खेली।

# मांडविया ने एक बार फिर लोगों को फिटनेस के प्रति किया जागरूक



■ यहां कार्यक्रम के नौवें सप्ताह में 1200 से अधिक स्थानों पर साइकिल चालकों ने भाग लिया

**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ मनुषख मांडविया ने रविवार को एक बार फिर लोगों के फिटनेस के प्रति लोगो को जागरूक करते हुए साइलक्लग क्लबों के सदस्य, ओलंपिक रोवर अर्जुन लाल जाट, विशेष अतिथि उद्योग निकायों, फिक्की और सीआईआई के प्रतिनिधियों के साथ-साथ फिटनेस ब्रांड डेकाथलॉन, योग भारत तथा माई भारत के सदस्यों के साथ 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' अभियान की अगवुाई की।

यहां कार्यक्रम के नौवें सप्ताह में 1200 से अधिक स्थानों पर साइकिल चालकों ने भाग लिया। इस दौरान श्री मांडविया ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री ने मोटापे के खिलाफ जो लड़ाई शुरू की है, उसमें हमें अपने जीवन में रोजाना फिटनेस गतिविधियों को शामिल करने के लिए एक साथ आना चाहिए। साइकिल चलाना सबसे आसान व्यायाम है और इसका पर्यावरण पर भी बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। यह कार्बन फुटप्रिंट को कम करता है और प्रदूषण का समाधान है। पहल के महत्व के बारे में सीआईआई के स्पोर्ट्सकॉम के कोषाध्यक्ष विदुषपत सिंघानिया ने कहा कि मैं इस पहल को शुरू करने के लिए माननीय खेल मंत्री को बधाई देता हूं। अच्छा स्वास्थ्य सीधे बेहतर उत्पादकता और उच्च जीडीपी से जुड़ा हुआ है। एक उद्योग निकाय के रूप में हमारा प्रयास है कि अधिक से अधिक कॉरपोरेट फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल से जुड़ें और इस आंदोलन का समर्थन करें। फिक्की की खेल समिति की सचिव नेहा रस्तोगी माथुर ने कहा कि यह खेल मंत्री की एक बेहतरीन पहल है और हम आज इस अभियान का हिस्सा बनकर उत्साहित हैं।

साइकिल चलाना फिट रहने का एक बेहतरीन तरीका है, यह आसान, सरल और एक पारिवारिक गतिविधि है जिसे अलग-अलग पीढ़ियों के लोग एक साथ कर सकते हैं। ओलंपियन अर्जुन लाल जाट ने कहा कि प्रतिभागियों का उत्साह बहुत बढ़िया है और एक एथलीट के तौर पर मुझे यह देखकर खुशी हो रही है कि इतने सारे लोग रविवार की सुबह बाहर निकले और फिटनेस के लिए समय समर्पित किया। फिट रहना कोई विकल्प नहीं है, यह सभी के लिए अनिवार्य है और फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल पहल लोगों को अपनी फिटनेस यात्रा शुरू करने के लिए एक शानदार प्रेरणा है।

# भारत ने जर्मनी को 1-0 से हराया



**भुवनेश्वर, वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने शनिवार को एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 (महिला) के एक मुकाबले में जर्मनी को 1-0 से हरा दिया। दीपिका ने भारत की तरफ से एकमात्र गोल मैच के 12वें मिनट में किया जो आखिरकार टीम की जीत का कारक बना। इस जीत से भारत अंक तालिका में सातवें स्थान पर पहुंच गया है। भारत ने पहले क्वार्टर की शुरुआत एक अनुशासित रक्षात्मक खेल से की और जल्द ही इसे आक्रमकता में तब्दील कर दिया। 12वें मिनट में मेजबान टीम को पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे गोल में तब्दील करने में दीपिका ने कोई गलती नहीं की। इसके तुरंत बाद वैष्णवी फाल्के और सुनेलिता टोप्पो का एक और प्रयास जर्मनी की लड़कियों ने विफल कर दिया। दूसरे क्वार्टर में शुरू से अंत तक दोनो टीमों ने एक दूसरे के खिलाफ हमले किए मगर कोई सफलता नही मिली। 25 फरवरी को भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में भारत की भिड़ंत नीदरलैंड से होगी।

# उत्तराखंड ने जीता अपोलो टायर्स नई दिल्ली मैराथन का खिताब

**नई दिल्ली, वार्ता।** उत्तराखंड के मान सिंह ने रविवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए अपोलो टायर्स नई दिल्ली मैराथन 2025 पुरुष वर्ग तथा भागीरथी बिष्ट महिला वर्ग का खिताब अपने नाम किया।

यहां आयोजित मैराथन में 35 वर्षीय शीर्ष धावक मान सिंह 2:15:24 समय के साथ शीर्ष पर रहे। वहीं प्रदीप चौधरी (2:15:29) और अक्षय सैनी (2:15:34) ने उनके पीछे-पीछे दौड़ते हुए क्रमश: दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। उत्तराखंड की भागीरथी बिष्ट ने 02:48:59 के समय के साथ महिला वर्ग का शीर्ष सम्मान हासिल किया। ठाकोर भारतजी (02:49:16) समय के साथ दूसरे और अश्विनी (02:50:48) समय के साथ तीसरे स्थान पर रही। भारत के प्रसिद्ध बैडमिंटन कोच पद्मश्री पुलेला गोपी चंद और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान अलजक्य रहाणे ने देश के विभिन्न हिस्सों से आये 25 हजार से अधिक दौड़ को हरी झंडी दिखाई।

इस अवसर पर गोपी चंद ने कहा कि मैं आयोजकों, प्रायोजकों और निश्चित रूप से प्रत्येक एथलीट को नई दिल्ली मैराथन को सफल बनाने के लिए बधाई देता हूं। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक डॉ. विकास कुमार ने बताया कि उन्होंने खिलाड़ियों और दर्शकों को समय से नेहरू स्टेडियम पहुंचने में मदद करने के लिए सुबह-सुबह विशेष सेवाएं शुरू की थीं। इसके साथ ही इस मैराथन में गाइड रनर इंडिया के स्वयंसेवकों की सहायता से दृष्टिबाधित धावकों की एक टीम ने भी 10 किलोमीटर की दौड़ में भाग लिया।

# यूपीडब्लूजेयू देगी पत्रकारों को प्रशिक्षण: हसीब सिद्दीकी

## ● मंडलीय सम्मेलन में पत्रकारों ने पेंशन दिलाने की मांग मुख्यमंत्री से की

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** 23 फरवरी। यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन प्रदेश भर में जिला स्तर पर पत्रकारों के प्रशिक्षण के कार्यक्रम आयोजित करेगी। यह घोषणा यूनियन के प्रादेशिक अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी ने स्वतंत्रता सेनानी भवन में आयोजित मंडली सम्मेलन में की।

यूनियन के लखनऊ मंडल के अध्यक्ष शिवशरण सिंह ने आश्वस्त किया कि जिला स्तर पर जिन पत्रकारों के आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं, उन्हें बनवाने का प्रयास किया जाएगा। श्री सिद्दीकी ने बताया कि यूनियन बुजुर्ग पत्रकारों को पेंशन दिलाने का भी प्रयास कर रही है। इस सिलसिले में मुख्यमंत्री से भेंट कर ज्ञापन दिया जा चुका है, जिसका सरकारी स्तर पर परीक्षण हो रहा है। सम्मेलन में पत्रकारों के लिए रियायती रेल टिकट की पूर्व व्यवस्था पुन: लागू करने और पीजीआई में जिला स्तरीय पत्रकारों को भी मुफ्त चिकित्सा सुविधा दिए जाने की भी मांग की थी। वक्ताओं का कहना था की मान्यता प्राप्त पत्रकारों को मिल रही सुविधाओं का लाभ सभी श्रमजीवी पत्रकारों को मिलना चाहिए। श्री शिवशरण सिंह ने पत्रकारों के विरुद्ध बढ़ रही उत्पीड़न की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए सरकारी स्तर पर अस्थाई व्यवस्था और आर्थिक रूप से कमजोर मृतक पत्रकारों के परिवारों को एक मूस्त आर्थिक सहायता दिए जाने की भी मांग की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष मोहम्मद जान तुर्की ने कहा कि वह हमेशा पत्रकारों के हित के लिए काम करते रहेंगे।

उनका मकसद पत्रकारों की हित में कार्य करना है। मंडल अध्यक्ष ने प्रदेश अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी व लखनऊ मंडल के अध्यक्ष शिव शरण का शुक्रिया अदा करते हुए






कहा कि उन्होंने मुझे उत्तर प्रदेश के कोटे से यूनियन की ओर से इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट का राष्ट्रीय पार्षद नियुक्त करते हैं इनका मैं तहे दिल से उनका शुक्रिया अदा करता हूं। इस अवसर पर मुख्य रूप से रईस शेख लाईक अल्वी शोएब सिद्दीकी शहवेज अरविंद कुमार मौर्य नासिर पाशा एडवोकेट नदीमउद्दीन मुर्तुजा इकबाल साजिद वारसी मोहम्मद रुशन तुर्की भूरे अली अब्दुल रहीम फिरासत चौधरी मुजा. हिर हुसैन जुबेर आलम मोहम्मद आसिफ नईम चौधरी नफीस अहमद अमित सैनी प्रशांत शर्मा अनिल कुमार गर्ग मुस्तफा मोहसिन मोहम्मद शाहिद नासिर तुर्की शहवेज अंसारी सलमान यूसुफ दानिश हुसैन बृजेश कुमार मेराज आलम डॉक्टर बाबू सिंह जुनेद आलम सलीम अंसारी नजाकत अली रामपाल सिंह सोनू आशीष कुमार अलीम मिर्जा मोहम्मद जफर जीशान सौरभ कुमार कश्यप शारिक अली मोहम्मद मो. हसिन नक्वी डॉक्टर शरीक नसीम पाशा अजहर आसिफ सैफी खुशी राम राहुल नजाकत मुशाहिद सैकड़ो की संख्या में पत्रकार मौजूद थे।

## कांवड़ियों के आवागमन से माहौल हुआ शिवमय बड़ी तादाद में गुजरने लगे कांवड़िए

**कांठ( शाह टाइम्स )** कांवड़ियों के आवागमन से नगर का माहौल शिवमय हो गया है हरिद्वार से गंगाजल ला रहे कांवड़ियों के जत्थे नगर से गुजर रहे हैं। सर्व विदित है कि इस बार 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालु भगवान शंकर का जलाभिषेक करने वाले हैं जिसके लिए दो दिनों से कांबड़ बेड़े हरिद्वार के लिए जा रहे हैं और धीरे-धीरे हरिद्वार से गंगाजल लेकर आने वाले कांवड़ियों के बेड़ो से भगवान शिव का जय घोष होने लगा है। जिन्हें देखकर नगर का माहौल भी शिवमय लग रहा है कांवड़ियों में पुरुष महिलाएं और युवाओं के साथ-साथ बच्चे भी शामिल हैं नगर में कई जगह पर लगाए जा रहे कावड़ शिविरों में कांवड़ियों के लिए जलपान के साथ-साथ विश्राम की भी पूरी व्यवस्था है। कांठ के जूनियर हाई स्कूल में संचालित कांवड़ शिविर में चिकित्सा की भी पूरी सुविधा उपलब्ध है।



## श्रीराम कथा से जीवन में मर्यादा व सुसंस्कार आते हैं: अर्द्धमौनी

**मुरादाबाद।** श्रीगौरी नाथ मन्दिर, हिमगिरि में आयोजित श्रीराम कथा की अमृत वर्षा करते हुए कथा व्यास श्रद्धेय धीरशान्त अर्द्धमौनी ने बताया कि भगवान राम की कथा हमारे जीवन में सदाचार, मर्यादा, संस्कार एवं माता पिता की सेवा के गुणों का समावेश करती है।दान देने की आदत, प्रिय बोलना, धीरज तथा उचित ज्ञान - ये चार व्यक्ति के सहज गुण हैं।जो अभ्यास से नहीं आते।इंसान का सबसे बड़ा दुश्मन उसका अज्ञान या मूर्खता नहीं, बल्कि उसके सर्वज्ञानी होने का भ्रम है।आपको जो भी अच्छी बात मिले, उसको ग्रहण करते जाओ तो आप भी सन्त हो जाओगे।गोस्वामीजी ने एक सूत्र दिया कि दर्पण का लाभ क्या है। दशरथजी के जीवन में इससे तीन बातें आयीं और वे बड़े महत्व की हैं। कौन सी ? दर्पण देखने पर कभी-कभी अभिमान भी होता हैं। कोई व्यक्ति अगर खड़ा होकर बार-बार अपने को शीशे में देखे और मन ही मन खुश हो कि वाह, मैं कितना सुंदर हूँ।तो दर्पण ने तो उसके अभिमान को और भी बढ़ा दिया।दर्पण अभिमान घटाने के लिए होना चाहिए बढ़ाने के लिए नहीं । अभिप्राय यह है कि आत्मनिरीक्षण का हम सदुपयोग कर रहे हैं या दुरूपयोग।यह इसी बात पर निर्भर करता है कि आत्मनिरीक्षण से हमारा अभिमान बढ़ रहा है या घट रहा है।यदि हम आत्मनिरीक्षण करके इसी निष्कर्ष पर पहुंचे कि हम तो बहुत अच्छे हैं, हममें सारी विशेषताएँ हैं, तो हमने सही अर्थो में आत्मनिरीक्षण नहीं किया, बल्कि अपने अन्त:करण में आत्मप्रशंसा की एक वृत्ति पाल ली, लेकिन दशरथजी की दृष्टि कहां थी ? जब उन्होंने सुना कि दशरथ के समान कोई नहीं है, तो उन्होंने दर्पण उठा लिया



और अपने आपको देखा।लोग कह रहे हैं कि दशरथ में सारे गुण हैं, पर दशरथजी ने दर्पण में देखा कि मुकुट टेढ़ा है और यह दोष है। लोगों की दृष्टि भले ही न गयी हो, पर दशरथजी की दृष्टि अपने दोष पर गयी।मैं सभा में बैठा हूँ, राजसिंहासन पर बैठा हूँ और मेरा मुकुट एक ओर झुक गया है, असंतुलित हो गया है। कथा में सीता शर्मा, निशा शर्मा, अनिल शर्मा, शुभम शर्मा, दलवीर सिंह, प्रेमबाला शर्मा, वर्षा शर्मा, बिटटे शर्मा, सुधा शर्मा, सपना चौधरी, अमर शर्मा, अन्शी शर्मा, रत्न शर्मा आदि मौजूद रहे।

## शक्तिनगर में तेजी से हो रहा नाला निर्माण

### कहीं खुशी-कहीं गम, नाला कहीं बड़ा तो कहीं कम

**चन्दौसी।** चांदसी नगरी को अपने मूल स्वरुप में लाने का कार्य अतिक्रमण हटाकर उसे बेहतर बनाने का कार्य उपलिजाधिकारी विनय मिश्रा द्वारा एक माह तक मेहनत करने के उपरांत चन्दौसी अपने मूल रुप जिसमें चौड़ी सड़कें नगरवासियों को मिल सके। नगर में पिछले दो दशकों में आबादी अप्रत्याशित रुप से बड़ी है। सड़कों पर स्थायी व अस्थायी अतिक्रमण होने से सड़कें संकरी हो गयी। आवागमन में भारी परेशानी के चलते सड़कों का चौड़ा होना आवश्यक था। वाहनों, ई-रिक्शाओं की संख्या अप्रत्याशित रुप से बड़ी है। ऐसे चन्दौसी के मुख्य रास्तों से अतिक्रमण हटाकर उनके किनारे पानी निकासी की समस्या का समाधान भी होना था। शक्तिनगर गौशाला रोड पर अतिक्रमण हटाकर नाले का निर्माण किया जा रहा है। हालांकि नाला निर्माण में सबसे अधिक समस्या नाले का कड़ी संकरा तो कहीं चौड़ा होना है। कॉलोनीवासियों का मानना है कि नाला जिग-जैग पॉजिशन में नहीं होना चवाहिए। चौड़ाई सभी स्थानों पर एक सी है पर मौके पर शक्तिनगर राजदूत एजेंसी वालों से लेकर लायन्स स्कूल तक भले नाला निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा हो परंतु कई स्थानों पर नाले की चौड़ाई समान नहीं है जिससे पानी का बहाव एक समान नहीं होगा। वहीं शक्तिनगर में दूसरी ओर भी नगरपालिका ने खुदायी शुरु कर दी है जिसमें नाला निर्माण होना है। इधर गौशाला रोड पर भी अवैध अतिक्रमण हटाकर नाला निर्माण किया जाना है। उपजिलाधिकारी निधि पटेल द्वारा नपत कराकर नाला निर्माण के लिए खुदायी शुरु करा दी गयी है। वहीं गौशाला रोड निवासी अंकित सैनी, सुशील कुमार, अमरीक सिंह चौधरी, सुरेशचंद्र शर्मा व आरएस इण्टर कॉलेज द्वारा स्वयं अतिक्रमण हटा दिया है।



## हाईवे के लिए जेसीबी-डम्पर से ऐतोल में खनन

**चन्दौसी।** हाईवे का निर्माण किया जार रहा है। गंगा एक्सप्रेस-वे में सड़क ऊँची करने के लिए मिट्टी की आवश्यकता है। सरकार खनन विभाग की ओर से कार्यकारी संस्था को खनन शर्तानुसार करने का निर्देश दे रही है जिसमें लगभग खनन करते समय मिट्टी 06 फिट तक उठाने का प्रावधान है पर कैथल के मजरा ऐतोल में जिन गाटा संख्या पर खनन करने की अनुमति खनन विभाग से ली गई है जिसमें खनन करने रवन्ना आदि का उल्लेख किया है परंतु ठेकेदारों ने मानकों को ताक पर रखकर बड़ी-बड़ी जेसीबी मशीनों की सहायता से 08 से 09 फिट गहराई तक मिट्टी खोद डाली। ग्रामीणों का कहना है कि मिट्टी अधिक गहराई तक खोदने पर बारिश के मौसम में उनके खेतों की उपजाऊ मिट्टी अधिक गहराई तक खोदने पर बारिश के मौसम में उनके खेतों उपजाऊ मिट्टी निचले भाग में चली जायेगीं जिसका प्रतिकूल असर फसर पर पड़ेगा।

शिकायत उप जिलाधिकारी से करने पर खनन विभाग से सुरेन्द्र तिवारी ऐतोल मार्ग पर पहुंचे जहां मौके पर जाकर देखा तो डंपरों एवं जेसीबी से मानकों से अधिक मिट्टी खोदी जा रही थी। मौके पर लेखपाल गब्बर सिंह ने जांच की पता चला कि हाईवे निर्माण कर रहे ठेकेदार द्वारा मानक से अधिक मिट्टी खोदी है। वहीं ठेकेदार से गाटा सं0 एवं कितनी गहराई तक खुदायी हो सकती है, जबाव मांगा है। वहीं उप डीएम द्वारा कार्यवाही की गयी।



## महाशिवरात्रि एवं रमजान के त्योहारों को लेकर सभा का आयोजन



**मुरादाबाद।** गंगा मंदिर प्रांगण में महाशिवरात्रि पर्व एवं रमजान के महीने के पर्व को लेकर पुलिस अधिकारियों और हिंदू मंडल किससरोल के पदाधिकारी की एक सभा संपन्न हुई जिसमें 26 फरवरी को होने वाले महाशिवरात्रि के पर्व पर व्यवस्थाओं के संबंध मे एसपी सिटी रणविजय सिंह एवं क्षेत्राधिकार कोतवाली सुनीता दहिया थाना नागफनी प्रभारी सुनील कुमार के समक्ष हिंदू मंडल किसरोल के अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जॉनी ने बताया कि पानी बिजली और कानून व्यवस्था को लेकर तो स्थिति सही है लेकिन नगर निगम के द्वारा जो गड्ढे हैं सड़कों पर उन पर समय रहते हैं कार्रवाई की जाए तो अच्छा रहेगा प्रेम बाबू वाल्मीकि ने गलशहीद थाने के पास पुलिया से संबंधित समस्या रखी हिंदू मंडल किसरोल के महामंत्री राजेंद्र गुप्ता ने मंदिर के आसपास नगर निगम द्वारा किया गया तोड़फोड़ को महाशिवरात्रि के बाद करने का अनुरोध किया पुलिस अधिकारियों द्वारा सभी समस्याओं का नोट किया गया और सभी समस्याओं का समाधान करने का समय रहते आश्वासन दिया गया कार्यक्रम का संचालन अतुल सोती एडवोकेट द्वारा किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंडी मंदिर के पुजारी भोलानाथ विपिन गुप्ता मीडिया प्रभारी नगर विधायक प्रदीप गुप्ता एडवोकेट कैसर अली कड़ूसी बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर फायर ब्रिगेड से दीवान सत्यदेव शर्मा,अनुज शर्मा,समीर भटनागर,दीपू भटनागर, पुष्पक,धर्मेंद्र मुल्तानी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## संत गाडगे महाराज की जयंती मनाई

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्वसमाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में महान समाजसुधारक संत गाडगे बाबा की जयंती एवं स्वतंत्रता सेनानी सरदार अजीत सिंह (शहीद भगत सिंह के चाचा) की जयंती मनायी गयी। सर्वप्रथम अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर दोनों चित्रों पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र: ने कहा कि महान समाज सुधारक संत गाडगे बाबा का जन्म 23 फरवरी 1876 को महाराष्ट्र के अमरावती जिले के अंजनगांव क्षेत्र के शेंडगांव में धोबी परिवार में हुआ था। पूरा नाम देबूजी जिंगराज जानोरकर था। पिता जिंगराज जाना. ेरकर और माता सुखबाई थीं। संत गाडगे महाराज जिसर पर मिट्टी का बर्तन अर्थात् मिट्टी के घड़े का आधा टुकड़ा ढक कर चलते थे। उसी में पानी पीते और खाना खाते। किसी भी गांव में घुसते ही वह नाली की सफाई करते, गांव को साफ करने के बाद सभी गांव वालों को बधाई देते बाद में कीर्तन करते। गांव वालों से जो रुपया मिलता उससे स्कूल, अस्पताल, प्याऊ, धर्मशाला बनवाते। उन्होंने जीवन भर अपने लिए एक झोपड़ी भी नहीं बनाई। उनके परम मित्र संविधान निर्माता भीमराव अम्बेडकर थे। उन्होंने अपना गुरु कबीरदास को माना। वह कहते कि सभी मानव समान है, कर्मो से ऊंचा नीचा बनता है न कि जाति से। वह मूर्ति पूजा से ज्यादा मानव सेवा को प्रमुखता देते थे। उन्होने समाज में व्याप्त नशे की आदत को दूर करने के लिए भी अभियान चलाए। वह शाकाहार के पक्षधर थे। उन्होंने उन्नीसबी सदी में स्वच्छता अभियान चलाया जब लोग स्वच्छता पर ध्यान नहीं देते थे। 20 दिसंबर 1956 को इस महान समाज सुधारक का स्वर्गवास हुआ। शत-शत नमन। राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने आगे कहा कि स्वंतत्रता सेनानी क्रांतिकारी सरदार अजीत सिंह को कई बार ब्रिटिश सरकार ने जेल में डाला। यहां तक उन्हें देश से निष्कासित कर लाला लाजपतराय के साथ वर्मा की मांडले जेल भी भेजा गया। अजीत सिंह का सुभाषचन्द्र बोस के साथ आजाद हिन्द फौज को स्थापित करने में महत्वपूर्ण योगदान है। लोकमान्य बालगंगाधर तिलक ने एक बार कहा था कि जब देश आजाद हो जाए तब उन्हें ही देश का राष्ट्रपति बनाया जाना चाहिए। वह चालीस भाषाओं के जानकार थे। वह जब बोलते थे उनकी विद्वत्ता झलकती थी। ऐसे



क्रांतिकारी सरदार अजीत सिंह को भारत सरकार ने एक बार डाक टिकट जारी कर औपचारिकता भर निभाई है।

क्रांतिकारी अजीत सिंह उस समय भी भगतसिंह के पिता किशन सिंह के साथ जेल में थे, जब भगत सिंह का जन्म हुआ था। सरदार अजीत सिंह का जन्म 23 फरवरी 1881 को पंजाब के जालंधर में हुआ था। आपकी शिक्षा जालंधर और लाहौर में हुई। आपने कई देशों की यात्राएं भी की और हिटलर से भी मिले। 1907 में किसान आंदोलन, पगड़ी संभाल जट्टा का नेतृत्व करने के लिए आपको ब्रिटिश सरकार ने विद्रोही घोषित कर देश से बाहर छह महीने के लिए म्यांमार की माण्डले जेल में भेज दिया। जेल से बाहर आते ही क्रांतिकारी संगठन 'भारत माता सोसायटी' की स्थापना की। आप शहीद भगत सिंह के चाचा थे। आपकी पत्नी हरमीत कौर ने भी आपके लगातार जेल में जाने से 40 साल कष्ट में जीवन बिताया। देश के विभाजन से आप बहुत दु:खी हुए। जिस दिन देश आजाद हुआ उस दिन सुबह चार बजे परिवार वालों को जगाकर जयहिंद का नारा लगाया और 15 अगस्त 1947 को सदा के लिए मौन हो गए। अर्थात स्वर्गवास हो गया। शत-शत नमन।

इस दौरान गेंदनलाल, अनिल कुमार शर्मा, दिनेशचंद्र गुप्ता, जगद. ीशचंद्र राणा, नवीन कुमार गुप्ता, अभिषेक कुमार गुप्ता, लक्ष्मीकांत सक्सैना, वेदराम मौर्य, सुरेशचंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

## समाचार एक नज़र में

### लापरवाही की इंतहा, बिना सपोर्ट के ही डाल रहे हाईटेंशन लाइन के केबिल

**कांठ ( शाह टाइम्स )** बिजली विभाग के कर्मचारियों ने लापरवाही की इंतहा कर दी जर्जर तारों को हटाकर 11 हजार की लाइन पर डाला जा रहा केबिल बिना सपोर्ट के ही खम्बो पर टांग दिया लोगों ने एतराज किया तो



कर्मचारियों ने ठेकेदार के आदेश का हवाला देकर बात को खत्म कर दिया। बतादे की विद्युत विभाग हमेशा ही सवालों के घेरे में रहता है उपभोक्ताओ का उत्पीड़न किए जाने के आरोप विद्युत विभाग पर हमेशा लगते रहते हैं तहसील दिवसों में भी सबसे ज्यादा शिकायत विद्युत विभाग की ही होती है कोई बिल ज्यादा आने कोई मीटर बदलवाने तो कोई गलत रीडिंग दिए जाने की शिकायत लेकर आता है मगर इस विभाग के कर्मचारी इतनी बड़ी लापरवाही करेंगे इसका प्रमाण आज नगर में उस वक्त देखने को मिला जब जर्जर तारों को बदले जाने की मांग पर विभाग ने केबिल डालने का कार्य शुरू कराया लोगों ने देखा कि केबिल की सपोर्ट के लिए कोई लोहे का तार नहीं था और केबिल एक खंभे से दूसरे खंबे पर डाला जा रहा था कुछ जागरूक लोगों ने कर्मचारियों से इसकी वजह पूछी तो उन्होंने ठेकेदार का हवाला देकर कह दिया कि ठेकेदार ने इस तरह से ही डालने को कहा है नगर के लोगों ने इस मामले की शिकायत अधिकारियों से किए जाने की बात कही है।

### नशा मुक्ति के लिए जमात ए इस्लामी हिन्द ने छेड़ा अभियान

#### महिलाओं का इज्जितमा कर बताए नशे से होने वाले नुकसान

**कांठ ( शाह टाइम्स )** जमात ए इस्लामी हिंद उत्तर प्रदेश पश्चिम नशा मुक्त समाज अभियान के तहत आज एस एस मॉडर्न स्कूल गुड़ मंडी कांठ में सुबह 11 बजे से 12:30 बजे तक एक औरतों मस्तूरात के इज्तिमा का आयोजन हुआ इज्तिमा का आगाज सोफिया परवीन की नात पाक से शुरू हुआ कुरआन पाक का तर्जुमा अनुवाद फरहत जबीं कांठ ने किया



मुरादाबाद से आई बहन फातिमा मिस्बाह ने इस्तकबाले रमजान के बारे में बताया रमजान कैसे गुजरें इज्तिमा की सदारत मोहतरमा डॉक्टर संजीदा आलम बदायूं ने कि उन्होंने कहा नशा से माली,जिस्मानी नुकसान, समाजी और अखलाकी नुकसान हो रहा है मेडिकल साइंस के मुताबिक तमाम नशा अवर चीजें धीमा जहर है इससे इंसान का जिस्म खोखला और बेहद कमजोर होता है और वह तेजी से मौत की तरफ बढ़ने लगता है ईश्वर ने हमे अच्छी अच्छी चीजें खाने को दी हैं हमे नशा आवर चीजों से बचने का संकल्प लेना चाहिए आखिर में दुआ पर इज्तिमा खत्म हुआ तकरीबन सैकड़ो महिलाओं ने इज्तिमा में शिरकत की। जहांगीर अहमद अमीर मुकमी जमात ए इस्लामी कांठ ने इज्तिमा में आने वाली महिलाओं का शुक्रिया अदा किया कारी मोहम्मद अफजाल साहब ,मास्टर मोहम्मद रिजवान , अब्दुल कय्यूम, मस्कूर दीवाना, सलीम अहमद,यूसुफ सलीम,मास्टर मोहम्मद असलम ने इज्तिमा में शिरकत की और सहयोग दिया।

### भारत सनातनी फंड का विधि विधान से शुभारंभ

**कांठ( शाह टाइम्स )** भारत सनातनी फंड का पूजा अर्चना के साथ विधि विधान से शुभारंभ किया गया। विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के जिला धर्म प्रसार प्रमुख मोनू विश्नोई ने भारत सनातनी फंड का शुभारंभ स्वामी जगदेवानंद एवं राजूराम महाराज जी द्वारा पूजा अर्चना और हवन में आहुतियां देकर कर कराया। फंड के संस्थापक मोनू बिश्नोई ने बताया कि गरीब, असहाय व्यक्तियों, और गौ सेवा के उद्देश्य से इसका शुभारंभ किया गया है। कहा की अब तक सैकड़ो से ज्यादा खाते खोले जा चुके हैं। यहां जो भी धनराशि एकत्रित होगी वह बैंक में जमा की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस सनातनी फंड का उद्देश्य बहुत ही पारदर्शिता के साथ पूरा किया जाएगा। इस मौके पर फंड के कार्यालय प्रभारी कपिल प्रजापति, मैनेजर सुमित शर्मा, अखिलेश चौहान, हर्ष विश्नोई, कमल सैनी, कपिल प्रजापति, अजयपाल तोमर, मोहित, मुकेश चौहान आदि उपस्थित रहे।





# सम्पादकीय

सोमवार, 24 फरवरी 2025

## ट्रम्प की बयानबाजी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प बेहद जल्दबाजी में दिखाई दे रहे है। 20 जनवरी को शपथ लेने के बाद उनके ताबड़तोड़ फैसले उनकी हड़बड़ी की पुष्टि भी करते है। ताजा मामले में उन्होंने भारत ने वोटर ट्रन आउट के नाम पर 182 करोड़ रुपये देने की बात कहकर अमेरिका ही नहीं भारत की राजनीति को भी गरमा दिया है यह बात उन्होंने कई बार दोहराई, लेकिन शनिवार को उन्होंने सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम लेकर सन्सनी फैला दी, यू तो भारत में यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी (उसैद) से सहायता प्राप्त सात प्रोजेक्ट चल रहे है इनकों 840 करोड़ रुपये मिले है दिलचस्प बात यह है इसमें वोटर टर्नआउट के नाम पर फंड नहीं मिल रहा है। यह खुलासा विदेश मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग की वार्षिक रिपोर्ट 2023–24 में हुआ है। एक अमेरिका का बड़ा अखबार वॉशिंगटन पोस्ट भी इस समय यह कहता हुआ दिखाई दे रहा है। 2008 के बाद से भारत को उसैद से चुनाव संबंधी किसी मदद का रिकॉर्ड नहीं है। समझना मुश्किल है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भारत को लेकर वर्तमान में किस तरह की सोच रख रहे है। एक तरफ से भारत को मित्र श्रेणी में रखने की बात कहते है, और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना प्रिय दोस्त बताते है तो वही वह कुछ फैसलों को लेकर भारत को संशय में डालते दिखाई देते है। अप्रवासी के मामले में भी हम देख रहे है। जैसा बरताव उनके साथ किया जा रहा है ऐसी उम्मीद तो कम से कम मित्र देश से नहीं होती। जहां तक दोस्ती निभाने की बात है वह डोनाल्ड ट्रम्प को भारत से सिखने की जरूरत है। भारत ने साफ किया है कि अप्रवासी के मामले में भारत अमेरिका की पूरी मदद करेगा क्यूंकि यह भारत की नीति से भी मेल खाता है, लेकिन लगता है ट्रम्प के दिमाग में कुछ और ही चल रहा है। तभी तो वह भारत का नाम बार–बार लेकर भारत से आयतित उत्पादों पर 100 प्रतिशत टेरिफ लगाने की बात कर रहे है। इतना ही नहीं वह इस बात की भी शिकायत बार–बार करते दिखाई देते है कि भारत अमेरिकी उत्पादों पर सबसे ज्यादा टेरिफ लगाता है। अब उसैद द्वारा भारत में वोटर टर्नआउट के नाम पर 122 करोड़ रुपये का दावा कर उन्होंने भारत के लोकतंत्र को प्रभावित करने की कोशिश की है। क्यूंकि वह अपने बयानों से कोई सबूत नहीं दे पा रहे है ऐसे में भारत की जिम्मेदारी बहुत बढ़ जाती है। क्यूंकि यह हमारी विश्व में साख का सवाल है। ट्रम्प के आरोपों से साफ पता चलता है कि अमेरिकी प्रशासन हमारे आंतरिक मामलों में सीधे हस्तक्षेप कर रहा है। हालांकि ट्रम्प ने अपने बयान में बांग्लादेश का भी जिक्र किया है और कहा है कि बांग्लादेश को भी अमेरिका की और से 250 करोड़ रुपये दिए गए है उन्होंने यह भी कहा कि यह पैसा वहा राजनीतिक माहौल को मजबूत करने के लिए लिया गया है। वैसे सच्चाई यह भी है कि दुनिया की बड़ी मजबूत ताकतें दूसरे देशों में राजनीतिक व आर्थिक रूप से हस्तक्षेप करती है और उसके लिए सभी तरीके अपनाती है उसमें नैतिक–अनैतिक कुछ नहीं होता अपना हित ही सर्वोपरी होता है। अमेरिकी राष्ट्रपति भी इससे इतर नहीं है, बल्कि वह सत्ता में ही यह नारा देकर आए है कि वह अमेरिका को दुनिया में सबसे अधिक शक्तिशाली बनाएंगे। इसी रास्ते पर वह चलते भी दिखाई दे रहे है। हर देश को हक है कि वह अपने हितों को सर्वोपरी रखे, लेकिन एक शक्तिशाली देश के राष्ट्रीय अध्यक्ष को यह शौभा नहीं देता कि वह हर देश के साथ जैसे को तैसा शैली में बात करे, लेकिन ट्रम्प यह करते दिखाई दे रहे इसी शैली में बात करते दिखाई दे रहे है जहां तक बात भारत की है विपक्ष ले ट्रम्प के बयानों को लेकर मोदी सरकार पर हमला बोलना शुरू कर दिया है। कांग्रेस तो इस पूर मामले में सरकार से श्वेत पत्र जारी करने की बात कह रही है, जो कि सही भी है।

### 'आप' सरकार ने खाली खजाना छोड़ा



भाजपा ने विधानसभा चुनाव के दौरान महिलाओं से जो वादे किए हैं, उन्हें पूरा किया जाएगा, आम आदमी पार्टी (आप) की पूर्ववर्ती सरकार ने हमारे लिए खाली खजाना छोड़ा है, इसके बावजूद सभी किए गए वादे पूरे होंगे, सोमवार को विधानसभा का सत्र शुरू होगा। नवनिर्वाचित विधायक शपथ लेंगे और विधानसभा के अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष का चयन होगा, यह तीन दिनों का सत्र है, तीन दिनों के सत्र के दौरान सारे कामों, जो दिल्ली के जनता के हित के लिए हैं, पर चर्चा होगी, सदन का पहला सत्र दिल्ली के लिए नए आयाम लेकर आएगा और बार–बार एक ही बात कहना चाहूंगी कि दिल्ली के लिए हमारी प्रतिबद्धता पूर्णत: खरी है और वादे शत प्रतिशत पूरे किए जाएंगे, पिछले चार दिनों में लगातार बैठकें कर रहे हैं, जो स्थिति पिछली सरकार ने हमारे सामने छोड़ी है, उसे जब अधिकारियों के साथ बैठकर सरकार की वित्तीय स्थिति देखते हैं, तो सारे सरकारी खजाने खाली हैं।

**रेखा गुप्ता**
**मुख्यमंत्री, दिल्ली**

## कैसे बढ़े राष्ट्रीय उत्पादकता?



**विनीत नारायण**

**एक अनुमान के अनुसार भारत की अर्थव्यवस्था साल 2030 तक जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई बार दावा कर चुके हैं कि उनके तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी बड़ी इकॉनमी बन जाएगा। फिलहाल भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश है। वहीं अमे. रिका अभी भी पहले नंबर पर है, जिसकी अर्थव्यवस्था की साइज 26.7 ट्रिलियन डॉलर है। दूसरे नंबर पर चीन है और इसकी अर्थव्यवस्था का आकार 19.24 ट्रिलियन डॉलर है। तीसरे नंबर पर जापान 4.39 ट्रिलियन डॉलर के साथ मौजूद है।

एक अनुमान के अनुसार भारत की अर्थव्यवस्था साल 2030 तक जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। यदि भारत 2025 तक 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था हासिल करने की यदि क्षमता रखता है तो उसके संकेत तभी मिलने शुरू होंगे जब हमारे देश की उत्पादकता में वृद्धि होगी। राष्ट्रीय उत्पादकता की जब भी बात होती है तो आम आदमी समझता है कि यह मामला उद्योग, कृषि, व्यापार व जनसेवाओं से जुडा है। हर व्यक्ति उत्पादकता बढ़ाने के लिए सरकार और उसकी नीतियों को जिम्मेदार मानता है। दूसरी तरफ जापान जैसा भी देश है, जिसने अपने इतने छोटे आकार के बावजूद आर्थिक वृद्धि के क्षेत्र में दुनिया को मात कर दिया है। सूनामी के बाद हुई तबाही को देखकर दुनिया को लगता था कि जापान अब कई वर्षों तक खड़ा नहीं हो पाएगा। पर देशभक्त जापानियों ने न सिर्फ बाहरी मदद लेने से मना कर दिया, बल्कि कुछ महीनों में ही देश फिर उठ खड़ा हो गया। वहां के मजदूर अगर अपने मालिक की नीतियों से नाखुश होते हैं तो



काम–चोरी, निकम्मापन या हड़ताल नहीं करते। अपनी नाराजगी का प्रदर्शन, औसत से भी ज्यादा उत्पादन करके करते हैं। मसलन जूता फैक्ट्री के मजदूरों ने तय किया कि वे हड़ताल करेंगे, पर इसके लिए बैनर लगाकर धरने पर नहीं बैठे। पहले की तरह लगन से काम करते रहे। फर्क इतना था कि वे एक जोड़ी जूता बनाने की बजाए एक ही पैर का जूता बनाते चले गए।

इससे उत्पादन भी नहीं रूका और मालिक तक उनकी नाराजगी भी पहुंच गई। जबकि हमारे देश में हर नागरिक समझता है कि कामचोरी और निकम्मापन उसका जन्मसिद्ध अधिकार है। दफ्तर में आए हो तो समय बर्बाद करो। कारखाने में हो तो बात–बात पर काम बन्द कर दो। सरकारी विभागों में हो तो तनख्वाह को पेंशन मान लो। मतलब यह कि काम करने के प्रति लगन का सर्वथा अभाव है। इसीलिए हमारे यहां समस्याओं का अंबार लगता जा रहा है। एक छोटा सा उदाहरण अपने इर्द–गिर्द की सफाई का ही ले लीजिए। अगर नगर पालिका के सफाई कर्मचारी काम पर न आयें तो एक ही दिन में शहर नर्क बन जाता है। हमें शहर की छोड़ अपने घर के सामने की भी सफाई की चिन्ता नहीं होती। बिजली और पानी का अगर पैसा न देना हो तो उसे खुले दिल से बर्बाद किया जाता है। सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करना तो दूर उसे बर्बाद करने या चुराने में हमें महारथ है। इसलिए सार्वजनिक स्थलों पर लगे खम्बे, बैंच, कूड़ेदान, बल्ब आदि लगते ही गायब हो जाते हैं। सीमान्त प्रांतों में तस्करी करना हो या अपने गांव–कस्बे, शहर में कालाबाजारी, अवैध धन कमाने में हमें फक्र महसूस होता है। पर सार्वजनिक जीवन में हम केवल सरकार को भ्रष्ट बताते हैं। अपने गिरेबां में नहीं झांकते। देश की उत्पादकता बढ़ती है उसके हर नागरिक की कार्यकुशलता से। पर अफसोस की बात यह है कि हम भारतीय होने का गर्व तो करते हैं, पर देश के प्रति अपने कर्तव्यों से निगाहें चुराते हैं। जितने अधिकार हमें प्रिय हैं, उतने ही कर्तव्य भी प्रिय होने चाहियें। वैसे उत्पादकता का अर्थ केवल वस्तुओं और सेवा का उत्पादन ही नहीं, बल्कि उस आर्थिक, सामाजिक व्यवस्था से है, जिसमें हर नागरिक अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति सहजता से कर ले और उसके मन में संतोष और हर्ष का भाव हो। पुरानी कहावत है कि इस दुनिया में सबके लिए बहुत कुछ उपलब्ध है। पर लालची व्यक्ति के लिए पूरी दुनिया का साम्राज्य भी उसे संतोष नहीं दे सकता। व्यक्ति की उत्पादकता बढ़े, इसके लिए जरूरी है कि हर इंसान को जीने का तरीका सिखाया जाये। कम भौतिक संसाधनों में भी हमारे नागरिक सुखी और स्वस्थ हो सकते हैं। जबकि अरबों रुपये खर्च करके मिली सुविधाओं के बावजूद हमारे महानगरों के नागरिक हमेशा तनाव, असुरक्षा और अवसाद में डूबे रहते हैं। वे दौड़ते हैं उस दौड़ में, जिसमें कभी जीत नहीं पायेंगे। वैसे भी इस देश की सनातन संस्कृति सादा जीवन और उच्च विचार की रही है। लोगों की मांग पूरी करने के लिए आज भी देश में संसाधनों की कमी नहीं है। पर किसी की हवस पूरी करने के लिए कभी पर्याप्त साधन उपलब्ध नहीं हो सकते। इसलिए रूहानियत या आध्यात्म का, व्यक्ति के तन, मन और जीवन से गहरा नाता है। देश में अन्धविश्वास या बाजारीकरण की जगह अगर आधयात्मिक मूल्यों की स्थापना होगी तो हम सुखी भी होंगे और सम्पन्न भी। संत कबीर कह गए हैं 'मन लागो मेरो यार फकीरी में, जो सुख पाऊं राम भजन में वो सुख नाहिं अमीरी में'। बाजार की शक्तियां, भारत की इस निहित आधयात्मिक चेतना को नष्ट करने पर तुली हैं। काल्पनिक मांग का सृजन किया जा रहा है। लुभावने विज्ञापन दिखाकर लोगों को जबरदस्ती बाजार की तरफ खींचा जा रहा है। कहा ये जाता है कि मांग बढ़ेगी तो उत्पादन बढ़ेगा, उत्पादन बढ़ेगा तो रोजगार बढ़ेगा, रोजगार बढ़ेगा तो आर्थिक सम्पन्नता आएगी। पर हो रहा है उल्टा। जितने लोग हैं, उन्हें पश्चिमी देशों जैसी आर्थिक प्रगति करवाने लायक संसाधन उपलब्ध नहीं हैं और ना ही वैसी प्रगति की जरूरत है। इसलिए अपेक्षा और उपलब्धि में खाई बढ़ती जा रही है।



## गाजा: तबाही के साये में शोध कार्य

**बमबारी से तबाह इलाकों से मलबा हटाना एक बड़ी चुनौती है, गाजा के प्रति वर्ग मीटर क्षेत्र में करीब 100 किलोग्राम मलबा जमा है जिसमें खतरनाक पदार्थ भी मौजूद हैं**

युद्ध, तबाही और अनिश्चितता के बावजूद, गाजा के वैज्ञानिक अपने शोध कार्य जारी रख रहे हैं। वे इस बात पर जोर दे रहे हैं कि शोध न केवल विनाश के दस्तावेजीकरण और पुनर्निर्माण प्रयासों में मदद करता है, बल्कि मानवीय संकटों के समाधान के लिए भी आवश्यक है। 19 जनवरी को हमास और इस्राइल के बीच अस्थाई संघर्ष विराम से वैज्ञानिकों को स्थिति का आकलन करने का अवसर मिला है।

न्यूरोसाइंटिस्ट खमीस एलसी, जो वर्तमान में घायलों का इलाज कर रहे हैं, युद्ध के प्रभावों को दर्ज करने और प्रकाशित करने की आवश्यकता पर जोर देते हैं। इसी तरह, जलवाहित रोगों के विशेषज्ञ सामर अबूजर सुधार व पुनर्निर्माण में शोध की भूमिका को महत्वपूर्ण मानते हैं। इन कठिन परिस्थितियों के बावजूद, विज्ञान और शिक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के चलते वैज्ञानिकों ने अपना काम जारी रखा है।

युद्ध के कारण गाजा की 22 लाख आबादी में से 90 प्रतिशत बेघर हो गई है। भोजन, पानी, स्वास्थ्य सेवाएं और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं या तो नष्ट हो गई हैं या अत्यधिक सीमित रह गई हैं। बमबारी से तबाह इलाकों से मलबा हटाना एक बड़ी चुनौती है। गाजा के प्रति वर्ग मीटर क्षेत्र में करीब 100 किलोग्राम मलबा जमा है जिसमें खतरनाक पदार्थ भी मौजूद हैं।

गाजा में पानी की स्थिति भी गंभीर है। यहां 97 प्रतिशत पानी भूजल स्रोतों से आता है, जो अत्यधिक असुरक्षित हैं और इनके दूषित होने का खतरा भी है। युद्ध से पहले भी महज 10 प्रतिशत लोगों को साफ पानी मिलता था, लेकिन अब मात्र 4 प्रतिशत लोगों को ही मिल रहा है। टूटी–फूटी सीवेज लाइन के कारण गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे डायरिया और हेपेटाइटिस जैसी जलवाहित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

युद्ध के कारण गाजा के 21 उच्च शिक्षण संस्थानों में से 15 बुरी तरह क्षतिग्रस्त या नष्ट हो चुके हैं। अस्पतालों की स्थिति भी गंभीर है–लगभग आधे पूरी तरह बंद हैं, जबकि बाकी सीमित संसाधनों के साथ काम कर रहे हैं। कैंसर सहित अन्य गंभीर बीमारियों से जूझ रहे 11,000 मरीजों को न तो इलाज मिल रहा है और न ही उनके पास विदेश में उपचार का कोई अवसर है। शोधकर्ताओं का सुझाव है कि सबसे पहले आवास, सीवेज मरम्मत और स्वास्थ्य सेवाओं को बहाल करना जरूरी है।

ऑनलाइन–लर्निंग विशेषज्ञ आया अलमशहरावी अस्थाई शिविर और घरों के पुनर्निर्माण के लिए तुरंत कदम उठाने की अपील कर रही हैं। वे खुद एक बमबारी में बचीं, जिसमें उनके अपार्टमेंट में 30 लोगों की जान चली गई, और अब वे एक शरणार्थी शिविर में रह रही हैं।

भारी विनाश के बावजूद, गाजा के वैज्ञानिक समुदाय का संकल्प अटूट है। वे इस संकट का दस्तावेजीकरण कर रहे हैं और भविष्य के पुनर्निर्माण में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह साबित करता है कि युद्ध के कठिन समय में भी ज्ञान और शोध को आगे बढ़ते रहना चाहिए।

**स्रोत फीसर्च**



## आखिर उर्दू से इतनी नफरत क्यों!



**तनवीर जाफरी**




अपने छात्र जीवन में उर्दू कभी भी मेरा विषय नहीं रहा। हां हिंदी में साहित्य रत्न होने के नाते मेरा सबसे प्रिय विषय हमेशा हिंदी ही रहा। और आज भी मैं प्राय: हिंदी में ही लिखता पढ़ता हूं। परन्तु शेरो–शायरी का शौक बचपन से ही था। इसके तथा कुछ पारिवारिक व सामाजिक परिवेश के चलते उर्दू से खासकर उसके शब्दों के उच्चारण के आकर्षक तौर तरीकों से बहुत प्रभावित रहा। और जब बचपन और जवानी में बड़े मुशायरों में शिरकत करने का मौका मिलता और कुंवर महेंद्र सिंह बेदी 'सहर' जैसे अजीम शायर को यह कहते सुनता कि उन्हें 'उर्दू जबान से मुहब्बत है, इश्क है क्योंकि यह जुबान आब ए हयात (अमृत) पीकर आई है तो यकीनन यह एहसास जरूर होता कि आखिर कुछ बात तो है कि भारत में पैदा होने वाली तथा फारसी व हिंदी के मिश्रण से तैयार उर्दू को हमारे देश के क्रांतिकारियों से लेकर बड़े से बड़े कवियों, साहित्यकारों, राज नेताओं, बुद्धिजीवियों ने न केवल अपनाया बल्कि उसे पाला पोसा और संवारा भी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भी उर्दू को भारतीय भाषा कहते थे।

मुगल शासक भी उर्दू भाषा को हिंदी या हिंदवी कहते थे। परन्तु चूंकि उर्दू के लिखने में फारसी लिपि का उपयोग होता है इसलिए लोग इसे मुसलमानों की भाषा कहने लगे। शायद यही वजह है कि आज हिंदी व उर्दू भाषा रूपी दो बहनें एक दूसरे में इतनी रम चुकी हैं कि यदि आप इन दोनों को एक दूसरे से अलग भी करना चाहें तो संभव नहीं। उदाहरण के तौर पर केवल चंद ऐसे अल्फाज पेश हैं जो आम तौर पर हिंदी भाषा में बोले जाते हैं परन्तु दरअसल इन शब्दों का स्रोत अथवा उद्भव फारसी अथवा उर्दू से ही हुआ है। जैसे हिन्दोस्तां, अदालत, वकील, इंसाफ, मुंसिफ, पाएजामा, पेशाब, पंजाब, दरवाजा, खिलाफ, मुखालिफत शराब, किताब, इंकेलाब जिंदाबाद, 'शाही' (स्नान), डाकखाना, दवा, ईलाज, वजीर, शाह, बादशाह, हकीम, हाकिम, हुक्म, सब्जी, मकान जैसे अनगिनत शब्द हैं जो प्रत्येक भारतीय रोजाना दिन में कई कई बार इस्तेमाल करता है परन्तु शायद उसे इस बात का एहसास भी नहीं होता कि वह उर्दू के शब्द बोल रहा है। इसके बावजूद उर्दू जैसे मीठी व अदब साहित्य से सम्बन्ध रखने वाली भाषा का हमारे देश में दशकों से विरोध होता आ रहा है। विरोध तो समय समय पर अंग्रेजी का भी हुआ परन्तु दक्षिण भारत व पूर्वोत्तर में अंग्रेजी की व्यापक स्वीकार्यता व उसे मिलने वाले समर्थन के चलते राष्ट्रीय स्तर पर उसका विरोध नहीं हो सका। परन्तु उर्दू का विरोध करने का ठेका उसी विचारधारा के लोगों के पास है जो देश को एक रंग में रंगना चाहते हैं। बड़ी आसानी से इस भाषा को मुसलमानों की भाषा या विदेशी भाषा बताते हुए उर्दू का विरोध शुरू हो जाता है। जैसा कि पिछले दिनों उत्तर प्रदेश में बजट सत्र के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुंह से सुनने को मिला। मुख्यमंत्री ने सदन में विपक्ष पर हमलावर होते हुए यह कहा कि–ये अपने बच्चों को अंग्रेजी स्कूलों में पढ़ाएंगे और दूसरों के बच्चों को उर्दू पढ़ने को प्रेरित करेंगे। ये उन्हें मौलवी, कठमुल्ला बनने को प्रेरित करेंगे? यह नाइंसाफी है, यह नहीं चलेगा। योगी आदित्यनाथ के इस बयान से यह सवाल तो जरूर खड़ा होता है कि क्या उर्दू को जानने वालों का, उर्दू पढ़ने या पढ़ने वालों का मकसद केवल मौलवी बनना बनाना होता है? क्या उर्दू पढ़कर लोग 'कठमुल्ला' बन जाते हैं?

यदि ऐसा होता तो भारत में उर्दू की पहली गजल लिखने वाले कश्मीरी पंडित, पंडित चंद्र भान 'ब्राह्मण' न होते। मुंशी नवल किशोर, दया नारायण निगम, जगत मोहन लाल 'रवां', नौबत राय 'नजर', मुंशी महाराज बहादुर 'बर्क', नाथ मदन सहाय, पंडित दया शंकर कौर 'नसीम', पंडित रतन नाथ 'सरशार', राम कृष्ण 'मुजतर', जमुना दास अख्तर, राम लाल, डॉ. जगन्नाथ 'आजाद', कृष्ण बिहारी नूर, संजय मिश्रा शौक, राम प्रकाश 'बेखुद', खुशबीर सिंह 'शाद', मनीष शुक्ल, आनंद मोहन जुत्शी, गुलजार देहलवी, कृष्ण चंदर, रतन सिंह, भारत भूषण पंत और मलिक राम जैसे हिन्दू उर्दू प्रेमियों के अनगिनत नाम हैं जिनके बिना भारत में उर्दू अदब का इतिहास लिखा जाना संभव ही नहीं है। सही मायने में तो इन लोगों के योगदान ने ही उर्दू को पूरे विश्व में समृद्ध बनाया। इनके अलावा शहीद व क्रन्तिकारी राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाकुल्लाह खान, सुभाष चंद्र बोस, महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, रघुपति सहाय फिराक, आनंद नारायण 'मुल्ला', ब्रज नारायण 'चकबस्त' जैसे अनेक सम्मानित नाम हैं जिन्होंने उर्दू से व उसकी मिठास से प्यार किया। इनमें न तो कोई कठमुल्ला बना न मौलवी न ही इन्होंने मुस्लिम तुष्टिकरण की खातिर इस भाषा से प्यार किया। दरअसल उर्दू को प्यार करने व इसे प्रोत्साहित करने वाले वे लोग थे जिनके मस्तिष्क में नफरत वैमनस्य या कुंठा नहीं भरी थी। वह साहित्य के कद्रदान लोग थे। वह उर्दू को हिंदी की छोटी बहन मानते थे। वह उर्दू को भारतीय भाषा मानते थे मुसलमानों की भाषा नहीं। वह लोग पूर्वाग्रही नहीं थे। समाज में प्यार व सद्भाव बांटते थे इसीलिए उन्होंने अपने संवाद व अपनी रचनाओं का माध्यम उर्दू रखा। मगर अफसोस की बात है कि देश इस समय ऐसे लोगों के हाथों में है जिन्हें अन्य धर्मों व जातियों से नफरत है, जिन्हें लोगों के निजी खान पान व पहनावे से नफरत है। जिन्हें क्षेत्र व भाषाओं से विद्वेष है। आपसी प्यार मोहब्बत इन्हें अच्छा नहीं लगता। यही वजह है कि कहीं उर्दू बाजार का नाम बदल कर हिंदी बाजार कर दिया गया। उर्दू के प्रतीत होने वाले अनेक जिलों,शहरों,कस्बों व रेल स्टेशंस के नाम बदल दिए गए हैं। जैसे फैजाबाद, मुगलसराय, इलाहबाद जैसे अनेक प्रसिद्ध नाम इसी नफरती सियासत के कारण इतिहास बन चुके हैं।

**(यह लेखक के निजी विचार है)**

## रोजाना सुबह खाली पेट गर्म पानी पीने से सेहत को मिलते हैं गजब फायदे

हमारे शरीर के पानी बेहद जरूरी होता है। अगर शरीर में पानी की कमी होती है तो कई बीमारियों का कारण बन सकता है। पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से कई बीमारियों से बचाव हो जाता है। पानी के सेवन से स्किन और बाल भी स्वस्थ रहते हैं। यदि आप पानी को सही समय या सही तरीके से पीते हैं, तो आपको कई फायदे मिलेंगे। आइए जानते हैं रोजाना सुबह खाली पेट गर्म पानी पीने से क्या होता है?

### रोजाना खाली पेट गर्म पानी पीने के फायदे...

- **बेहतर पाचन**

एक्सपर्ट के मुताबिक, गर्म पानी पीने से पाचन में सुधार होता है। सुबह खाली पेट गर्म पानी पीने से आपके पाचन तंत्र को एक्टिव करता है और गट को साफ करता है। गर्म पानी पीने खाना जल्दी से पचता है, जिससे पेट में एसिडिटी, अपच और कब्ज जैसी समस्या से राहत मिलती है। गर्म पानी के सेवन से एंजाइम एक्टिव होते हैं, खाने को पचाने में सहायता करते हैं।

- **टॉक्सिक पदार्थों को बाहर निकाले**

रोजाना गर्म पानी पीने से शरीर से टॉक्सिक पदार्थों और गंदगी को बाहर निकालने में मदद मिलती है। वहीं, यह शरीर में जमें टॉक्सिन्स को बाहर निकालते हैं, जो ब्लड में सुधार करता है और स्किन को निखरता है।

- **ब्लड फ्लों में सुधार**

गर्म पानी पीने से शरीर के ब्लड सर्कुलेशन में सुधार बना रहता है। रोज खाली पेट गर्म पानी पीने से शरीर के अलग–अलग अगों तक ब्लड के फ्लो को बेहतर बनाने में मदद करता है, इससे शरीर के सभी अंगों तक पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन और पौषक तत्व पहुंचते हैं। इससे आपके शरीर में काफी एनर्जी बढ़ती है और आप दिनभर एक्टिव रहते हैं।

- **कंजेशन से राहत**


खाली पेट गर्म पानी पीने से कंजेशन की समस्या दूर होने लगती है। गर्म पानी पीने से आपके गले और नाक की सूजन कम होती है, इससे आपको काफी आराम मिलता है। इसके अलावा यह म्यूकस को पतला करता है, जिससे सांस लेने में आसानी होती है।



शाह टाइम्स

# अब बिहार पर नजर

सोमवार, 24 फरवरी 2025





### बिहार के मुख्यमंत्रियों की लिस्ट

| | |
|---|---|
| मोहम्मद यूनुस | मुस्लिम इंडिपेंडेंट पार्टी |
| कृष्ण सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| कृष्ण सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| दीप नारायण सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| बिनोदानंद झा | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| कृष्ण वल्लभ सहाय | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| जगन्नाथ मिश्र | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| कर्पूरी ठाकुर | जनता पार्टी |
| रामसुंदर दास | जनता पार्टी |
| लालू प्रसाद यादव | जनता दल |
| राबड़ी देवी | जनता दल |
| नीतीश कुमार | समता पार्टी |
| राबड़ी देवी | राष्ट्रीय जनता दल |
| नीतीश कुमार | जनता दल (यूनाइटेड) |
| जीतन राम मांझी | जनता दल (यूनाइटेड) |
| नीतीश कुमार | जनता दल (यूनाइटेड) |

# बिहार की राजनीति

## चुनाव से पहले मोदी का मास्टरस्ट्रोक!

**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव सिर पर हैं ऐसे में मोदी कुछ बड़ा कर सकते हैं। मोदी की नजर कहीं ना कहीं नीतीश को पूरी तरह से अपने काबु करने की होगी, क्योंकि नीतीश कुमार कई बार पाला बदल चुके हैं ऐसे में कहीं ना कहीं मोदी के लिए चुनौती है कि NDA को कुछ भी करके मजबूत रखा जाए।

बिहार को 11 साल में क्या मिला?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले 11 सालों से देश के प्रधानमंत्री हैं, लेकिन बिहार को विशेष राज्य का दर्जा, प्रति वर्ष 20 करोड़ रोजगार, बिहार को विशेष पैकेज, 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करना, महंगाई पर नियंत्रण जैसे वादे अभी तक अधूरे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि भागलपुर, पूर्णिया और मुजफ्फरपुर से हवाई जहाज उड़ाने का वादा अब तक क्यों पूरा नहीं हुआ? बिहार में उद्योग लगाने का वादा भी क्यों पूरा नहीं हुआ?

### इन जिलों को सीधा साधेगी भाजपा

किसान सभी जातियों के होते हैं जो अन्न उपजाते हैं। यह इलाका भी कृषि बाहुल्य ही रहा है और यहां कृषि विश्वविद्यालय भी है। भागलपुर के ढाई लाख से अधिक किसान पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेते हैं। वहीं आसपास के भी जिलों से किसान आएंगे। विशेषज्ञों की मानें तो पूर्वी बिहार-कोसी- सीमांचल के 13 जिलों-भागलपुर, बांका, मुंगेर, लखीसराय, जमुई, सहरसा, सुपौल, मधेपुरा, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार और खगड़िया के सभी विधानसभा क्षेत्रों पर इस किसान सभा का असर पड़ेगा।



## बागेश्वर धाम भी करेगा बिहार में मदद




बिहार दौरे से पहले पीएम बाग्वेश्वर धाम पहुंचे ऐसे में बिहार चुनाव से पहले यहां जाना कहीं ना कहीं भगवा दौर का फायदा लेना हो सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को मध्य प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर हैं। वह छतरपुर पहुंच चुके हैं, जहां उन्होंने बागेश्वर धाम बालाजी मंदिर में पूजा-अर्चना की। पीएम मोदी ने यहां बनने जा रहे बालाजी सरकार कैंसर इंस्टिट्यूट का शिलान्यास किया और एक जनसभा को संबोधित किया।

## मोदी-नीतीश की वार्ता पर नजर

**दिल्ली की जीत के तुरंत बाद पीएम मोदी व सीएम नीतीश के बीच मुलाकात के कई बिंदु हो सकते हैं। बिहार चुनाव इनकी प्राथमिकता में होगा, अनुमानतः जो सवाल व हालात बिहार की राजनीत के हैं, वह इस मुलाकात के आधार तो बनने जा रहे हैं और मुलाकात के ये बिंदु हैं-**

1. वक्फ बोर्ड संशोधन बिल की दशा और दिशा पर हो सकती है चर्चा
2. जातीय जनगणना एक बड़ा मुद्दा हो सकता है
3. बिहार चुनाव और चुनावी चेहरा पर खुल कर होगी बात
4. बिहार चुनाव के लिए सीटों की हिस्सेदारी और दलों के हित को देखते सीटों को चिन्हित करने पर हुई बात
5. दावेदारी ठोक रहे साथी दलों के बारे में भी बात करेंगे और सार्वजनिक मंच पर बोलने से बचने के लिए भी बात हुई
6. उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार को साधने के लिए भी नए सिरे से बात हो सकती है। जदयू नेतृत्व ने उत्तर बिहार को लेकर पहले से ही काम करना शुरू कर दिया है।
7. बिहार के लिए चुनावी घोषणा से संदर्भ में भी बातचीत हो सकती है।

## मांझी बने पहेली, नाराजगी के बाद अब पीएम मोदी के प्रति समर्पण

जीतनराम मांझी की इमेज बेबाक राजनेता की है। वह बेबाकी से अपनी बात रखने के लिए जाने जाते हैं, लेकिन अब पहले नाराजगी और फिर अब पूर्ण समर्पण जताने के बाद यह चर्चा छिड़ गई है कि क्या यह मांझी के बेबाक बोल हैं या रणनीति? इसे चार पॉइंट में समझा जा सकता है।

### बिहार चुनाव से पहले बार्गेनिंग

पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी केंद्र में मंत्री हैं लेकिन उनका और उनकी पार्टी की पॉलिटिक्स बिहार केंद्रित ही रही है।

मांझी की पार्टी विधानसभा चुनाव में 40 सीटों के लिए दावेदारी कर रही है, लेकिन नीतीश कुमार की अगुवाई वाली जनता दल (यूनाइटेड) और बीजेपी जैसी बड़ी पार्टियों की मौजूदगी के कारण इतनी सीटें मिल पाना मुश्किल ही माना जा रहा है। ऐसे में मांझी के हालिया तेवरों को अधिक से अधिक सीटें पाने के लिए प्रेशर पॉलिटिक्स के तौर पर भी देखा जा रहा है।

### चिराग पासवान का बढ़ता प्रभाव

जीतनराम मांझी के तेवरों के पीछे एक वजह चिराग पासवान का गठबंधन में बढ़ता प्रभाव भी बताया जा रहा है। चिराग पासवान और जीतनराम मांझी, दोनों ही दलित पॉलिटिक्स का चेहरा हैं। बिहार की सियासत में जातीय फैक्टर भी भूमिका निभाते हैं व मांझी मुसहर जाति से आते हैं जो महादलित कैटेगरी में आती है व चिराग की पासवान जाति दलित वर्ग में।

### मांझी पर भारी एलजेपीआर

जीतनराम मांझी की पार्टी पर चिराग की एलजेपीआर भारी पड़ती रही है। पिछले साल हुए लोकसभा चुनाव की ही बात करें, तो मांझी की हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (लोकतांत्रिक) को चुनाव लड़ने के लिए केवल एक सीट मिली थी, सीट जहां से खुद जीतनराम मांझी सांसद हैं। वहीं, चिराग की पार्टी के हिस्से पांच सीटें आई थीं। इसके अलावा बिहार से सटे झारखंड में भी मांझी की पार्टी खाली हाथ रह गई थी, जबकि चिराग की पार्टी वहां भी गठबंधन के तहत चुनाव लड़ने के लिए एक सीट लेने में सफल रही थी। दिल्ली में भी चिराग की पार्टी एक सीट पर चुनाव लड़ रही है।

### मांझी की बेटे को स्थापित करने की चाह

जीतनराम मांझी की कोशिश अपने बेटे संतोष सुमन को बिहार की पॉलिटिक्स में स्थापित करने की है। इसमें सबसे बड़ी चुनौती दलित पॉलिटिक्स की पिच पर उनके लिए चिराग पासवान और उनकी पार्टी ही है।

यह भी एक वजह हो सकती है कि मांझी कई मौकों पर चिराग से उलट लाइन पर खड़े नजर आए हैं। कोटा के भीतर कोटा को लेकर आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले का भी मांझी ने स्वागत किया था, समर्थन किया था जबकि चिराग इसके विरोध में उतर आए थे।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर..
www.shahtimesnews.com

## प्रशांत किशोर भी दिखा रहे दम

चुनाव रणनीतिकार से राजनेता बने प्रशांत किशोर (पीके) ने ऐलान किया है कि जनसुराज बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी। पीके ने पटना के बापू भवन में महिला संवाद कार्यक्रम के दौरान यह ऐलान किया और साफ कहा कि उनकी पार्टी किसी भी दल के साथ गठबंधन नहीं करेगी। जनसुराज पद यात्रा के जरिए बिहार को मथने के बाद पीके 2 अक्टूबर को जनसुराज को राजनीतिक दल बनाने का आधिकारिक ऐलान करने वाले हैं। जनसुराज को राजनीतिक दल बनाने के ऐलान से पहले प्रशांत किशोर ने बिहार चुनाव को लेकर अपना प्लान साफ कर दिया है। ऐसे में अब बात इसे लेकर भी हो रही है कि सूबे की हर सीट पर उम्मीदवार उतारने जा रहे पीके का बिहार प्लान सत्ताधारी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और विपक्षी महागठबंधन में किसे और कहां-कहां चोट करेगा?



झाईयाँ व दाग-धब्बों के लिए अचूक उपाय
असर केवल 7 दिनों में
गोरेपन की क्रीम
Fair Snow™
Cream & Soap
For Men & Women
फेयर स्नो क्रीम व साबुन की विशेषताएँ
• चेहरे का सांवलापन • आँखों के काले घेरे
• काले रंग के निशान • झाँईयां या झुर्रियाँ
• चोट/जले का निशान • मुहाँसों के निशान
अधिक गोरापन पाने के लिए दिन में दो बार फेयर स्नो स्क्रब सोप व माश्चराईजर सोप से चेहरा वॉश करें व रात में क्रीम का प्रयोग करें।
Customer Care No. +91-9756686426

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

स्पेशल देशी दवाईयों द्वारा पक्का इलाज
भयंकर बवासीर भयानक से भयानक है, काफी इलाज करा चुके हैं परेशान है। फौरन सम्पर्क करें बवासीर जड़ से खत्म। डिश खिसक चुकी है दर्द व नसें सुन्न हो चुकी हैं। चलने फिरने में परेशानी है बिना ऑपरेशन अचूक इलाज। घुटनों का दर्द पम्प के जरिए नसों को खोल. कर पक्का इलाज लाइलाज गठिया 100% पक्का इलाज। पथरी रेत बनकर बाहर, गुप्त रोगों का जादुई इलाज, शुगर रोगी एक बार जरूर मिले, शरीर में कहीं भी गांठ पक्का इलाज, जिनके बच्चे नही होते 100 साल पुराना नुस्खा।
फोन न0- 9756686426